राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा





स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 28 मई 2026

वर्ष 07, अंक 232, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



ग्राम पंचायत पूरे चेतन में प्रशासन की चौपाल, अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं...02

अतिक्रमणकारियों के आगे झुका नगर निगम, नहीं बन पाया यूरिनल...11


# दिल्ली सरकार को झटका, प्रमुख डॉ वत्सला अग्रवाल के तबादले पर लगाई रोक

- CAT ने दिल्ली डीजीएचएस की प्रमुख डॉ वत्सला अग्रवाल के तबादले पर लगाई रोक
- केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने दिल्ली डीजीएचएस की प्रमुख डॉ वत्सला अग्रवाल के तबादले पर रोक लगा दी है।
- उन्हें सतर्कता जांच के बाद बिना किसी नई भूमिका के 'पोस्टिंग का इंतजार' श्रेणी में डाल दिया गया था।
- डॉ अग्रवाल ने इसे 'दंडात्मक' और 'मनमाना' बताया. कैट ने प्रथम दृष्टया मामला पाया और कहा कि तबादले का उपयोग सजा के तौर पर नहीं हो सकता।



केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने दिल्ली डीजीएचएस की प्रमुख डॉ वत्सला अग्रवाल के तबादले के आदेश पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है. डॉ वत्सला अग्रवाल ने दिल्ली सरकार के 21 मई 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) के पद से हटाकर, बिना कोई नई भूमिका सौंपे, 'पोस्टिंग का इंतजार' वाली श्रेणी में डाल दिया गया था।

न्यायाधिकरण ने पाया कि उन्होंने 'प्रथम दृष्टया मामला' बनाया है और कहा कि यदि मामले के लंबित रहने के दौरान यह आदेश जारी रहता है, तो उन्हें 'अपूरणीय क्षति' हो सकती है. कैट ने 29 मई 2026 को होने वाली अगली सुनवाई तक तबादले के आदेश के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी है। डॉ अग्रवाल ने आरोप लगाया कि यह तबादला 'दंडात्मक' और 'मनमाना' था, और इसका संबंध स्वास्थ्य विभाग में हाल ही में किए गए एक सतर्कता निरीक्षण से था।

**कैट ने डॉ वत्सला अग्रवाल के तबादले पर लगाई रोक**

याचिका के अनुसार, सतर्कता अधिकारियों ने 18-19 मई को दवाओं, सर्जिकल सामानों और चिकित्सा उपकरणों से संबंधित खरीद से जुड़ी फाइलें मांगी थीं. याचिका में दावा किया गया है कि डॉ अग्रवाल ने सतर्कता अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग किया, उपलब्ध रिकॉर्ड साझा किए और यहां तक कि मरीजों की देखभाल और खरीद के काम में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए 'डुप्लीकेट शैडो फाइलें' भी मांगीं।

उनके वकील ने तर्क दिया कि इस सहयोग के बावजूद, सतर्कता जांच के कुछ ही दिनों के भीतर उन्हें अचानक डीजीएचएस के पद से हटा दिया गया. याचिका में आगे कहा गया है कि 30 वर्षों से अधिक की सेवा के दौरान उनके खिलाफ कभी भी कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही, सतर्कता जांच या प्रतिकूल टिप्पणी शुरू नहीं की गई थी।

**कैट ने डीजीएचएस प्रमुख को 'इंतजार' सूची से हटाया**

आवेदन में यह भी तर्क दिया गया कि यह तबादला दिल्ली स्वास्थ्य सेवा की तबादला नीति का उल्लंघन था, क्योंकि उन्हें कोई ठोस पददिए बिना ही हटा दिया गया था।

एक और महत्वपूर्ण मुद्दा यह उठाया गया कि डॉ अग्रवाल 31 मई को होने वाले दिल्ली मेडिकल काउंसिल के चुनावों की देखरेख कर रही थीं, और चुनावों से ठीक पहले उन्हें अचानक हटाना 'बिना सोचे-समझे लिया गया फैसला' दर्शाता है. न्यायाधिकरण ने संज्ञान लिया कि दिल्ली सरकार ने इस मामले में विस्तृत निर्देश दाखिल करने के लिए और समय मांगा है। कैट ने सर्वोच्च न्यायालय की उन टिप्पणियों पर भरोसा किया, जिनमें कहा गया है कि तबादले का इस्तेमाल 'सजा के विकल्प के रूप में' नहीं किया जा सकता, और यह कि दुर्भावनापूर्ण तबादलों में न्यायिक हस्तक्षेप संभव है। इस मामले की सुनवाई अब 29 मई को फिर से होगी।

सजा के तौर पर तबादला नहीं: CAT

न्यायाधिकरण ने सर्वोच्च न्यायालय की नजीरों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि तबादले का उपयोग 'सजा के विकल्प के रूप में' नहीं किया जाना चाहिए। दुर्भावनापूर्ण तबादलों में न्यायिक हस्तक्षेप आवश्यक है। फिलहाल, दिल्ली सरकार ने इस मामले में विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अब सभी की निगाहें 29 मई को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जो यह तय करेगी कि क्या यह तबादला कानूनी रूप से मान्य था या नहीं।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की आम सभा में बड़ा फैसला

- कई अधिवक्ताओं की सदस्यता समाप्त करने का प्रस्ताव पारित

दया शंकर त्रिपाठी





**ब्यूरो प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद की आम सभा दिनांक 27 मई 2026 को अपराह्न 01:10 बजे लाइब्रेरी हाल में गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुई। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अध्यक्ष राकेश पाण्डे ने की, जबकि संचालन महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया। अधिवक्ताओं की व्यापक सहभागिता एवं संगठनात्मक एकजुटता के मध्य कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किए गए। सभा में सर्वप्रथम हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नियमावली में आवश्यक संशोधन हेतु आम सभा की तिथि 06 जुलाई 2026 निर्धारित किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अतिरिक्त बार एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा दिनांक 10 जुलाई 2026 को आयोजित किए जाने का निर्णय भी ध्वनिमत से स्वीकृत किया गया।

आम सभा में संगठन की गरिमा, अनुशासन एवं अधिवक्ता हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऋतेश श्रीवास्तव एवं उनके सहयोगियों के0के0 यादव, दीपक शुक्ला, विवेक कुमार पाल तथा अनुज कुमार सेन को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की सदस्यता से निष्कासित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही उनका नाम अधिवक्ता रोल एवं चैम्बर आवंटन सूची से हटाने का निर्णय लिया गया। सभा ने अध्यक्ष एवं महासचिव को यह अधिकार भी प्रदान किया कि उनके अन्य सहयोगियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध भी नियमानुसार उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उक्त आम सभा में उपाध्यक्षगण सर्वश्री अमित कुमार सिंह (सोनू), राज कुमार त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्र एवं दिनेश वरण सहित संयुक्त सचिव प्रशासन बैरिस्टर सिंह, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी शशि कुमार द्विवेदी , संयुक्त सचिव प्रेस श्री रामेश्वर दत्त पाण्डेय (आर0डी0), संयुक्त सचिव महिला बिन्दु कुमारी, कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार मिश्र सहित कार्यकारिणी एवं पूर्व पदाधिकारीगण तथा भारी संख्या में अधिवक्ता सदस्य उपस्थित रहे। सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं ने संगठन की एकता, गरिमा एवं लोकतांत्रिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

उपरोक्त समस्त जानकारी संयुक्त सचिव प्रेस रामेश्वर दत्त पाण्डेय (आर0डी0) द्वारा उपलब्ध कराई गई। लेकिन सदस्यता रद्द किए गए अधिवक्ताओं के ऊपर क्या आरोप है और किस कारण से सदस्यता रद्द की गई है यह प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेख नहीं किया गया है।इस संबंध में जब प्रेस सचिव को फोन लगाकर जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एक्सप्रेस में चढ़ते समय यात्री का पैर फिसला, आगरा कैंट पर जीआरपी सिपाही ने बचाई जान



**आगरा।** कैंट रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की रात साबरमती एक्सप्रेस में चढ़ते समय यात्री का पैर फिसल गया। प्लेटफार्म पर मौजूद यात्री ने अपनी जान जोखिम में डाल यात्री को मौत के मुंह से खींच लिया। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरें में पूरी घटना आ गई। बुधवार को आरक्षी द्वारा यात्री को बचाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना मंगलवार रात 11:45 बजे की है। कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर कैंट जीआरपी थाने में तैनात आरक्षी प्रेम शंकर भारद्वाज की ड्यूटी थी। इसी दौरान प्लेटफार्म पर पहुंची साबरमती एक्सप्रेस में चढ़ते समय एक यात्री का पैर फिसल गया। वह ट्रेन के नीचे चला गया। प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। साबरमती एक्सप्रेस के गेट पर खड़े होकर ट्रेन के रुकने की प्रतीक्षा करते यात्री यह दृश्य देख सहम गए। इधर, आरक्षी प्रेम शंकर ने यात्री को ट्रेन के नीचे जाता देख दौड़ लगा दी। अपनी जान को जोखिम में डालकर आरक्षी ने यात्री को ट्रेन के नीचे से खींच लिया। मौत के मुंह से बचाया गया यात्री काफी देर तक बदहवास हालत में रहा। आरक्षी और यात्रियों ने उससे बातचीत करके सामान्य किया। आरक्षी द्वारा यात्री को मौत के मुंह खींचकर बाहर लाने का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया में प्रसारित हो गया।

### बकरीद पर सतर्कता, आगरा जोन के एडीजी ने किया अलीगढ़ का दौरा

**अलीगढ़।** बकरीद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को नवागत अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) आगरा जोन एसके भगत ने नगर क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ पैदल गश्त कर संवेदनशील क्षेत्रों और बाजारों का निरीक्षण किया। एडीजी ने अपने प्रथम अलीगढ़ दौरे के दौरान थाना देहलीगेट क्षेत्र स्थित शाहजमाल ईदगाह पहुंचकर स्थानीय नागरिकों और संभ्रांत लोगों से संवाद किया। उन्होंने लोगों से त्योहार को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

# इस्कॉन ब्रिज हादसाः तथ्य पटेल को सुप्रीम कोर्ट से मिली नियमित जमानत, भयावह दुर्घटना में गई थी 9 की जान

» अहमदाबाद के इस्कॉन ब्रिज हादसे के आरोपी तथ्य पटेल को सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत मिल गई है. इस भयावह दुर्घटना में 9 लोगों की जान गई थी. लगभग साढ़े तीन साल जेल में बिताने के बाद तथ्य पटेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अहमदाबाद में जुलाई 2023 में इस्कॉन पुल हादसा हुआ था. इसमें 9 लोगों की मौत हो गई थी. इस केस में आरोपी तथ्य पटेल को अब सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत मिल गई है. इस फैसले के साथ तथ्य पटेल हादसे के बाद करीब साढ़े तीन साल जेल में बिताने के बाद जमानत पर रिहा हो जाएंगे. इससे पहले फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए निचली अदालत को मई तक करीब 25 गवाहों से पूछताछ करने का निर्देश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद यह मामला एक बार फिर पूरे गुजरात में चर्चा का विषय बन गया है. इस्कॉन ब्रिज पर हुआ यह भयावह हादसा राज्य के सबसे चर्चित सड़क हादसों में से एक माना जाता है. हादसे के बाद घटनास्थल का मंजर देखकर लोग आक्रोशित और दुखी थे. सोशल मीडिया पर भी इस घटना को लेकर काफी चर्चा हुई थी. साथ ही सख्त कार्रवाई की मांग उठी थी।

**शर्तों के साथ सुप्रीम कोर्ट से मिली नियमित जमानत**

इसके बाद पुलिस ने इस केस में आरोपी तथ्य पटेल के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था. उधर, केस के दौरान तथ्य पटेल ने विभिन्न अदालतों में जमानत याचिकाएं दायर की थीं लेकिन मामले की गंभीरता और दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि को देखते हुए उन्हें राहत नहीं मिली. अब सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ नियमित जमानत दे दी है. हालांकि जमानत मिलने के बाद भी आरोपी को अदालत द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन करना होगा।

**अभी भी कई महत्वपूर्ण गवाहों से पूछताछ बाकी**

इस मामले की सुनवाई वर्तमान में जारी है. निचली अदालत में गवाहों से पूछताछ, बयान दर्ज करना और सबूत पेश करना चल रहा है. पता चला है कि इस मामले में अभी भी कई महत्वपूर्ण गवाहों से पूछताछ बाकी है. अदालत में पेश किए गए सबूतों और गवाहों के बयानों के आधार पर आने वाले समय में यह मामला एक महत्वपूर्ण मोड़ ले सकता है. उधर, इस्कॉन ब्रिज दुर्घटना मामले को लेकर लोगों में अभी भी काफी भावनाएं उमड़ रही हैं. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब सबकी निगाहें निचली अदालत की कार्यवाही और अंतिम फैसले पर टिकी हैं।

### आगरा में बनेगा हाईटेक बस स्टैंड, 138 करोड़ रुपए खर्च करेगी सरकार

**आगरा।** शहर के एक और बस अड्डा का कायाकल्प होने जा रहा है। फाउंड्रीनगर (टेढ़ी बगिया की कर्मशाला) में 138 करोड़ रुपये से नया बस अड्डा बनेगा। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) से बन रहे बस अड्डा की टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वहीं जरदोजी को जल्द ही एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल किया जाएगा। इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है। डीएम मनीष बंसल ने बुधवार को जिला उद्योग बंधु के प्रगति की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज बीपी अग्रवाल ने बताया कि 50 लाख रुपये से फाउंड्रीनगर के सेटेलाइट बस अड्डा का कार्य पूरा हो गया है। जल्द ही परिवहन मंत्री द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। डीएम ने जरदोजी को ओडीओपी का हिस्सा बनोन पर जोर दिया। डीएम ने कहा कि जरदोजी में कितने कारीगर लगे हैं। कितनी इकाइयां हैं। इन सभी को शामिल करते हुए उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव तैयार किया जाए। डीएम ने सीएम युवा उद्यमी योजना में एक हजार लक्ष्य की जानकारी दी। डीएम ने सड़कों की मरम्मत और नालों की सफाई पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई की जांच ठीक तरीके से होनी चाहिए। एडीएम वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार, एडीएम न्यायिक धीरेंद्र सिंह, अपर नगरायुक्त शिशिर कुमार, उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# आबादी के बीच में शराब की दुकान के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा;** भीटी रावत स्थित देशी शराब की दुकान आबादी में स्थित होने पर बुधवार को दर्जनों की संख्या में आक्रोशित महिलाओं ने प्रदर्शन किया और शराब की दुकान आबादी के बीच से हटाने की मांग किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सनातन धर्म उत्थान संगठन के संयोजक विनोद अग्रहरी ने कहा कि आबादी के बीच में शराब की दुकान होने से गांव की महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार होता है। रास्ते से गुजर रही महिलाओं के साथ नशेड़ी अभद्र टिप्पणी करते रहते है। इसके अलावा शराबी घरों के सामने नशे की हालत में लघुशंका करते है। जिससे पास पड़ोस की महिलाओं तथा बालिकाओं को घर से बाहर निकलना मुश्किल होता है। शराब की दुकान से कुछ कदम दूर मंदिर है। जहां लोग सुबह शाम पूजा अर्चना करने जाते है। जिन्हें शराबियों का दंश झेलना पड़ रहा है। शराब की दुकान के रास्ते स्कूली बच्चियां भी गुजरती है। जिन्हें शराबियों द्वारा अभद्रता की जाती है। कई बार प्रशासन से दुकान हटाने के लिए शिकायत किया गया। लेकिन अभी तक कोई कारवाई नहीं किया गया। वहीं शराब की दुकान हटाने के लिए 82 ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान में सहयोग किया और चेतावनी दिया गया कि प्रशासन एक सप्ताह के अंदर कोई कारवाई नहीं करता है तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होगे। प्रदर्शन करने वालो में मंजू, संजीता, मैना देवी, सुहाली देवी, रहसी देवी, चंद्रभावती, दुर्गेश गुप्ता, संजय कुमार श्याम नारायण यादव, पवन कुमार, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# सपा का बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर पर प्रदर्शन

- पूर्व विधायक अनूप संडा ने विभाग को 10 दिन की चेतावनी दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सुल्तानपुर-** जिले में अघोषित बिजली कटौती, जर्जर तारों और स्मार्ट मीटर की समस्याओं के विरोध में समाजवादी पार्टी ने प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक और सपा प्रवक्ता अनूप संडा के नेतृत्व में बुधवार को डाक खाना उपकेंद्र पर सपा कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। मीडिया से बात करते हुए अनूप संडा ने बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि 48 घंटे पहले सूचना देने के बावजूद अधीक्षण अभियंता मौके पर मौजूद होकर भी सैकड़ों महिलाओं की शिकायतें सुनने और ज्ञापन लेने के लिए आगे नहीं आए। संडा ने इसे विभाग की संवेदनहीनता बताया।

अनूप संडा ने बिजली विभाग को इन समस्याओं के समाधान के लिए 10 दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने विभाग के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखीं। इनमें जिले में बिना पूर्व सूचना के हो रही घंटों की बिजली कटौती को तत्काल बंद करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जर्जर तारों और केबलों को बदलने की मांग की, जिनके कारण रखरखाव के अभाव में बार-बार फॉल्ट होते हैं। तीसरी मांग में कम क्षमता वाले और ओवरलोडेड ट्रांसफार्मरों को हटाकर पर्याप्त क्षमता के नए ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही गई है।

स्मार्ट मीटर और प्रीपेड व्यवस्था के कारण अचानक बिजली कटने के मुद्दे पर संडा ने कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के प्रीपेड मीटर लगाए गए थे। इससे बैलेंस खत्म होते ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गुल हो जाती थी। हालांकि, अधीक्षण अभियंता ने आश्वासन दिया है कि इन मीटरों को पोस्टपेड में बदला जा रहा है और जून महीने से बिल पोस्टपेड व्यवस्था के अनुसार ही आएंगे। सपा नेता ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 10 दिनों के भीतर बिजली आपूर्ति और व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो समाजवादी पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। इस अवसर पर मोहम्मद रिजवान उर्फ पप्पू, सलाउद्दीन, तेजींदर सिंह बग्गा, पल्लव खेतान, ज्ञान यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा, फर्म पर पांच लाख का जुर्माना

**देवरिया।** अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फर्म पर पांच लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर खनन विभाग द्वारा की गई जांच में बिना अनुमति मिट्टी खनन किए जाने की पुष्टि हुई है। मामले में संबंधित फर्म की अनुज्ञा निरस्त करने की कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई है। खनन निरीक्षक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया गया। जांच में देवरिया बाईपास प्राइवेट लिमिटेड फर्म द्वारा अवैध मिट्टी खनन किए जाने का मामला सामने आया। फर्म को पहले नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन संतोषजनक जवाब और साक्ष्य नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान बनकटा और खुखुंदू थाना क्षेत्र में अवैध खनन में प्रयुक्त एक-एक जेसीबी मशीन भी पकड़ी गई। दोनों मशीनों को संबंधित थानों में सुपुर्द कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनपद में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी और सघन अभियान चलाकर ऐसे मामलों पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

### अलीगढ़ में जनगणना ड्यूटी से लौटे शिक्षक की मौत

**अलीगढ़।** जमुना खंड इंटर कालेज के प्रवक्ता की मंगलवार की रात अचानक तबियत बिगड़ने के बाद मृत्यु हो गई। वह जनगणना कार्य में ड्यूटी करके लौटे थे। भोजन के बाद अचानक उन्हें हिचकियां आई और फिर चल बसे। स्वजन उन्हें जेएन मेडिकल कालेज लेकर पहुंचें, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। स्वजन के अनुसार, गर्मी में ड्यूटी करके लौटने तो काफी घबराए हुए थे। खैर बाइपास रोड स्थित नवीन नगर कालोनी निवासी मुकेश कुमार पिप्पल जमुना खंड इंटर कालेज में प्रवक्ता पद पर तैनात थे। पूर्व में एनसीसी अधिकारी भी रहे। जनगणना कार्य में बतौर सुपरवाइजर ड्यूटी लगी थी। उनका कार्यक्षेत्र मालव, तहसील खैर, एचएलबी नंबर 49 निर्धारित था, जहां उन्होंने मंगलवार को दिनभर पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किया।










## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई क्षमता बढ़ाने हेतु नलकूप पुनर्निर्माण कार्य प्रगति पर




**सिंचाई व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती, जनपद में 06 असफल नलकूपों का पुनःछिद्रण कार्य पूर्ण**

**बलरामपुर** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने एवं कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से असफल नलकूपों के पुनर्निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में असफल नलकूपों के पुनर्निर्माण परियोजना के अंतर्गत जनपद हेतु चयनित 08 असफल नलकूपों में से 06 नलकूपों का छिद्रण कार्य कार्यदायी संस्था अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, अयोध्या द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। इनमें से 03 नलकूपों का हस्तांतरण भी किया जा चुका है, जिसके उपरांत अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, बलरामपुर द्वारा पम्पहाउस निर्माण एवं अन्य आवश्यक सिविल कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। कार्य पूर्ण होने के बाद किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा कृषि क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा।शेष 02 असफल नलकूपों के छिद्रण की कार्यवाही आगामी वित्तीय वर्ष में कराई जाएगी। जनपद में नलकूपों के पुनर्जीवन से ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई क्षमता मजबूत होगी और किसानों को खेती के लिए अधिक सुविधा प्राप्त होगी।

### समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव अपर्णा जैन बंसल ने सपा कार्यालय को वातानुकूलित मशीन भेंट की



**कानपुर।** कानपुर महानगर समाजवादी पार्टी कार्यालय में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अपर्णा जैन बंसल ने महानगर कार्यालय को वातानुकूलित मशीन भेंट कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की सुविधा और संगठनात्मक गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से यह सहयोग प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के जिला अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,राष्ट्रीय प्रवक्ता डा.नीतेंद्र यादव,विनय गुप्ता,शबाब अबरार,रजत मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हाजी फ़ज़ल महमूद ने अपर्णा जैन बंसल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह सहयोग कार्यालय में आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा तथा बैठकों और जनसमस्याओं के समाधान संबंधी कार्यों को बेहतर वातावरण प्राप्त होगा। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपर्णा जैन बंसल का जोरदार स्वागत किया और उनके इस योगदान को संगठन के प्रति समर्पण तथा सेवा भावना का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाजवादी पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### त्यागमूर्ति थीं माता रमाबाई आंबेडकर : चंद्रभूषण

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी जनसंपर्क कार्यालय डुमरी में आयोजित रमाबाई के पुण्यतिथि पर सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने उन्हें याद करते हुए कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति थीं। बाबा साहब डॉ.भीमराव को विश्व का महानतम विद्वान बनाने में माता रमाबाई का अतुलनीय योगदान रहा, जिसका उदाहरण भारतीय इतिहास में दुर्लभ है। विवाहोपरांत माता रमाबाई ने अनेक कठिनाइयों और अभावों का सामना किया, लेकिन बाबा साहब को दलित समाज के उत्थान के कार्यों के लिए सदैव प्रेरित करती रहीं। परिवार की सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन स्वयं करते हुए उन्होंने बाबा साहब को समाज सेवा के लिए पूर्ण स्वतंत्रता दी। उन्होंने कहा कि संतान वियोग और असमय मृत्यु जैसी पीड़ाओं को सहने वाली माता रमाबाई ने देश को डॉ. आंबेडकर जैसा क्रांतिदूत प्रदान किया। उन्होंने उन्हें महानतम बहुजन देवी बताते हुए श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में सुरेश नारायण सिंह, गोविंद यादव, व्यास यादव, श्यामराज कन्नौजिया, शंकर गोंड, बलभद्र गोंड, नारायण प्रसाद, परमहंस यादव, अभिषेक , संतोष मद्धेशिया सहित अन्य लोगों ने माता रमाबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# ग्राम पंचायत पूरे चेतन में प्रशासन की चौपाल, अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

● शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान तेज, मौके पर निस्तारण के दिए गए निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर तुलसीपुर,** बलरामपुर। शासन की मंशा के अनुरूप गांव-गांव तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से विकासखंड तुलसीपुर की ग्राम पंचायत पूरे छीतन में विशाल जनचौपाल का आयोजन ग्राम विकास अधिकारी मीनाक्षी राव के नेतृत्व मे चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का आयोजन जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन एवं खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार आर्य के अगुवाई में संपन्न हुआ। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी मीनाक्षी राव, पंचायत विभाग से मानिक राम मोर्या, समाज कल्याण विभाग से राहुल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत पूरे छीतन में आयोजित इस चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, बुजुर्ग, किसान एवं युवा शामिल हुए। ग्राम विकास अधिकारी मीनाक्षी राव द्वारा ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, आवास, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा भुगतान, शौचालय, विद्युत समस्या एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिस पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। चौपाल के दौरान मीनाक्षी राव द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार आर्य ने कहा कि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि गांव स्तर पर पहुंचकर आमजन की समस्याओं को सुना जाए तथा उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि पात्र व्यक्ति किसी भी सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी योजना से संबंधित समस्या होने पर सीधे संबंधित विभाग या ग्राम पंचायत स्तर पर संपर्क करें, जिससे समस्याओं का पारदर्शी एवं शीघ्र समाधान कराया जा सके।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों एवं अधिकारियों के बीच संवाद का सकारात्मक माहौल देखने को मिला। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा गांव में पहुंचकर चौपाल आयोजित करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे आमजन को अपनी बात सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है तथा योजनाओं की सही जानकारी भी प्राप्त हो रही है। ग्राम पंचायत पूरे छीतन में आयोजित यह चौपाल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही और ग्रामीणों ने इसे जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में एक प्रभावी पहल बताया।

## बिना परमिट कट रहा था सागवान, वन विभाग व एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत लकड़ी बरामद



**बलरामपुर।** जनपद के बनकटवा रेंज अंतर्गत बेलवा दममार गांव के पास अवैध रूप से सागवान की कटान का मामला सामने आया है। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग एवं सशस्त्र सीमा बल (SSB) की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। संयुक्त टीम ने मौके से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, लगभग 35 बोटा अवैध सागवान लकड़ी तथा एक अभियुक्त को पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद बरामद लकड़ी, ट्रैक्टर-ट्रॉली और आरोपी को बनकटवा रेंज कार्यालय लाया गया। वन क्षेत्राधिकारी शत्रुघ्न लाल ने बताया कि बिना परमिट सागवान की कटान और परिवहन किए जाने के मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग मामले की जांच कर रहा है तथा अवैध कटान में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही।

## नशे में ड्राइविंग करने तथा हेलमेट व सीट बेल्ट ना लगाने वालों के खिलाफ पुलिस चलायेगी विशेष अभियान

» सड़क हादसों पर अब चलेगा सत एशन, डीएम ने अधिकारियों को दिया अलर्ट




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने को लेकर बड़ा मंथन हुआ। जिलाधिकारी की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में अधिकारियों को साफ संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में डीएम ने दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा उपाय तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा ई-रिक्शा चलाने पर सख्त रोक लगाने के लिए अभियान चलाने को कहा गया। राष्ट्रीय राजमार्गों पर हादसों के दौरान गैस कटर, एंबुलेंस और क्रेन जैसी सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने साफ कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। अवैध कट और टूटी रेलिंग को भी तत्काल दुरुस्त कराने का आदेश दिया गया।

बैठक में हेलमेट और सीट बेल्ट न लगाने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, ओवरस्पीड और तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का फैसला लिया गया। अवैध खनन पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने कहा कि अधिकांश सड़क हादसे लापरवाही की वजह से होते हैं। उन्होंने रात में बिना लाइट जलाकर चलने वाले ई-रिक्शा चालकों पर अभियान चलाने और सख्त कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में यह भी सामने आया कि बड़ेवन क्षेत्र में लगाए गए ट्रैफिक बैरियर से दुर्घटनाओं में कमी आई है। वहीं अस्पताल चौराहे पर रास्ते में बाधा बने विद्युत पोल को हटाने के निर्देश भी दिए गए।

## बस्ती में दर्दनाक सड़क हादसा, दो युवकों की मौत, एक गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के मुण्डेरवा थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बस्ती-कांटे मार्ग पर ग्राम बनकसही के पास हुआ, जहां सड़क किनारे गिरी पेड़ की टहनी दुर्घटना की वजह बन गई। पुलिस के अनुसार दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती निवासी 22 वर्षीय अंगद पुत्र सूरज गुप्ता और 21 वर्षीय आदित्य निषाद पुत्र प्रदीप निषाद मोटरसाइकिल से बस्ती से गोरखपुर मछली लेने जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम बनकसही के पास सड़क किनारे गिरी पेड़ की टहनी से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

इसी बीच सल्तौवा गोपालपुर थाना सोनहा निवासी 22 वर्षीय सूरज पुत्र रूपेश कुमार अपने साथियों के साथ बारात से लौट रहा था। सड़क पर घायल पड़े युवकों को देखकर वह मदद के लिए रुक गया। तभी बस्ती से गोरखपुर की ओर जा रही एक अज्ञात बस ने उसे कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि सूरज की मौके पर ही मौत हो गई।मामले में क्षेत्राधिकार रुधौली कुलदीप यादव ने बताया कि रात लगभग 2:00 बजे बाइक से आ रही युवक की बाइक सड़क पर गिरी हुई टहनी से बाइक टकरा गई और बाइक गिर गई और दोनों चोटिल हो गए। बारात से वापस लौट रहे युवक द्वारा उन लोगों की सहायता की जाने लगी तभी गोरखपुर से आ रही तेज रफ्तार बस ने रूपेश को कुचल दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल अंगद और आदित्य को जिला




अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने रूपेश को मृत घोषित कर दिया साथ ही इलाज के दौरानअंगद की भी मृत्यु हो गई। वहीं आदित्य का इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही अज्ञात बस की तलाश और मामले की अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा करना पड़ा भारी, युवती समेत टावर कर्मी पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के वाल्टरगंज कस्बे में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवती अचानक वोडाफोन के मोबाइल टावर पर चढ़ गई और घंटों तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। मौके पर जुटी भीड़ तमाशा देखती रही, जबकि पुलिस और प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना वाल्टरगंज पुलिस ने युवती के खिलाफ पब्लिक न्यूसेन्स फैलाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इतना ही नहीं, टावर की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरतने और मौके पर कर्मचारी की गैरमौजूदगी को लेकर वोडाफोन टावर कर्मी को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है।

पुलिस के मुताबिक थाना वाल्टरगंज में मु0अ0सं0-116/2026 धारा 270 और 289 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।यहां बताते चलें कि 26 मई 2026 को गौर थाना क्षेत्र के रहने वाली एक युवती द्वारा वॉल्टर



गंज थाना क्षेत्र के कस्बे में एक मोबाइल टावर पर चढ़ गई 7 युवती ने आरोप लगाया कि उसकी कथित प्रेमी जो शादी का झांसा देकर उसके साथ प्रेम परवान चढ़ाता रहा अब शादी से इनकार कर रहा है 7 पुलिस ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि मानसिक तनाव, पारिवारिक विवाद या किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लोग कानून हाथ में लेने की बजाय नजदीकी थाने या डायल-112 से मदद लें। मोबाइल टावर, बिजली के खंभे, पानी की टंकी या अन्य ऊंचे स्थानों पर चढ़कर मांग मनवाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हीट वेव से बचाव हेतु धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर विशेष इंतजाम के निर्देश



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने हीट वेव के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जनपद के सभी प्रमुख धार्मिक, पर्यटन एवं सार्वजनिक स्थलों पर श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं आमजन की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर छायादार व्यवस्था, मैट, शुद्ध पेयजल, वाटर कूलर एवं वाटर एटीएम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही हीट वेव से बचाव को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने, हेल्पलाइन नंबर 1070 व आपातकालीन सेवा 108 की जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। डीएम ने बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा प्रमुख स्थलों पर प्राथमिक उपचार व हीट स्ट्रोक से संबंधित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

## डिंगरापुर जनकल्याण समिति ने किया अखण्ड रामायण पाठ व भंडारे का आयोजन

● मेधावियों और समाज सेवियों का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार के अवसर पर डिंगरापुर जनकल्याण समिति की ओर से अखण्ड रामायण पाठ एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। धार्मिक एवं सामाजिक माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में गांव और क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा गांव के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को 'माटी के लाल' उपाधि देकर सम्मानित किया गया। समिति ने कुल 10 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं 7 विशिष्ट व्यक्तियों को शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

सम्मानित होने वालों में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भीमसेन सिंह, शिक्षा जगत एवं समाज सेवा में योगदान के लिए आर डी सिंह, प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी चंद्रभान सिंह,



न्यायिक सेवा में कार्यरत रणविजय सिंह, लोक सेवा आयोग में सेवा दे रहे धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रगतिशील किसान वीर सिंह तथा समाजसेवी अनिल भारती शामिल रहे।

वहीं हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं में चांदन, रीमा, शुभम, विकास, मानस एवं ऋतिक को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक रमप्रकाश सिंह, अध्यक्ष राजबक्स सिंह, उपाध्यक्ष के के सिंह, सचिव प्रेम प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह, सदस्य राहुल सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**भदोही।** गोपीगंज पुलिस ने अवैध शस्त्र के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में चौकी प्रभारी शशांक बाजपेई की टीम ने वन विभाग कार्यालय के पास गोरी मोड़ पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजन कुमार निवासी बलनपुर थाना गोपीगंज के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया।

## अपनों के बीच अपने घर अमेठी पहुंची पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी

● स्मृति इरानी ने प्रशिक्षण महाअभियान के समापन सत्र में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

● शोकाकुल परिवारों से मिल व्यक्त की शोक संवेदना, हर संभव मदद का दिलाया भरोसा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** अमेठी की पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार स्मृति इरानी अपनों के बीच अपने घर अमेठी पहुंची।भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने अपने एक दिवसीय अमेठी प्रवास के दौरान मुसाफिरखाना में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के समापन सत्र में सहभाग कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने संगठन की विचारधारा, राष्ट्रसेवा, अंत्योदय एवं कार्यकर्ता समर्पण की भावना को भारतीय जनता पार्टी की मूल शक्ति बताते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए सेवा, समर्पण एवं संस्कार के पथ पर निरंतर अग्रसर है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत आज भी संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।कार्यक्रम उपरांत पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से भेंट कर अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसी क्रम में तिलोई विधानसभा अंतर्गत पूरे ठकुराइन, ब्लॉक सिंहपुर में बृजेश तिवारी के आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की तथा दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश तिवारी भी उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त मिश्रौली में राकेश शुक्ला एवं मेदन मवई ग्राम में संतोष ओझा, शाहगढ़ में पवन पासी के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर वातावरण अत्यंत भावुक एवं मार्मिक रहा। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में भारतीय जनता पार्टी परिवार सदैव उनके साथ खड़ा है।अपने प्रवास के अंतिम चरण में गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्षों,जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक बैठक की। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं बूथ सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के नेतृत्व, संगठननिष्ठा एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय व्यवहार की सराहना की। स्मृति इरानी के एक दिवसीय दौरे से अमेठी का राजनीतिक पारा और गर्म हो गया, विरोधी दलों में खलबली मच गई, क्योंकि स्मृति इरानी का अमेठी से पारिवारिक रिश्ता है, अमेठी में उनका अपना घर है और अमेठी की मतदाता भी है, ऐसे में जब-जब स्मृति इरानी अमेठी आती है विरोधी दलों में खलबली मच जाती है क्योंकि अमेठी की जनता से स्मृति इरानी का सीधा जुड़ाव और लगाव है उन्होंने अमेठी को विकास की मुख्य धारा से जुड़ने का काम किया है,तथा अमेठी में संगठन की मजबूती के लिए विशेष कार्य किए हैं। प्रशिक्षण अभियान समापन के दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री एवं अमेठी प्रभारी शंकर गिरी, जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला महामंत्री बिशुभ मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष दया शंकर यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, पूर्व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता रोहित पासी, जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रभात शुक्ला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री आशा बाजपेई, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रज्ञा बाजपेई, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हरि नाम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह युवा मोर्चा जिला मंत्री सोनू सिंह , सहित जनपद के भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सीएमओ के औचक निरीक्षण में 15 कर्मचारी व चिकित्सक अनुपस्थित, वेतन रोकने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर,** जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में आठ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी – सौरव कुमार सिंह, गीता पांडे, माधुरी मिश्रा, नीलम पांडे, अनूप तिवारी, विक्रम वर्मा, सूर्य प्रकाश जायसवाल एवं अटल श्रीवास्तव अनुपस्थित पाए गए। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ सहायक कोमल प्रसाद, फार्मासिस्ट राजेंद्र यादव, स्टाफ नर्स बदमा देवी एवं साक्षी मिश्रा भी ड्यूटी से अनुपस्थित मिले।

वहीं चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. बरनवाल, डॉ. सौरभ गुप्ता, डॉ. बी.के. त्रिपाठी, डॉ. तेजवीर सिंह एवं डॉ. अनिल कुमार सिंह भी अनुपस्थित पाए गए। इस पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों एवं चिकित्सकों का वेतन रोकने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजकुमार को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने वार्डों, दवा वितरण कक्ष तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस में ड्यूटी करने के निर्देश दिए तथा चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को मरीजों के साथ बेहतर



व्यवहार बनाए रखने को कहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को बाहर से दवा या जांच लिखने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। साथ ही अस्पताल परिसर एवं चिकित्सालय भवन में दलालों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

## गांजा तस्करी गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**भदोही।** जनपद में अवैध गांजा तस्करी में संलिप्त गिरोह के खिलाफ गोपीगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंग लीडर समेत दो आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार गैंग लीडर सोनपाल उर्फ सोनू निवासी एटा तथा उसके सक्रिय सदस्य खालिक निवासी बरेली संगठित गिरोह बनाकर अंतरजनपदीय स्तर पर अवैध गांजा तस्करी का कारोबार करते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपित आर्थिक लाभ के लिए एनडीपीएस एक्ट के गंभीर अपराधों में संलिप्त थे तथा उनके भय के कारण लोग शिकायत या गवाही देने से डरते थे। दोनों के खिलाफ पूर्व में थाना गोपीगंज में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। मामले में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद अब गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत भी कार्रवाई की गई है।

## जुबेर से अजय बनकर धोखे से बनाया युवती को अपने हवस का शिकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना सोनहा अंतर्गत एक गांव की रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है कि आरोपी अपने धर्म की पहचान छुपा कर प्यार करने का नाटक किया शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया स्थानीय थाना ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पिडता ने प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि जुबेर अहमद पुत्र तौहिद अहमद निवासी ग्राम मसकनवा थाना स्वामीनारायण छपिया जनपद गोंडा का रहने वाला है जो पहले से शादीशुदा है और तीन बच्चों का बाप है और उसने अपना नाम अजय हिंदू बनकर फोन पर शादी करने कि बात कहने लगा 2024 में उत्तराखंड हरिद्वार में शादी का झांसा देकर ले गया और शारीरिक संबंध बनाया। पीडीत युवती बीए की पढ़ाई करने के बाद हरिद्वार उत्तराखंड में किसी प्राइवेट कंपनी में जॉब करती थी पिता बनारस में धागा कंपनी में मजदूरी करते हैं आरोपी जुबेर से काम के सिलसिले में मुलाकात हुई थी मुलाकात के दौरान पीड़िता के पिता द्वारा अपने घर का मोबाइल नंबर आरोपी जुबेर को दे दिया था दिए गए मोबाइल नंबर पर पीड़िता से जुबेर बातचीत करने लगा बातचीत के दौरान अपना नाम अजय बताया और शादी की बात करने लगा जब पीड़िता को इस बात की जानकारी



हुई कि आरोपी अजय नहीं बल्कि जुबेर है और पहले से शादीशुदा है तीन बच्चों का बाप है ऐसे में पीड़िता ने स्थानीय थाना पर मुकदमा पंजीकृत कराया आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस ने 24 घंटे में कर लिया अब न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बसपा की समीक्षा बैठक के बाद चुनावी सक्रियता बढ़ाने में जुटी टीम आशीष कश्यप



**कानपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी अपने विरोधी दलों को बहुत बड़ी टक्कर देने की तैयारी में जुटी हुई है। कानपुर मंडल की समीक्षा बैठक में भी इसी कथन की पुष्टि होती दिखाई पड़ी। इस समीक्षा बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने बूथ गठन, संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर चर्चा की। बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं के पार्टी में शामिल होने से बसपा ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। अगर बहुजन समाज पार्टी में युवाओं की भूमिका की बात करें तो उसकी मजबूती में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका आशीष कश्यप जैसे तेजतर्रार और व्यवहार कुशल युवा नेताओं की नजर आ रही है। खास बात यह भी कि हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले और अपनी व्यवहार कुशलता के बल पर हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के मतदाताओं में चुनाव जीतने की हद तक मजबूत पकड़ रखने वाले युवा नेताओं में सुमार आशीष कश्यप बसपा के प्रति समर्पित तो शुरू से ही हैं। उसके लिए काम भी जमकर करते रहे हैं। लेकिन उन्होंने सदस्यता पार्टी प्रमुख बहन मायावती का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद ही ली है। वह समाजवादी पार्टी और भीम आर्मी के लगभग 200 कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक के दौरान बसपा में शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी एवं मुख्य मंडल. प्रभारी डा. विजय प्रताप ने कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर मजबूत टीम तैयार करने का आह्वान किया। मुख्य मंडल प्रभारी सूरज सिंह जाटव ने भी पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी संजय गौतम, अनिल पाल, बौद्ध प्रिय गौतम, नरेंद्र कुशवाहा, जितेंद्र संखवार और जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम व विभिन्न जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### गांजा तस्करी गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**भदोही।** जनपद में अवैध गांजा तस्करी में संलिप्त गिरोह के खिलाफ गोपीगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंग लीडर समेत दो आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार गैंग लीडर सोनपाल उर्फ सोनू निवासी एटा तथा उसके सक्रिय सदस्य खालिक निवासी बरेली संगठित गिरोह बनाकर अंतरजनपदीय स्तर पर अवैध गांजा तस्करी का कारोबार करते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपित आर्थिक लाभ के लिए एनडीपीएस एक्ट के गंभीर अपराधों में संलिप्त थे तथा उनके भय के कारण लोग शिकायत या गवाही देने से डरते थे। दोनों के खिलाफ पूर्व में थाना गोपीगंज में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। मामले में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद अब गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत भी कार्रवाई की गई है।

### 'आम जनता की आवाज उठाती रहेगी कांग्रेस', जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर बोले अजय राय



**लखनऊ।** कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आयोजित गोष्ठी में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरकार आम लोगों को न्याय नहीं दिला पा रही है। इसी वजह से लोगों का भरोसा सरकार से उठ गया है। आम लोगों की आवाज उठाने वाले नेताओं पर सरकार झूठे मुकदमे दर्ज करा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आम जनता की आवाज उठाती रहेगी। वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग के प्रोफेसर रहे डॉ. रमेश दीक्षित ने कहा कि पंडित नेहरू का व्यक्तित्व एवं कृतित्व इतना महान था कि भारत के दुश्मन देश की मीडिया भी उनका बखान करती थी। सिद्धार्थ आनन्द ने कहा कि पंडित नेहरू ने देश को लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच, शिक्षा, औद्योगिक विकास एवं सामाजिक समरसता की ऐसी दिशा दी, जिस पर आज भी भारत मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग के प्रोफेसर मो. मोहिबुल हक ने कहा कि आज के दौर में देश में धर्मनिरपेक्षता और सर्वधर्म समभाव की भावना की बहुत आवश्यकता है।

# लखनऊ में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का स्थापना दिवस संपन्न: गूंजी 'पत्रकार सुरक्षा कानून' की मांग

**● उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिया समाधान का आश्वासन**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि0) का भव्य स्थापना दिवस समारोह अत्यंत उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश सहित देश के 17 राज्यों से आए हजारों पत्रकारों, जिला व तहसील स्तरीय प्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी एकजुटता दिखाई। उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के मुख्य अतिथि और राज्य मंत्री सुरेश राही, लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी रामचंद्र प्रधान व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ए.पी. सिंह के विशिष्ट अतिथि में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा ने की। समारोह के दौरान देश भर के मीडियाकर्मियों ने 'पत्रकार सुरक्षा कानून' लागू करने, निष्पक्ष पत्रकारों को फर्जी मुकदमों से संरक्षण देने और ग्रामीण व तहसील स्तर पर तमाम चुनौतियों के बीच काम कर रहे पत्रकारों की समस्याओं के समाधान की मांग प्रमुखता से उठाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील की, जिस पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पत्रकारों को सरकार व समाज के बीच का मजबूत सेतु बताते हुए उनकी समस्याओं के सकारात्मक समाधान का पूरा आश्वासन दिया। कार्यक्रम में लखनऊ जिला संरक्षक मुकेश द्विवेदी, मुख्य प्रभारी रघुनाथ और जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा सहित एडवोकेट विनोद मिश्रा, सचिन दीक्षित, शिवा मिश्रा, प्रशांत भूषण व अमन द्विवेदी जैसे हजारों पत्रकारों ने संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया, जहाँ विभिन्न जिलों से आए पत्रकारों का सम्मान भी किया गया और अंत में लखनऊ जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों व पत्रकारों का आभार व्यक्त करने के साथ ही इस सफल आयोजन का समापन हुआ।

## सत्संग से जीवन में आती है पवित्रता : जगतगुरु राघवाचार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार स्थित आदर्श ऋषि आश्रम में चल रहे रुद्र महायज्ञ के दौरान बुधवार को संत समागम का आयोजन हुआ। दूर-दूर से पहुंचे संतों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी से आश्रम परिसर भक्तिमय बना रहा। समागम में पधारे जगतगुरु राघवाचार्य जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सत्संग मनुष्य के जीवन को पवित्र बनाता है। भगवान की कथा केवल सुनने के लिए नहीं होती, बल्कि उसे हृदय से महसूस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब राम कथा सुनी जाए तो मन भावुक हो उठे। आंखों से आंसू निकलें। वाणी गदगद हो जाए। यही सच्चे कथा श्रवण का फल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कई स्थानों पर कथाओं को मनोरंजन का माध्यम बना दिया गया है। कथा में हंसाना, गवाना और नचाना बढ़ गया है। जबकि श्रीराम की कथा त्याग, करुणा और भक्ति का संदेश देती है। राम कथा सुनकर मन का अहंकार समाप्त होना चाहिए और भीतर



भक्ति का भाव जागना चाहिए।कार्यक्रम में जनमेजय शरणजी महाराज ने जगतगुरु राघवाचार्य जी महाराज का स्वागत किया। उन्होंने संत समागम के संयोजक और आश्रम के महंत सर्वेश्वर दास व्यास जी महाराज द्वारा कराए जा रहे धार्मिक अनुष्ठान की सराहना की। इस दौरान आचार्य अमरेंद्र गिरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विकल्प पांडेय, प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी, शिवबरन कुशवाहा, गूगल सैनी और रामकुमार दास, इंद्रेश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तहसीलदार न्यायालय विवाद पर डीएम से मिले अधिवक्ता

**लालगंज (रायबरेली)।** बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन और तहसीलदार न्यायालय के बीच चल रहे गतिरोध को लेकर बुधवार को अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला। पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं रखीं और कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार न्यायालय के वादों को ऑनलाइन किए जाने के आदेशों पर मनमानी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। इसी विरोध में संगठन तहसीलदार न्यायालय का बहिष्कार कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से कार्यालय में पेशकार की अनुपस्थिति में बाहरी लोगों से कार्य कराए जाने पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही पत्रावली सुरक्षित करने और पटलों पर आदेश न करने का मुद्दा भी उठाया।जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश त्रिवेदी, केपी सिंह, शिवशंकर पांडे, हिमांशु श्रीवास्तव, केदार दीक्षित समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## यूपी के 19 ब्लॉकों की 225 ग्राम पंचायतों को मिलेंगे अन्नपूर्णा भवन

**● सीतापुर जिले की 225 ग्राम पंचायतों में जल्द ही अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण होगा, जो खाद्यान्न वितरण और सामुदायिक सेवा केंद्र के रूप में काम करेंगे। इन भवनों से ग्रामीणों को रोजमर्रा का सामान भी मिलेगा और दस हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जिले की 225 ग्राम पंचायतों को कुछ दिन में स्थाई अन्नपूर्णा भवन मिल जाएगा। भवन में खाद्यान्न भंडारण और वितरण के साथ ही सामुदायिक सेवा केंद्र भी संचालित होगा। इसके अलावा ग्रामीण रोजमर्रा का सामान भी अन्नपूर्णा भवन से खरीद सकेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया एक भवन के निर्माण पर आठ लाख रुपये से अधिक खर्च किया जाएगा। निर्माण के लिए जगह चिह्नित कर ली गई हैं। सस्ते गल्ले का दुकानदार बदलने या फिर निलंबन होने पर ग्रामीणों को खाद्यान्न के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग ने अब इस समस्या के स्थाई समाधान पर काम शुरू कर दिया है। प्रशासन ने जहां वीबी जीरामजी योजना से अन्नपूर्णा भवन बनवाने की पहल शुरू की है।

वहीं, पूर्ति विभाग शासन से बजट की मांग कर रहा है। इसी कड़ी में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जोशी ने जिला पूर्ति विभाग से जगह का चिह्नांकन कराया है। 225 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण होगा। इसमें 150 भवनों का निर्माण जिला पूर्ति विभाग की ओर से कराया जाएगा। 75 भवन वीबी जीरामजी योजना से बनाए जाएंगे। इससे करीब 1500 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा दुकानदार बदलने पर उपभोक्ताओं को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

**38 भवनों का निर्माण शुरू**

शासन ने पूर्ति विभाग को 38 भवनों के निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपये से अधिक मंजूर किए हैं। इससे बरेती, पुरवा आचार्य, देवपालपुर, भुड़कुड़ी, लोधौरा, अहमदाबाद, कबीरपुर, ढकहा, आंबाघाट, रीछिन, सुर्जीपारा, गढ़ी करौंदी, संदना, जलालपुर, ढहिया, बेहड़ा कोलौहरा, पीरकपुर, लालपुर, हीलेपारा, परसरपुर, रनुवापारा, रसूलपुर, बेरसापुर आदि ग्राम पंचायतों के साथ ही एक भवन बिसवां कस्बा में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण चल रहा है।

**बाधा रहित रास्तों पर बनेंगे भवन**

भवनों के लिए जिस स्थान का चयन किया गया है, वहां तक पहुंचना आसन रहेगा। अधिकांश भवन गांव के बाहर मार्ग के किनारे बनवाए जा रहे हैं। इससे अधिकारियों को निरीक्षण करने में सहूलियत होगी।

**दस हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य**

अन्नपूर्णा भवन से सिर्फ खाद्यान्न का वितरण ही नहीं सामुदायिक सेवा केंद्रों का संचालन भी किया जाएगा। ग्राम पंचायतें युवाओं को स्थान उपलब्ध कराकर केंद्रों का संचालन कराएंगे। इसके अलावा यहां रोजमर्रा के सामन की भी बिक्री होगी। इससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। जिले में 2806 अन्नपूर्णा भवन बनने हैं। जिला पूर्ति विभाग ने अन्नपूर्णा भवनों के माध्यम से दस हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य तय किया है।

## सीतापुर में पारा लुढ़का पर उमस बरकरार, मौसम विभाग ने 28 से 30 के बीच जताई आंधी-बारिश की संभावना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जिले का तापमान में बुधवार को करीब दो डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई, लेकिन उमस बरकरार रही। दो दिन पहले तक जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। सोमवार की रात आंधी-बारिश के बाद यह 41 डिग्री सेल्सियस तक हो गया। जिला प्रशासन ने मौसम विभाग की सूचना के आधार पर आगामी दिनों में आंधी, गरज व चमक के साथ बारिश का भी अनुमान लगाते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जिला आपदा राहत प्रभारी हीरालाल ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से पूर्वानुमान एवं चेतावनी के तहत 28 से 30 मई के बीच तेज झोंकेदार हवा 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने व गरज, आकाशीय बिजली, वर्षा, ओलावृष्टि की संभावना है। वहीं 31 को 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी, बारिश की संभावना है। अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी ने सभी से जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत सचेत रहते हुए बचाव के आवश्यक उपाय और संसाधन,की व्यवस्था की जाए। किसी प्रकार की अप्रिय घटना, जनहानि की संभावित क्षति से बचा जा सके। उन्होंने किसानों से कहा कि इस भारी बारिश, गर्जन एवं वज्रपात से अपने आप को सुरक्षित करते हुए फसलों फसल की उपज को भी सुरक्षित स्थान पर रख लें, जिससे किसी प्रकार के नुकसान आदि से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि तेज हवा, बारिश व बिजली चमकने के समय बड़े पेड़ के नीचे व कच्चे मकानों में शरण लेने से बचे। बिजली के खंभों के नीचे व पास दो व चार पहिया वाहन खड़ा न करें।

## तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार




**भदोही।** गोपीगंज पुलिस ने अवैध शस्त्र के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में चौकी प्रभारी शशांक बाजपेई की टीम ने वन विभाग कार्यालय के पास गोरी मोड़ पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजन कुमार निवासी बलनपुर थाना गोपीगंज के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया।

## राज्य मंत्री कृष्णा पासवान का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**लालगंज (रायबरेली)।** उत्तर प्रदेश सरकार में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की राज्य मंत्री कृष्णा पासवान का मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। देर शाम को मंत्री लखनऊ से अपने निर्वाचन क्षेत्र खागा जनपद फतेहपुर जा रही थीं। इस दौरान बछरावां रोड स्थित बन्नामऊ गांव के पास उनका काफिला कुछ देर के लिए रुका तो बड़ी संख्या में कार्यकर्त जुट गए। मंत्री के पहुंचते ही वहां पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाएं पहनाकर और जय श्रीराम का पटका ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके समर्थन में नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया। मंत्री कृष्णा पासवान ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने संगठन की मजबूती और सरकार की योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालकों और किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। डेयरी और पशुपालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस मौके पर रमेश सिंह, बैजनाथ सिंह, दिनेश सिंह, बबलू प्रधान, गुड्डू सिंह, रणविजय बाबा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वर्णकार समाज ने राजनीतिक भागीदारी की उठाई मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी शिव कैलाश सोनी की दुकान पर बुधवार को स्वर्णकार समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज की राजनीतिक भागीदारी और अधिकारों को लेकर जोरदार आवाज उठाई गई। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लेकर संगठन की मजबूती और राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने पर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी विमल रस्तोगी ने कहा कि स्वर्णकार समाज वर्षों से राजनीतिक उपेक्षा का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज की संख्या और योगदान के बावजूद राजनीतिक दलों द्वारा उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है। अब समाज अपने अधिकारों और सम्मान की लड़ाई के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करेगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्वर्णकार समाज की मांगों को लगातार नजरअंदाज किया गया, तो आने वाले समय में जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने समाज के युवाओं से



आगे आकर संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा कि अब समय आ गया है कि स्वर्णकार समाज अपनी राजनीतिक ताकत को पहचानते हुए संगठित रूप से आगे बढ़े। साथ ही समाज के हितों की रक्षा और नई पीढ़ी को नेतृत्व देने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर अशोक रस्तोगी, शिव भजन स्वर्णकार, विमल रस्तोगी, सत्रोहन लाल वर्मा, शिव कैलाश वर्मा, सूर्य प्रकाश वर्मा, राजेश कुमार सोनी, राजीव रस्तोगी, विजय शंकर (लल्लू) रस्तोगी, मोहित वर्मा, अंशु वर्मा (देवेश), प्रमोद वर्मा, अर्पित वर्मा, शक्ति रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, राजकुमार रस्तोगी, शुभम रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के लोग उपस्थित रहे।

## शिलचर में पत्रकार सम्मेलन, हाईकोर्ट बेंच आंदोलन को न्यायिक सुविधा की मांग से मिली नई मजबूती

**● बराक उपत्यका में गौहाटी हाईकोर्ट बेंच की मांग तेज, 16 जुलाई को अहम बैठक तय।**

**हाईकोर्ट बेंच को लेकर बराक में जनआंदोलन तेज, 30 मई से शुरू होगा हस्ताक्षर अभियान।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि :** असम के बराक उपत्यका में गुवाहाटी हाई कोर्ट की एक अलग बेंच स्थापित करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। इस मुद्दे को लेकर आंदोलनकारी संगठनों और न्यायिक प्रशासन के बीच बातचीत की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। मुख्य न्यायाधीश द्वारा इस विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, बराक उपत्यका हाईकोर्ट बेंच डिमांड कमेटी के साथ यह बैठक 16 जुलाई को शाम 4:45 बजे आयोजित की जाएगी। इसी बीच, मांग को जनआंदोलन का रूप देने के लिए डिमांड कमेटी ने बड़े स्तर पर जनसंपर्क और हस्ताक्षर अभियान शुरू करने की घोषणा की है। यह अभियान 30 मई से शुरू होगा, जिसकी शुरुआत उदारबंद स्थित श्रीश्री काचाकांति मंदिर से की जाएगी। यह हस्ताक्षर अभियान बराक उपत्यका के तीनों जिलों में चलाया जाएगा, जिससे आम जनता की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। डिमांड कमेटी के



सदस्यों ने आज 27 मई बुधवार को शिलचर में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि यह आंदोलन लंबे समय से चली आ रही न्यायिक सुविधा की मांग को और मजबूती देने के लिए है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि बराक उपत्यका में अलग हाईकोर्ट बेंच स्थापित होती है, तो न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुलभ और तेज हो जाएगी, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। बराक उपत्यका में यह मुद्दा लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक चर्चा का विषय बना हुआ है और आने वाले दिनों में इस आंदोलन के और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

## समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव अपर्णा जैन बंसल ने सपा कार्यालय को वातानुकूलित मशीन भेंट की



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर महानगर समाजवादी पार्टी कार्यालय में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अपर्णा जैन बंसल ने महानगर कार्यालय को वातानुकूलित मशीन भेंट कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की सुविधा और संगठनात्मक गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से यह सहयोग प्रदान किया गया है।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के जिला अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,राष्ट्रीय प्रवक्ता डा.नीतेंद्र यादव,विनय गुप्ता,शबाब अबरार,रजत मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हाजी फ़ज़ल महमूद ने अपर्णा जैन बंसल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह सहयोग कार्यालय में आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा तथा बैठकों और जनसमस्याओं के समाधान संबंधी कार्यों को बेहतर वातावरण प्राप्त होगा। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपर्णा जैन बंसल का जोरदार स्वागत किया और उनके इस योगदान को संगठन के प्रति समर्पण तथा सेवा भावना का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाजवादी पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## घरों की गणना का बोझ प्रगणकों ने मांगा क्षेत्र संशोधन

**लालगंज (रायबरेली)।** जनगणना कार्य में लगे कई प्रगणकों को निर्धारित लक्ष्य से अधिक घरों की गणना का जिम्मा दिया गया है। इससे उन्हें भीषण गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रगणकों ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर क्षेत्र संशोधित करने की मांग की है। आलमपुर क्षेत्र में जनगणना कर रही टीमों ने बताया कि अधिकांश प्रगणकों को प्रति टीम 150 मकानों की गणना का लक्ष्य दिया गया है लेकिन कुछ टीमों को साढ़े तीन सौ से अधिक घरों की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। साथ ही उनका क्षेत्रफल भी काफी बड़ा है। ऐसे में समय पर कार्य पूरा करना चुनौती बन गया है। प्रगणकों ने बताया कि तेज धूप और गर्मी के कारण सुबह और शाम के समय ही घर-घर जाकर जानकारी जुटाई जा रही है। जनगणना कार्य 22 मई से 20 जून तक चलना है। इसमें प्रत्येक मकान से 34 बिंदुओं पर जानकारी दर्ज की जानी है। प्रगणकों का कहना है कि अधिक क्षेत्र और ज्यादा मकानों का लक्ष्य होने से कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र और लक्ष्य का पुनर्विन्यास करने की मांग की है।

## सीतापुर: पुलिस की मौजूदगी में पैमाइश के दौरान राजस्व टीम पर हमला

**● महमूदाबाद, सीतापुर में पुलिस की मौजूदगी में पैमाइश के दौरान राजस्व टीम पर हमला हुआ। पुलिस पर पहले भी आरोपियों की मदद का आरोप लगा था, अब सरकारी काम में बाधा डालने का केस दर्ज हुआ है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** पुलिस की मौजूदगी में पैमाइश के दौरान राजस्व टीम पर हमला हो गया। पुलिस पर पूर्व में भी इस मामले में आरोपितों की मदद करने का आरोप जिला पंचायत की निर्माण समिति अध्यक्ष लगा चुके हैं। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर पुलिस केस दर्जकर मामले की जांच कर रही है। सदरपुर के अफसेरिया के गाटा से गाटा संख्या 304/2, 305/2, 265/1, 297/2 भूमि की पैमाइश के लिए एसडीएम न्यायिक ने 12 जुलाई 2024 को राजस्व संहिता 2006 की धारा 116 के तहत कानूनी बंटवारे का आदेश जारी किया था। तहसीलदार ने नायब तहसीलदार राज बहादुर के नेतृत्व में क्षेत्रीय लेखपाल सरिता व अन्य राजस्व कर्मियों के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश किए जाने का आदेश जारी किया था।

**सरकारी काम में बाधा डालते हुए मारपीट पर हुए आमादा**

राजस्व टीम पुलिस बल के साथ जब मौके पर पहुंची तो सुधीर उर्फ ब्रजेंद्र, शालिनी वर्मा, रोहन, पुष्कर व जूली मौके पर जा पहुंची और पैमाइश करने का विरोध कर सरकारी काम में बाधा डालते हुए मारपीट पर आमादा हो गए।

इस दौरान पुलिस का रवैया बेहद ढीला रहा, जिसके चलते राजस्व टीम लौट गई। लेखपाल सरिता देवी ने सदरपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा बनने का केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है। मालूम हो कि इस मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ निर्माण समिति अध्यक्ष शिवकुमार गुप्त ने इसी आदेश के अनुपालन के लिए कई बार थानाध्यक्ष सदरपुर को फोन कर कार्रवाई की बात कही थी, लेकिन थानाध्यक्ष ने कोई कार्रवाई नहीं की।

15 मई को शिवकुमार गुप्त सदरपुर थाने पहुंचे थे जहां थानाध्यक्ष से तीखी नोकझोंक हुई थी। मामले में शिवकुमार गुप्त 18 मई को 60 जिला पंचायत सदस्यों संग पुलिस अधीक्षक से मिले थे और थानाध्यक्ष पर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर उन्होंने 22 मई से जिला पंचायत सदस्यों संग धरने पर बैठने की चेतावनी दी थी। इसके बाद मौके की नजाकत को देखते हुए थानाध्यक्ष ने सीओ कार्यालय पहुंच शिव कुमार गुप्त से माफी मांगकर मामला खत्म करा लिया था।

# बेरोजगार है सिस्टम से हारकर लाचार है युवा है वह काकरोच है

*लेकिन क्या जनता को जानने का हक नहीं कि सत्ता में बैठे लोग की डिग्री असली है या नकली।*

**प्रयागराज।** देश के मुख्य न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट में बैठकर एक सख्त लहजे में देश के युवाओं को कि जो बेरोजगार हैं आसली है हारा हुआ है वह काकरोच है। मी लार्ड का यह शब्द स्वागत योग्य है कि उन्होंने ने सिस्टम से हारकर लाचार होकर घर में बैठ गये देश के पैतालीस करोड़ युवाओ को जगा दिया। और नकली डिग्री के साथ वकील बने ककारोचो का जमीर जाग गया है। वह कह रहे थे कि इनकी डिग्री असली है या नकलीकी जांच होगी। जांच करालेसच जनता जाने की देश में वकील कितने नकली डिग्री धारी हैं ।परन्तु वह भूल गये की देश के क ई नेताओं की डिग्री न दिखाने पर कुण्डली मार कर स्वयं कोर्ट बैठा है।तो पी एम केयर पर कोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले की याचिका खारिज कर दिया जाता है।और उस पर भी ग़लत टिप्पणी कर दिया। जो भारतीय न्याय पद्धति पर सवाल खड़ा करता है। क्या जनता को अधिकार नहीं कि वह पी एम केयर फंड का पैसा कहां खर्च हुआ है किस काम में देश में लगा है। जान सके। ।किसी मंत्री नेता की शैक्षिक योग्यता की डिग्री सही है या ग़लत आम जनता को क्या जानने का अधिकार नहीं है क्यों न्यायलय सब कुछ छिपा रहा है।

मुख्य न्यायाधीश का काकरोच का शब्द अभिजीत दीपके को चूम गया वह सिस्टम के बारे सोचने लगा कि सिसृटम के कारण ही तो युवा बेरोजगार आलसी बना हुआ है अगर सिस्टम ठीक होता तो आज बेरोजगारी इतनी नहीं होती जितना है। पर सिस्टम ही युवाओं को गाली दे रहा है।उसी सिस्टम के विरोध में सम्भाजी नगर का युवा जो अमेरिका में शिक्षा ग्रहण कर रहा है। वह सोशल मिडिया पर कुछ लोगों से बात करके राय लिया क्या हम काकरोच जनता पार्टी बनाये तो साथ देंगे । सहमति मिलते ही वह सोशल मिडिया पर काकरोच जनता पार्टी बनाया और देखते ही देखते उसके चाहने वालो की संख्या इतनी बड़ी हो गई की विश्व की सबसे बड़ी पार्टी को पीछे छोड़ दिया है। सोशल मिडिया पर आज तक छ करोड़ काकरोच शिक्षामंत्री से इस्तीफा मांग रहे हैं। काकरोच जनता पार्टी में हर तरह का युवा और नेता उसके फालोवर बन गये है । पांच दिनों में बीस मिलियन लोग जुड़ गये हर तरफ मैं भी काकरोच हूं मुखौटा लगायें युवा सोशल मिडिया पर आरहे है। और सरकार डर कर काकरोच जनता पार्टी के सोशल मिडिया एकाउंट को बैन करा दिया । वह भारत में नहीं देखा जा रहा है । जैसा कि सरकार की आलोचना करने वाले बहुत से यूट्यूवर का एकाउंट बन्द करा दिया जाता साल में दो बार फोर पी एम को सरकार बैन कर चुकी है फिर न्यायालय से लड़कर खुलता है।ऐसे बहुत से उदाहरण है।

सरकार डर कर युवाओं महिलाओं के सोशल मिडिया को बन्द करवा देती है । वह विरोध के हर आवाज को बन्द करवाकर अपने को जनता में यह दिखाने में लगी है कि हमारी नितियों का देश में विदेश में कहीं विरोध नही होता है।जनता में युवाओमे एक डर का भय पैदा किया जाता है कि आप भारत के नागरिक हैं परन्तु विरोध के लिए भारत किसी नागरिक को जगह नही है। सत्ता के विरोध को देश का विरोध कहा जाने लगा? और विरोध करने वाली जनता डर कर मौन होने लगी। आज कहीं विरोध का कोई स्वर उठा तो वह जेल में डाल कर डराया जा रहा है।सोनम वांगचुक को तो सभी जानते हैं ।बिना अपराध के जेल में सत्तर दिन तक रहे।

काकरोच जनता पार्टी को बैन किया तो वह दूसरे आई डी काकरोच बैक नाम से नया एकाउंट बन गया और फिर एक लाख से अधिक लोग उसके फालोवर बन गये है।कितनी बार बैन करेगी सरकार किस किस काकरोच के एकाउंट को बैन करेगी।काकरोच जनता पार्टी ने अपने चाहने वालों से कहा की नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री के इस्तीफा मांगने की मुहिम शुरू कर दें और यह देश का हर युवा सोशल मिडिया पर मांग करने लगा।भारत के रक्षा मंत्री का शब्द याद आता वह कहते




हैं यह सरकार यू पी ए की नही है। जहां किसी घटना पर मंत्री इस्तीफ़ा दे देता था । यह भाजपा की सरकार है यहां पर कितनी भी दूर्घटना हो जाये कितने नागरिक मर जाये रेल दूर्घटना में आतंकी घटना में हवाई जहाज की दूर्घटना हो।परन्तु मंत्री इस्तीफ़ा नहीं देता यही फर्क है भाजपा और यूं पी ए सरकार में ।यूपीए में जिम्मेदारी होती थी भाजपा में जिम्मेदार कोई मंत्री नहीं होता है ।तभी तो चार बार नीट का पेपर लीक हुआ बहुत से छात्रों ने आत्म हत्या कर लिया। अभीजो नीट 2026का पेपर लीक हुआ इसमें सत्तरह से ज्यादा छात्रों ने आत्म हत्या कर लिया पर सरकार मौन मंत्री जी चैन में है। और भाजपा समर्थक कह रहे हैं पेपर लीक नहीं हुआ अब इससे बड़ा बेशर्म कौन कि सच्चाई को नकार दिया।इसी सच्चाई को उजागर करने लिए ककारोच बैक के साथ फिर काकरोच जनता पार्टी सोशल मिडिया पर आ ग ई और इस्तीफा मांगने लगे युवा।

काकरोच जनता पार्टी को मजाक में लिया जा रहा है काकरोचो का यह कहना है कि हम एक बेहतर भविष्य की मांग कर रहे क्या यह मांग करना देश में गलत है वास्तव में यह एक मजाक में बना कामेडी है पर सरकार कामेडी से भी डर रही है कोई कामेडियन कामेडी नहीं करें सरकार के किसी बात की।क ई कामेडियन अब डर कर कामेडी करना छोड़ दिया है।परन्तु आज काकरोच जनता पार्टी सत्ता के लिए भयायनक खतरा पैदा कर रहा है। तभी तो एकाउंट बन्द हुआ। भारत में सत्ता और सिस्टम से नाराज़ युवाओं की आवाज है। काकरोच ।इन युवाओं को विपक्ष से भी कोई विशेष उम्मीद नहीं बची है तभी तो यह सब आज ककारोच जनता पार्टी के साथ है।

काकरोच जनता पार्टी को कांग्रेस के नेता शशीधरूर ने भी समर्थन दिया तो शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने भी साथ खड़ी होगई है। योगेन्द्र यादव भी है

भारत में एक बिमारी पत्रकारों को भी है जो अभी से काकरोच पार्टी के भविष्य पर चर्चा शुरू कर दिया है । यह कहावत भी तो है कि बच्चा पेट में है तभी से उसकी भविष्यवाणी करने लगते हैं राजा होगा विधायक होगा बहुत बड़ा व्यापारी होगा न जान क्या-क्या। उसी तरह से काकरोच जनता पार्टी सड़क पर नहीं है अभी सौशल मिडिया पर है ।पत्रकार भविष्य बताने लग गये है।

इसका भविष्य जब यह सड़क पर आकर सब काकरोच सिस्टम से लड़ेंगे और जनता कितना साथ देती है सरकार से टकराव करके कहा तक जाते हैं। यह देखना होगा।सभी विपक्ष के नेता ककारोच जनता पार्टी का समर्थन कर रहे हैं।जैसा आम आदमी को रातों रात जनता ने नेता बनाया था कि केजरी वाल सिस्टम में लगे घून को समाप्त कर देगा परन्तु केजरी वाल सिस्टम में स्वयं घून बन कर रह गये ।क्या जो काकरोच जनता पार्टी सिस्टम में बदलाव की बात कर रही है कि हम सिस्टम के कारण काकरोच बने हैं। सरकार ने हमें आलसी बनाया हमको बेरोजगार बनाया है । हम नाली और गन्दे सिस्टम के कारण काकरोच है ।उन युवाओं का यह कहना सही है भारत के सिस्टम में समय से कुछ नहीं मुकदमा में तारीख मिलता है थाने पर लाठी मिलता है किसी काम के लिए सरकारी कार्यालय में घूस मांगा जाता है या भगा दिया जाता है। परीक्षा देर से पेपर लीक नौकरी का हो जाता है। सालों बाद पद नहीं भरे जाते हैं सिस्टम ने ही युवा ककारोच पैदा कर दिया है ।जो हर जगह मिल रहे हैं। पहले काकरोच रसोई नाली सीवर में थे। अब तो यह हर जगह मिल रहे हैं। यही काकरोच एक दिन जरूर सिस्टम से लड़कर बदलाव लायेंगे परन्तु काकरोच के लोग सिस्टम में खूद घून न बन जाये यह कहना अभी दूर की बात है। काकरोच पहले सड़क पर आये ।

आज यमुनानदी की गन्दगी को? लेकर एक युवा काकरोच बन कर नगर निगम कार्यालय में घूस गया। अब काकरोच को झूण्ड में हर सरकारी दफ्तरों में घुसना होगा तभी कुछ होगा सड़क पर काकरोच दिखना चलता नजर आना चाहिए।

सोशल मिडिया से बाहर आना होगा।जब समाज भाषा में हार जाता है तब वह तर्क नहीं करके गाली देना शुरू कर देता लोकतंत्र में गाली कंकर पत्थर की तरह होकर इधर उधर बिखरे हुए हैं हर कोई उसी ककर पत्थर का प्रयोग विरोधी पर कर रहा है। युवाओं किसानों जनता में आक्रोश है पर कोई गाली नहीं दे रहा नहीं गाली की भाषा बोल रहा है काकरोच युवाओं ने गाली की भाषा का प्रयोग नहीं किया है परन्तु अब उनको कुछ गाली देने वाले सोशल मिडिया पर आये है।काकरोच जनता पार्टी अभी कामेडी समझे जमीन पर जब आये काम करें तब देखें काकरोच क्या परिवर्तन लायेगा सिस्टम में। काकरोचयुवाक्षक्या सिस्टम से लड़ेंगे या फिर बस सोशल मिडिया तक रह जायेंगे यह समय बतायेगा धैर्य से इन्तजार करना होगा। परिवर्तन समय लेता है धैर्य की परीक्षा लेता है। काकरोच जनता पार्टी को अभी इन्तिहान देना है जनता में जनता पास करेगी या फेल प्रश्न पत्र बनेगा।

# हम भारतीय इतने अस्वस्थ और आलसी क्यों हैं?

संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला



**नई दिल्ली।** सुबह उठते ही चाय की चुस्की के साथ मोबाइल स्क्रॉल करना, ऑफिस में घंटों कुर्सी पर बैठे रहना, घर लौटकर फिर टीवी या फोन के सामने घंटों बिताना और रात को थकान का बहाना लेकर सो जाना - ये हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का आम सीन है। हम खुद को व्यस्त बताते हैं, लेकिन हकीकत ये है कि हमारी शारीरिक सक्रियता लगातार घट रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईसीएमआर जैसे संगठनों के आंकड़े चिंता जगाते हैं। क्या हम वाकई आलसी हैं, या हमारी जीवनशैली हमें आलसी बना रही है? भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला देश है, फिर भी हम गैर-संचारी रोगों जैसे डायबिटीज, हृदय रोग और मोटापे की मार झेल रहे हैं। एनसीडी देश की कुल मौतों का करीब 63% हिस्सा ले चुके हैं। आईसीएमआर-इंडियाब अध्ययन और हृन्नास-5 के अनुसार, मधुमेह से प्रभावित लोगों की संख्या 10 करोड़ से ज्यादा है। 15-49 साल के करीब 23-24% लोग अधिक वजन या मोटापे से जूझ रहे हैं। शहरों में ये आंकड़े और भी भयावह हैं।

**आलस्य की जड़: शारीरिक निष्क्रियता**

'आलसी' शब्द सुनकर हम अक्सर व्यक्तिगत चरित्र पर सवाल उठाते हैं, लेकिन आंकड़े कुछ और कहते हैं। आईसीएमआर अध्ययन के मुताबिक, भारत में करीब 54% लोग शारीरिक रूप से निष्क्रिय हैं - यानी वे पर्याप्त व्यायाम नहीं करते। एक और रिपोर्ट में 41% वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि पाई गई। महिलाओं में ये आंकड़ा 52% तक पहुंच जाता है, जबकि शहरों में 51-65% लोग निष्क्रिय हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में रिक्रियेशनल एक्टिविटी (खेल-कूद या व्यायाम) करने वाले लोगों की संख्या महज 10% से भी कम है। ज्यादातर सक्रियता काम के दौरान होती है, लेकिन घर और मनोरंजन में हम लगभग स्थिर रहते हैं। 2024 के टाइम यूज सर्वे में सिर्फ 10% भारतीयों ने ही किसी दिन व्यायाम किया। पुरुषों में 14.5% और महिलाओं में सिर्फ 4.9%। क्यों हो रहा है ये?

**शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली**

शहरों में डेस्क जॉब्स, लंबे काम के घंटे, कार-बाइक से यात्रा और घर पहुंचकर स्क्रीन टाइम बढ़ना - ये सब शारीरिक मेहनत कम कर रहे हैं। पहले खेती-किसानी या घरेलू काम में शरीर चलता था, अब सुविधाएं (ऑनलाइन किराना, लिफ्ट, डिलीवरी) ने हमें स्थिर कर दिया है।

**आनुवंशिक कारक** भारतीयों में 'थ्रिफ्टी जीन' की बात की जाती है। हमारे पूर्वजों के समय भोजन की कमी वाले माहौल में ये जीन फायदेमंद थे- शरीर ऊर्जा को तेजी से संग्रहित करता था। लेकिन आज भोजन भरपूर है और गतिविधि कम, तो यही जीन मोटापा, पेट की चर्बी और जल्दी डायबिटीज का कारण बन जाते हैं। दक्षिण एशियाई लोगों में सामान्य वजन पर भी सेंट्रल ओबेसिटी ज्यादा होती है।

**खान-पान की गड़बड़ी** अस्वास्थ्यकर आहार रोग बोझ का 56% योगदान दे रहा है। जंक फूड, मीठे पेय, तला-भुना और प्रोसेस्ड खाना आम हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण तो शहरों में ओवरन्यूट्रिशन की समस्या बढ़ रही है।

**प्रदूषण, तनाव और नींद की कमी** वायु प्रदूषण (खासकर दिल्ली जैसे शहरों में) फेफड़ों और दिल दोनों को नुकसान पहुंचाता है। काम का दबाव, अनियमित नींद और तनाव हमें और आलसी महसूस कराते हैं।

**क्या ये स्थायी है?**

नहीं। ये हमारी आदतों का नतीजा है, न कि कोई स्थायी कमजोरी। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी सक्रियता ज्यादा है, लेकिन शहरीकरण के साथ वहां भी समस्या बढ़ रही है।

**समाधान की राह**

-रोज 30-45 मिनट तेज चलना, योग या कोई खेल शुरू करें।

-खान-पान में संतुलन लाएं- ज्यादा फल, सब्जियां, कम जंक फूड।

-स्क्रीन टाइम कम करें, परिवार के साथ सक्रिय समय बिताएं।

-सरकार और समाज को स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा, पार्क और वॉकवे बढ़ाने चाहिए। जंक फूड पर टैक्स और एनसीडी स्क्रीनिंग कार्यक्रमों का विस्तार जरूरी है।

हम युवा हैं, लेकिन अगर आज बदलाव नहीं किया तो ये 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' स्वास्थ्य संकट बन जाएगा। आलस्य हमारी नियति नहीं, बल्कि हमारी पसंद का परिणाम है। आज से एक छोटा कदम- बस चलकर ऑफिस जाना या शाम को घूमना- कल की स्वस्थ पीढ़ी की नींव रख सकता है।

स्वास्थ्य हमारा अधिकार है, लेकिन जिम्मेदारी भी हमारी ही है।

# आम जनमानस को समर्पित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के पिछले 12 वर्ष

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में पिछले 12 वर्ष अनेक दृष्टियों से परिवर्तनकारी तथा यादगार रहे हैं। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शासन को केवल सत्ता संचालन तक सीमित न रखकर उसे जनसेवा और जनसहभागिता का माध्यम बनाने का प्रयास किया। इन वर्षों में उनकी कार्यशैली का प्रमुख मंत्र रहा- 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास '। यही कारण है कि उनकी नीतियाँ आम जनमानस के जीवन से सीधे जुड़ी दिखाई देती हैं। मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे बड़ी विशेषता गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को मुख्यधारा में लाने तथा गरीबी रेखा से बाहर निकालने का प्रयास रहा है। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना, उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को धुएँ से मुक्ति दिलाना, आयुष्मान भारत योजना द्वारा गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराना, ऐसे कदम हैं जिन्होंने आम नागरिक के जीवन में क्रांतिकारी वास्तविक परिवर्तन लाया है।

स्वच्छ भारत अभियान ने केवल सफाई को सरकारी कार्यक्रम नहीं रहने दिया, बल्कि उसे जनआंदोलन का रूप दिया। गाँवों और शहरों में शौचालय निर्माण तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता ने सामाजिक व्यवहार में सकारात्मक बदलाव उत्पन्न किया। इसी प्रकार 'हर घर जल', डिजिटल इंडिया और विद्युत विस्तार जैसी योजनाओं ने ग्रामीण भारत को नई सुविधाओं से जोड़ा है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सिंचाई परियोजनाएँ तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जैसे प्रयास किए गए। वहीं युवाओं के लिए स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और डिजिटल अवसरों ने रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के नए द्वार खोले हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृत्व लाभ और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने जैसे कदम महत्वपूर्ण रहे हैं।



पिछले 12 वर्षों में भारत ने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का भी दृढ़ता से सामना किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध सहित विभिन्न वैश्विक संघर्षों के कारण पूरी दुनिया ऊर्जा संकट, तेल और गैस की बढ़ती कीमतों तथा आर्थिक अस्थिरता से प्रभावित हुई। ऐसे समय में भारत ने संतुलित विदेश नीति, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों तथा आत्मनिर्भर ऊर्जा नीति के माध्यम से देशहित को प्राथमिकता दी। सौर ऊर्जा, हरित ऊर्जा और वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत की नीति अधिक निर्णायक और प्रभावी दिखाई दी। उरी और पुलवामा जैसी आतंकवादी घटनाओं के बाद भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से आतंकवाद के विरुद्ध अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया। इससे विश्व समुदाय को यह संदेश गया कि नया भारत अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। जम्मू-कश्मीर में विकास और शांति स्थापित करने के प्रयासों ने भी नई दिशा प्रदान की है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत आज वैश्विक मंचों पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, कोरोना काल में 'वैक्सीन मित्रता' और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश की नई पहचान निर्मित की है।अब भारत केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं अपितु हथियारों के निर्यातक समूह में है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अनेक देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित किया जाना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। ये सम्मान केवल एक व्यक्ति के नहीं, बल्कि उभरते हुए नए भारत की स्वीकार्यता और विश्वसनीयता के प्रतीक हैं।

निस्संदेह, चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं- बेरोजगारी, महँगाई और सामाजिक असमानता और वर्तमान में तेल और गैस आपूर्ति जैसे विषय निरंतर ध्यान की अपेक्षा रखते हैं। किन्तु यह भी सत्य है कि पिछले 12 वर्षों में शासन और जनता के बीच संवाद बढ़ा है तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास अधिक गंभीरता से हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के ये 12 वर्ष केवल राजनीतिक उपलब्धियों का अध्याय नहीं, बल्कि आम जनमानस की आकांक्षाओं, विश्वास और सहभागिता को केंद्र में रखकर विकसित भारत की दिशा में बढ़ते कदमों की कहानी हैं।

**प्रो. (डा.)मनमोहन प्रकाश**



# कविता

**सच की मशालें लिए चलना होगा।**

हर इक दिल में नफ़रतों का न कहर भरिए,
नाम सियासत के दिलों में न जहर भरिए।

कुर्सी की ख़ातिर उजाला निगलते हो क्यों,
भाई चारे के चिराग का कम न असर करिए।

लहू से जो लिखोगे मतभेद की लकीरें,
वक़्त पूछेगा हिसाब, बिना सोचे न सफर करिए।

गरीबों की झोपड़ी आँधियों में काँपती ,
महलों के झरोखों से मौसम का न ज़िक्र करिए।

ज़ुबाँ में ज़हर हो रिश्ते भी मर जाते,
दंगे हो बात बात पर वो न डगर चलिए।

वतन माँ है, इसे बाज़ार मत बनने दीजिए,
फ़रेब बेचने वालों से रिश्ते करीबी न रखिए

सच की मशालें लिए चलना होगा संजीव,
फरेब की अंधेरी गलियों में न सफर करिए।

**संजीव ठाकुर**

# दैनिक राशिफल




**मेष राशि** आज का दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी मिलेगी। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**शुभ रंगः** लाल **शुभ अंकः** 9

**वृषभ राशि** आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं। रुका हुआ धन मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। **शुभ रंगः** सफेद **शुभ अंकः** 6

**मिथुन राशि** नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। मित्रों से सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है। किसी बात को लेकर मन थोड़ा विचलित रह सकता है। **शुभ रंगः** हरा **शुभ अंकः** 5

**कर्क राशि** परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। व्यापार में सावधानी से निर्णय लें। यात्रा के योग बन रहे हैं। पुराने मित्र से मुलाकात संभव है। **शुभ रंगः** सिल्वर **शुभ अंकः** 2

**सिंह राशि** आज सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। **शुभ रंगः** सुनहरा **शुभ अंकः** 1

**कन्या राशि** दिन सामान्य रहेगा लेकिन मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। निवेश सोच-समझकर करें। **शुभ रंगः** नीला **शुभ अंकः** 7

**तुला राशि** आज किस्मत आपका साथ दे सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। नौकरी में उन्नति के अवसर मिलेंगे। घर में मांगलिक चर्चा हो सकती है।

**शुभ रंगः** गुलाबी **शुभ अंकः** 4

**वृश्चिक राशि** मन में नए विचार आएंगे। व्यापार में लाभ के संकेत हैं। किसी करीबी से मतभेद समाप्त हो सकते हैं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**शुभ रंगः** मैरून **शुभ अंकः** 8

**धनु राशि** धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को सफलता मिल सकती है। करियर में नई दिशा मिलने के योग हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**शुभ रंगः** पीला **शुभ अंकः** 3

**मकर राशि** आज धैर्य और समझदारी से काम लेना होगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**शुभ रंगः** भूरा **शुभ अंकः** 10

**कुंभ राशि** नई पहचान और संपर्क से लाभ मिलेगा। नौकरी में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**शुभ रंगः** आसमानी **शुभ अंकः** 11

**मीन राशि** आज मानसिक शांति बनी रहेगी। कला और रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। व्यापार में लाभ और परिवार में सुखद वातावरण रहेगा।

**शुभ रंगः** बैंगनी **शुभ अंकः** 12

# बौद्धिक, आर्थिक प्रगति को छिन्न-भिन्न करती रूढ़िवादिता और अंधविश्वास

धार्मिक रूढ़िवादिता,कट्टरपंथी धर्मांधता हमारी प्रगति के बड़े बाधको में से एक है। यह हमारी राहों के कंटक और रोड़े साबित हुए हैं। उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पाना होगा। बुनियादी शिक्षा के प्रचार प्रसार से इसके अवरोधों को जनमानस के माध्यम से दूर किया जाना चाहिए ।जो विषय वस्तु आजाद विचारों मान्यताओं को बर्दाश्त नहीं करती उन्हें समाप्त हो जाना चाहिए, ऐसी अन्य और मानवीय कमजोरियां हैं, जिन पर हमें विजय प्राप्त करनी है। इस कार्य के लिए सभी समुदायों के क्रांतिकारी उत्साही नौजवानों की आवश्यकता है। यह बात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगत सिंह ने अपने संगठन नौजवान भारत सभा के लाहौर में प्रकाशित घोषणा पत्र में लिखी थी। शहीद भगत सिंह ने अपने जीवन का बलिदान कर भारत को आजादी दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, पर आजादी के बाद भी भारत का जनमानस उन्हीं अंधविश्वास धर्मांधता तथा रूढ़िवाद पर फंसा हुआ है।और अभी भी इस युग में अंधविश्वास का बोलबाला दिखाई देता है। बिल्ली रास्ता काट दे तो यह समझना कि राह में दुर्घटना होने की संभावना हो सकती है। घर से निकलते समय कोई छींक दे तो यह समझना कि होने वाला काम बिगड़ जाएगा,और घर में कौवे के बोलने से यह अर्थ निकाला जाए कि घर में मेहमान आने वाले हैं। छोटी चिड़िया यदि मिट्टी की धूल से खेल रही हो तो यह समझा जाए की घनघोर बारिश होने वाली है, आदि इत्यादि ऐसी कई धारणाएं हैं, जिनका कोई वैज्ञानिक तथा सामाजिक प्रमाण, तर्क या आधार मौजूद नहीं है। फिर भी बड़ी संख्या में लोग इन बातों पर विश्वास करके अपनी नियति तय करने में जुट जाते हैं, अपने विवेक का प्रयोग किए बिना ही इन बातों पर विश्वास कर लेना ही अंधविश्वास माना जाता है।

कुछ लोग तेरा के अंक को अशुभ मानते हैं, तो कई देश किस अंग को शुभ भी मानते हैं। मृत्यु के बाद भी अनेक तरह के अंधविश्वास जी एवं आडंबर संयुक्त कर्मकांड किए जाते हैं। एवं इन कर्मकांड को नहीं किए जाने पर मनुष्य की आत्मा भूत बनकर इर्द गिर्द मंडराती है। और इस तरह के भूत मनुष्य जाति को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं, ऐसी मान्यताएं अंधविश्वास के साक्षात प्रमाण हैं। अधिकतर भारतीय ग्रामीण अभी भी यह मानते हैं कि पृथ्वी शेषनाग पर टिकी हुई है और भूकंप आने पर वह इस बात का दावा करते हैं कि शेषनाग नाराजगी कारण पृथ्वी हिलने लगी है,और भी पूजा पाठ करने में लग जाते हैं।चंद्र ग्रहण तथा सूर्य ग्रहण के समय भी ग्रामीण क्षेत्र में लोगों द्वारा ऐसे ही कयास लगाए जाते हैं, और फिर ग्रहों की पूजा की जाती है। पूजा करना बहुत अच्छी बात है,ईश्वर में आस्था होनी चाहिए यह एक तरह की एकाग्रता तथा अदृश्य शक्ति के प्रति आप का समर्पण भाव दिखाती है। ईश्वर से लगाओ तथा ईश्वरीय शक्ति के आगे समर्पण एक स्तुत्य के कार्य है। पर इसके पीछे अंधविश्वास को पुष्पित पल्लवित करना खतरनाक भी हो सकता है। इसके अतिरिक्त ग्रह के चक्कर को दूर करने के लिए किसी विशेष जाति अथवा पत्थर की अंगूठी पहनना विशेष मंत्र वाला ताबीज पहनना जादू टोना तथा टोटका करवाना आदि अंधविश्वास के बड़े उदाहरण हैं। और इन सब अंधविश्वास के चक्कर में अनेक लोग धोखाधड़ी तथा शोषण के शिकार होते देखे गए हैं। अंधविश्वास धर्मांधता एक सामाजिक बुराई की तरह दिखाई देती है, जो निश्चित तौर पर देश के विकास के लिए बड़ी बाधा बन जाती है। संत कबीर दास ने बड़ी बेबाकी से इस अंधविश्वास पर अपनी कविता के माध्यम से गहरा कटाक्ष किया है,




**अरिहरन की चोरी करै, करे सुई का दान,**

**ऊंचा चढ़ी के देखता,केतिक दूर विमान।**

दोहे का अर्थ है, मानव कुमार्ग के पथ पर चलकर कमाए गए अनैतिक धन का बहुत छोटा सा भाग दान कर आकाश की ओर देखता है कि उसको स्वर्ग ले जाने वाला विमान कितनी दूर है। अज्ञानी मानव का यह सोचना एक बड़े अंधविश्वास को दर्शाता है। किसी भी गरीब स्त्री की जमीन जायजाद को हड़पने के लिए जमीदारों या मुखिया द्वारा गांव में उसे डायन घोषित कर देना या ईश्वर को खुश करने के लिए मनुष्य की नरबलि दे देना या पशुओं की बलि देना एक बड़ा अंधविश्वास माना जाता है। इन सब अंधविश्वास से समाज में विसंगति फैलती है एवं जो साक्षरता तथा मानवता के लिए बड़े खतरे और विकास के लिए अवरोध पैदा करने के तथ्य हैं। इनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर इनको सजा देकर समाज में अंधविश्वास के खिलाफ सरकार को एक स्वस्थ संदेश देने की आवश्यकता है। समाचार पत्र, टीवी चैनल, इंटरनेट इन सब में राशिफल, वास्तु शास्त्र हाथ में पहनने वाले पत्थरो के बारे में जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जाता है, जबकि इन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि इनके चलते बड़े-बड़े जालसाज तथा ठग लोगों से पैसा तथा सोने चांदी की ठगी करने से नहीं चूकते। यह अंधविश्वास यद्यपि सिर्फ भारत में ही नहीं है बल्कि ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया कनाडा अमेरिका तथा साउथ अफ्रीका में भी इसी बड़े पैमाने पर व्याप्त है। यदि अशिक्षित मनुष्य अंधविश्वासों को मानता है तो यह बात समझ में आती है कि वह वास्तविकता से अशिक्षा के कारण अनभिज्ञ है, एवं इनके परिणामों के बारे में नहीं जानता है। किंतु यह विडंबना तथा अफसोस की बात है कि इस वैज्ञानिक युग में उच्च शिक्षित लोग अनेक प्रकार के अंधविश्वासों से घिरे हुए हैं। शिक्षा अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर विवेकपूर्ण सोचने की शक्ति प्रदान करती है, इसके बाद ही मनुष्य विज्ञान तथा तर्क के आधार पर इसको परख कर किसी बात को मान्यता देता है। अतः अंधविश्वास धर्मांधता के खिलाफ शिक्षा जगत तथा शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में इस विषय को शामिल कर अशिक्षित तथा शिक्षित दोनों को अंधविश्वास के प्रति सचेत कर इसके दुष्परिणामों के बारे में अच्छे से समझा देना चाहिए तभी अंधविश्वास समाज से दूर हो पाएगा।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# गोरखपुर में सनसनी: बहन की शादी तय होने से नाराज युवक ने घर में लगाई आग

● स्कूटी और सामान जलकर राख; आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज आगजनी की घटना सामने आई है, जहां एक युवक पर बहन की शादी तय होने से नाराज होकर घर में आग लगाने का आरोप लगा है। आगजनी में घर के बाहर खड़ी स्कूटी और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना 27 मई 2026 की है। आरोप है कि चिलुआताल क्षेत्र के ओमप्रकाश नगर सिक्टौर निवासी रोहित साहनी ने वादी के घर पहुंचकर आग लगा दी। इस आगजनी में घर में रखी स्कूटी, कपड़े और अन्य सामान जल गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने किसी तरह स्थिति को संभाला।

प्राथमिक जांच में सामने आया कि वादी की बहन की शादी तय होने को लेकर आरोपी नाराज था और इसी बात को लेकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर चिलुआताल थाने में मुकदमा संख्या 374/2026 दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 326(जी), 352 और 351(3) के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष चिलुआताल सूरज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी रोहित साहनी पुत्र अनिरुद्ध साहनी निवासी ओमप्रकाश नगर सिक्टौर को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी पहले भी आपराधिक मामलों में नामजद रह चुका है। उसके खिलाफ वर्ष 2024 में भी धमकी और मारपीट से जुड़ा मुकदमा दर्ज हो चुका है। इससे यह भी संकेत मिल रहे हैं कि आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक व्यवहार रहा है। गिरफ्तारी अभियान में थानाध्यक्ष सूरज सिंह, उपनिरीक्षक अजय और कांस्टेबल इन्द्रमणि पाल शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है और लोग इस वारदात को लेकर हैरानी जता रहे हैं।

## एआरटीओ कार्यालय निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** चकरवाधूस स्थित निर्माणाधीन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय भवन का बुधवार सुबह जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था को समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्माण स्थल पर विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण में अधिकारियों ने बताया कि करीब 10 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत वाली इस परियोजना में अब तक 7 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं और लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष 3 करोड़ 61 लाख रुपये की धनराशि के लिए शासन



को प्रस्ताव भेजा गया है। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के अधिकारियों ने बताया कि शेष बजट मिलते ही बाकी निर्माण कार्य तेजी से पूरा कर लिया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शासन स्तर पर समन्वय बनाकर जल्द धनराशि प्राप्त की जाए और आवंटन मिलने के दो माह के भीतर भवन निर्माण पूर्ण कर हैंडओवर की कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान डीएसटीओ मृत्युंजय चतुर्वेदी, सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक मनीष चंद्र, स्थानिक अभियंता बी.पी. सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम ने औचक निरीक्षण में पुराने वादों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को तहसील सदर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर, न्यायालयों एवं विभिन्न कार्य पटलो का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं आमजन से संवाद कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील परिसर एवं भवन की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया और समुचित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान तीन से पांच वर्ष पुराने वादों की पत्रावलियां निकलवाकर कुछ पुराने मामलों की समीक्षा की तथा संबंधित कर्मचारियों से प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने न्यायालयों के पेशकारों को निर्देशित किया कि फर्दकाम का सही अंकन नियमित रूप से किया जाए तथा पत्रावलियों का रखरखाव व्यवस्थित ढंग से किया जाए। उन्होंने तहसील स्तर के सभी पीठासीन अधिकारियों को पुराने वादों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

## जमीन विवाद में युवक पर फायरिंग का आरोप, बाल-बाल बचा पीड़ित

● रंगदारी, धमकी और जानलेवा हमले की शिकायत से क्षेत्र में चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर, उरुवा।** उरुवा थाना क्षेत्र के गोहलिया गांव में जमीन विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है। गांव निवासी एक युवक ने विरोधी पक्ष पर रंगदारी मांगने, जान से मारने की धमकी देने और घर पर फायरिंग कर जानलेवा हमला होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है।

उरुवा थाना क्षेत्र गोहलिया निवासी शिवम तिवारी उर्फ जिम्मी, पुत्र मनोज तिवारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि शिडवा गांव निवासी धर्मराज यादव उर्फ धर्म यादव, उनके रिश्तेदार शुभम यादव तथा अन्य सहयोगियों के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। पीड़ित के अनुसार यह विवाद प्रॉपर्टी कारोबार और लेन-देन से जुड़े मामलों के बाद और बढ़ गया। शिकायत में कहा गया है कि विपक्षी पक्ष पहले भी कथित रूप से रंगदारी की मांग कर चुका है। विरोध करने पर लगातार धमकियां दी जाती रहीं और विवादित जमीन पर दबाव बनाने की कोशिश की गई।

पीड़ित का आरोप है कि जमीन की बाउंड्री को लेकर भी विवाद हुआ तथा बाउंड्री को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में पहले भी स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। पीड़ित ने सबसे गंभीर आरोप 26 मई 2026 की रात हुई घटना को लेकर लगाया है। उसके अनुसार, विरोधी पक्ष ने कथित रूप से अपने सहयोगियों के माध्यम से बाइक सवार युवकों को भेजकर उसके घर पर फायरिंग कराई। शिवम का दावा है कि गोली घर के पास झाड़ियों में लगी, जिससे वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद से परिवार भय और दहशत के माहौल में रह रहा है।




शिवम तिवारी ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि विरोधी पक्ष प्रभावशाली और आपराधिक प्रवृत्ति का है तथा उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसकी वजह से अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। सूत्रों के मुताबिक मामले में पुलिस एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस की ओर से मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। जांच और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिशन उत्तर प्रदेश के जनक बालेश्वर बाबू के 39 वीं पुण्यतिथि उन्हें दी श्रद्धांजलि लब870Tऑक्स

● ग्रामीण पत्रकारिता की चुनौतियों पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी गोरखपुर** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, तहसील खजनी द्वारा बुध्वार को संगठन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर खजनी कस्बे मे स्थित प्रेस कलब सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उनवल के चेयरमैन प्रतिनिधि उमेश कुमार दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान की सराहना की गई। संगठन में ही शक्ति होती है, पत्रकार हों एकजुट उमेश कुमार दूबे मुख्य अतिथि उमश कुमार दूबे ने कहा कि संगठन में अपार शक्ति होती है। पत्रकारों को संगठित होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने प्रिंट मीडिया की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सोशल मीडिया के युग में भी प्रिंट मीडिया की प्रासंगिकता बनी हुई है। साथ ही उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में पत्रकारिता की अहम भूमिका है।

बाबू बालेश्वर लाल के विचार आज भी



पत्रकारिता जगत के लिए प्रासंगिक है वक्ताओं ने गोष्ठी में स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल के विचारों को नमन करते हुए ग्रामीण पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। फेक न्यूज की समस्या पर गंभीर चर्चा हुई। खजनी तहसील के संरक्षक उमेश राम तिवारी ने कहा कि बाबूजी की निडर पत्रकारिता आज भी प्रेरणास्त्रोत है। पत्रकारिता समाज का आईना होता है और बाबूजी ने उसे निष्पक्ष पत्रकारिता के पक्षधर थे। उन्होने ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता बाबूजी के आदर्शो से भटक गई है , और ऐसे दौर में उनके सिद्धांतों की ओर लौटने पर ही निष्पक्ष पत्रकारिता अपने मंजिल को प्राप्त कर सकती है।

**पत्रकारिता सिर्फ पेशा नहीं, समाज सेवा का सशक्त माध्यम है**

मीडिया प्रभारी अर्धचंद्र धारी त्रिपाठी ने कहा कि स्व. बालेश्वर लाल पत्रकारों के मार्गदर्शक थे और उन्होंने पत्रकारिता को समाज सेवा का माध्यम माना उन्होने कहा कि आज पत्रकारों को फेक न्यूज और राजनीतिक दबावों से निपटने के लिए एकजुट होना होगा। जिला मंत्री संतोष राम तिवारी ने कहा कि जब भी पत्रकारिता संकट में होती है, बाबूजी जैसे लोगों की विरासत हमें रास्ता दिखाती है।

अंत में खजनी तहसील अध्यक्ष राम आशीष तिवारी ने सभी आए हुए आगन्तुको के प्रति आभार व्यक्त करते हुए काहे की कड़ी धूप मे आप लोग अपना बहुमूल्य समय देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं इसके लिए आप लोगों को ह्रदय के पटल से धन्यबाद ज्ञापित करता हूं संचालन शक्ति ओम सिंह वरिष्ठ पत्रकार ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार शत्रुघ्न मणि त्रिपाठी राजाराम यादव देवेंद्र त्रिपाठी अर्धचंद्र धारी त्रिपाठी नंदकिशोर जायसवाल मंगलम भारतीय देवेंद्र यादव देवानंद पासवान सहित सभी पत्रकार क्षेत्र के प्रतिष्ठित जन एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### घरेलू विवाद में युवक की मौत, पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के बरियारपुर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के दौरान युवक की पिटाई से हुई मौत के मामले में पुलिस ने पत्नी समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के निर्देश पर बरियारपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपितों में संगम देवी, जयप्रकाश उर्फ जिउत और आदित्य शामिल हैं। पुलिस के अनुसार 25 मई को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम विशुनपुर कला निवासी मुकेश सिंह को घरेलू विवाद में उनकी पत्नी संगम देवी, साले जयप्रकाश उर्फ जिउत और रिश्तेदार आदित्य ने लाठी-डंडों से पीट दिया। गंभीर हालत में उन्हें पहले सीएचसी रामपुर कारखाना और बाद में जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई अवधेश सिंह की तहरीर पर बरियारपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने बुधवार को तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दीपक सिंह, हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह, कांस्टेबल आलोक चौहान समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### गोरखपुर :घर से नाराज होकर निकला 14 वर्षीय बालक चौरी चौरा रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद, पुलिस ने परिजनों को सौंपा



**गोरखपुर।** चौरी चौरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से नाराज होकर निकले एक14 वर्षीय गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की सक्रियता से बालक सुरक्षित अपने परिवार तक पहुंच सका। पुलिस के अनुसार, बुधवार को डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि जनपद देवरिया के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जगपुरा निवासी 14 वर्षीय बालक घर से नाराज होकर कहीं चला गया है और काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में चौरी चौरा थाना पुलिस टीम को तत्काल तलाश में लगाया गया। पुलिस ने संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान पुलिस टीम ने चौरी चौरा रेलवे स्टेशन से बालक को सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा समेत चौरी चौरा थाना पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस की तत्परता और संवेदनशील कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

### ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने पर स्वागत एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**मनकापुर गोण्डा:** प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के ऐतिहासिक निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण पर खुशी जाहिर करते हूए इस अवसर पर ग्राम प्रधानों द्वारा विधायक गौरा के उपस्थिति मे भव्य सम्मान समारोह का आयोजन कर जोर द्वार स्वागत किया गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में लिए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय पर विकासखंड बभनजोत के ग्राम प्रधानों द्वारा एक स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर ग्राम प्रधानों द्वारा जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने ग्राम प्रधानों को मिली इस नई जिम्मेदारी का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का ह्रदय से आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया तथा सभी ग्राम प्रधानों से अपने-अपने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो को तेज गति से आगे बढ़ाने की अपील की।इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधान संघ अध्यक्ष राहुल शुक्ला, अमरनाथ पांडे, मधुप सिंह, पप्पू मौर्य, फूलचंद मौर्य, सियाराम जायसवाल, मिथुन गुप्ता, हरि प्रकाश गुप्ता, दिनेश कुमार वर्मा, राकेश वर्मा, बनारसी लाल गुप्ता, राम सुरेश वर्मा, इसरार जमाल, मनोज सिंह, राम बहादुर, चंद्र प्रकाश वर्मा, लकी यादव, जल बहादुर सहित अनेक सम्मानित ग्राम प्रधान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## इटियाथोक कस्बे में बढ़ते अतिक्रमण पर व्यापार मंडल ने उठाई आवाज, प्रभारी निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**गोंडा।** इटियाथोक कस्बा में लगातार बढ़ रही अतिक्रमण की समस्या को लेकर व्यापार मंडल ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। व्यापार मंडल इटियाथोक के अध्यक्ष राजन चौरसिया के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मुख्य बाजार एवं प्रमुख मार्गो से अतिक्रमण हटवाने की मांग की। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि कस्बे के मुख्य बाजार, सड़क किनारे और प्रमुख चौराहों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण आम जनता, राहगीरों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि आए दिन जाम लगने से लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि कस्बे में अभियान चलाकर स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। इस दौरान व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष अश्वनी साहू, राजेश ओझा, पिंटू सोनी व अन्य व्यापारी मौजूद।

## डीएम की सख्ती से जनगणना कार्य में बढ़ी हलचल, अधिकारियों को नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनगणना 2027 के तहत चल रहे घर-घर सर्वेक्षण और मकान सूचीकरण कार्य में लापरवाही पर जिला प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने समीक्षा बैठक में कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सभी तहसीलदारों, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों, बीएसए और डीपीआरओ समेत 12 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कराया है। अधिकारियों से पूछा गया है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता क्यों बरती जा रही है।

बुधवार को गूगल मीट के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर घर-घर सर्वेक्षण और मकान सूचीकरण का कार्य पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी चार्ज लेने या कार्य शुरू करने में लापरवाही करेंगे, उनके खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि और वेतन रोकने जैसी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने अवैध खनन और अवैध वाहनों के खिलाफ संयुक्त




अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में छात्राओं की उपस्थिति और पठन-पाठन व्यवस्था पर भी जोर दिया गया। इधर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने रामपुर कारखाना स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर छात्रावास, भोजन, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि छात्राओं की शिक्षा और सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, फायर सिस्टम और सीलन की स्थिति की जाँच की।

## मझने पुल के पास कूड़े के ढेर में लगी आग से बाइक सवार तीन लोग झुलसे

● बाधित रहा आवागमन जिम्मेदारों पर मुकदमे की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रुद्रपुर देवरिया।** रुद्रपुर-पिड़रा मार्ग पर मझने नाले के समीप नगर पंचायत द्वारा गिराए गए कूड़े के ढेर में लगी आग बुधवार सुबह एक बड़े हादसे का कारण बन गई। आग और धुएं की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक ही परिवार के तीन लोग झुलस गए। जबकि उनकी बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। हादसे के बाद करीब दो घंटे तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा और अफरातफरी का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार खुखुंदू थाना क्षेत्र के सेरवा बभनौली निवासी 65 वर्षीय हरिलाल अपने पुत्र अजय और पुत्री सरिता के साथ मोटरसाइकिल से रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर कोल्हुआ निवासी राजकुमार के घर जा रहे थे। जैसे ही वे पिड़रा पुल के पास पहुंचे। नगर पंचायत द्वारा डंप किए गए कूड़े के ढेर में उठ रही आग और धुएं की चपेट में आ गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे तीनों झुलस गए और मोटरसाइकिल धू-धू कर जलने लगी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को एंबुलेंस से रुद्रपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम अवधेश निगम, नायब तहसीलदार अनिल तिवारी राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने नगर पंचायत को तत्काल मिट्टी गिराकर क्षेत्र समतल कराने का निर्देश दिया। एसडीएम अवधेश निगम ने कहा कि नगर पंचायत को सख्त निर्देश दिया गया है कि



कूड़ा केवल एमआरएफ सेंटर पर ही डंप किया जाए। अन्य स्थानों पर कूड़ा फेंके जाने पर कार्रवाई की जाएगी। घटना के दौरान मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण उर्फ खोखा सिंह, प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह त्यागी, आरटीआई कार्यकर्ता शब्बीर अहमद समेत कई लोग धरने पर बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उनका आरोप था कि एमआरएफ सेंटर बनने के बावजूद सड़क किनारे कूड़ा डाला जा रहा है।

## बॉर्डर पर डीजल तस्करी नाकाम, 120 लीटर के साथ युवक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज ब्यूरो।** भारत-नेपाल सीमा से सटे महराजगंज जिले में पुलिस ने डीजल तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया है। ठूठीबारी थाना पुलिस ने गड़ौरा पिकेट पर चेकिंग के दौरान 120 लीटर अवैध डीजल के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक पर गैलन में भरकर डीजल की तस्करी कर रहा था।

**कैसे हुई गिरफ्तारी?** SP शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर जिले में पेट्रोल-डीजल की तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चल रहा है। इसी क्रम में सोमवार दोपहर करीब 1:40 बजे उ0नि0 दिनेश सिंह यादव, हे0का0 मनीष कुमार गौड़ और का0 दिलीप यादव की टीम गड़ौरा पिकेट पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक संख्या UP56V8905 से आ रहे युवक को रोका गया।

बाइक पर लदे दो प्लास्टिक गैलनों की जांच करने पर उनमें कुल 120 लीटर डीजल बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत बाइक, डीजल और आरोपी को कब्जे में ले लिया।

**गिरफ्तार आरोपी कौन?**

पकड़े गए युवक की पहचान प्रेमसागर गुप्ता (24 वर्ष)पुत्र विजय गुप्ता, निवासी ग्राम अहिरौली मदरा, थाना परसामलिक, महराजगंज के रूप में हुई है। आरोपी इंटरमीडिएट पास है। ठूठीबारी थाने में आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 75/2026, धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बरामद डीजल और बाइक को सीज कर दिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

**SP शक्ति मोहन अवस्थी ने कहा- तस्करी बर्दाश्त नहीं**

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि नेपाल में डीजल सस्ता होने के कारण तस्कर वहां से लाकर जिले में ऊंचे दामों पर बेचते हैं। इससे राजस्व की हानि होती है और अवैध कारोबार को बढ़ावा मिलता है। 'सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकिंग और बढ़ा दी गई है। तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।' साथ ही पुलिस टीम को शाबाशी दी। इस



कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उ0 नि0 दिनेश सिंह यादव, हे0 का0 मनीष कुमार गौड़ और का0 दिलीप यादव शामिल रहे। SP ने टीम के कार्य की सराहना की है।

**बॉर्डर पर क्यों होती है तस्करी?** महराजगंज की नेपाल से खुली सीमा होने के कारण डीजल-पेट्रोल की कीमतों में अंतर का फायदा उठाकर तस्कर सक्रिय रहते हैं। पुलिस अब ड्रोन और मुखबिर तंत्र से निगरानी बढ़ा रही है।

## महराजगंज में खनन माफियाओं पर पुलिस का 'सर्जिकल स्ट्राइक', 2 दिन में 71 वाहन जब्त

» सब-हेड: 45 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 12 लोडर, 4 जेसीबी समेत डपर-ट्रक भी सीज ! स्क बोले- राजस्व और पर्यावरण को नुकसान, अब नहीं बशे जाएंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में अवैध खनन के काले कारोबार पर पुलिस-प्रशासन ने अब तक का सबसे बड़ा प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में चले 48 घंटे के मैराथन अभियान में 45 ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत कुल 71 वाहनों को सीज कर खनन माफियाओं की कमर तोड़ दी गई है। इस कार्रवाई के बाद पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

**कैसे चला 'ऑपरेशन क्लीन माइनिंग'?**

जिले में लंबे समय से रोहिन, गंडक और छोटी गंडक नदियों के किनारे अवैध बालू-मिट्टी खनन की शिकायतें मिल रही थीं। खुफिया इनपुट के बाद SP ने सभी थानों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रणनीति बनाई। 26 और 27 मई को तड़के से ही संयुक्त टीमों ने जिले के संवेदनशील नदी तटों, निर्माणाधीन साइटों और खनन प्रभावित गांवों*को घेर लिया। ड्रोन और सादे कपड़ों में तैनात पुलिसकर्मियों ने पहले रेकी की, फिर एक साथ कई जगहों पर दबिश दी गई। रात के अंधेरे में चल रहे अवैध खनन



और बिना नंबर के वाहनों को मौके पर ही धर दबोचा गया।

**2 दिन, 71 वाहन सीज: आंकड़े बोलते हैं सीज वाहन विवरण**

**1**-26 मई 2026 को 24 वाहन ,13 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 7 लोडर, 2 जेसीबी, 2 डम्पर

**2**-27 मई 2026 को 47 वाहन, 32 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 5 लोडर, 2 जेसीबी, 5 डम्पर, 1 ट्रक, 1 पिकअप, 1 बाइक

**3**-कुल 71 वाहन में 45 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 12 लोडर, 4 जेसीबी, 7 डम्पर, 1 ट्रक, 1 पिकअप, 1 दोपहिया

हर वाहन से खनन अनुमति और परिवहन के वैध प्रपत्र मांगे गए। एक भी चालक संतोषजनक दस्तावेज नहीं दिखा पाया। सभी वाहनों को सीज कर थानों में खड़ा कर दिया गया है और खनन अधिनियम व IPC की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

**SP शक्ति मोहन अवस्थी ने दी दो-टूक चेतावनी**

'अवैध खनन केवल सरकारी राजस्व की चोरी नहीं है। ये हमारी नदियों को खोखला कर रहा है, बाढ़ का खतरा बढ़ा रहा है और कानून-व्यवस्था को चुनौती दे रहा है। महराजगंज में जीरो टॉलरेंस नीति है। जो भी



इस काले धंधे में शामिल पाया गया, उसकी गाड़ी ही नहीं, संपत्ति भी जब्त होगी। SP ने सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिया है कि बीट स्तर पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाए। नदियों के पास बने अवैध रास्तों को JCB से खोदकर बंद किया जाए और रात में विशेष गश्त बढ़ाई जाए।

**क्यों अहम है ये कार्रवाई?**

1. **पर्यावरण बचाव:** नदियों के अंधाधुंध खनन से तटबंध कमजोर हो रहे थे। हर साल बाढ़ का खतरा बढ़ रहा था।
2. **राजस्व का नुकसान:** सरकार को करोड़ों के राजस्व की चपत लग रही थी। वैध खनन पट्टाधारक भी परेशान थे।
3. **माफिया राज पर चोट:** ये कार्रवाई सीधे तौर पर संगठित खनन माफिया के नेटवर्क पर हमला है।

**अब आगे क्या?** पुलिस सूत्रों के मुताबिक ये सिर्फ शुरुआत है। अब वाहनों के मालिकों, फाइनेंसरों और जमीन मालिकों की कुंडली भी खंगाली जाएगी। जिले के सभी एंट्री पॉइंट पर चेक पोस्ट लगाकर 24×7 चेकिंग शुरू कर दी गई है। महराजगंज पुलिस ने साफ कर दिया है-अब नदियों की छाती छलनी नहीं होने दी जाएगी।

# इलाज के लिए दर-दर भटक रहा किसान, अर्धनग्न होकर तहसील में धरने पर बैठा

**● सड़क पर छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/नवाबगंज।** ओसवाल चीनी मिल से गन्ने के बकाया भुगतान को लेकर क्षेत्र के किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। चौबीस हजार से अधिक किसानों के भुगतान का मुद्दा लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। कई बार धरना-प्रदर्शन और अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद किसानों की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इसी से नाराज होकर मंगलवार को नवाबगंज तहसील परिसर में एक किसान अर्धनग्न होकर धरने पर बैठ गया। क्षेत्र के गांव लाडपुर गौटिया निवासी किसान खेमकरण गंगवार पंडा ने आरोप लगाया कि वह लंबे समय से बीमार चल रहे हैं और इलाज के लिए अपने गन्ने के भुगतान की मांग कर रहे हैं। किसान का कहना है कि एसडीएम उदित पवार, गन्ना समिति सचिव मेघा चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों ने भुगतान कराने की सहमति दे दी है, लेकिन गन्ना समिति चेयरमैन निर्भय गंगवार फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। धरने पर बैठे किसान ने कहा कि उनकी हालत लगातार बिगड़ रही है और इलाज के लिए पैसों की सख्त जरूरत है। इसके बावजूद भुगतान नहीं किया जा रहा। किसान ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 'क्या गन्ना चेयरमैन अधिकारियों से भी बड़े हैं, जो बीमारी देखने के बाद भी फाइल पर साइन नहीं कर रहे। किसान ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वह तहसील परिसर में पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर लेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी गन्ना समिति चेयरमैन की होगी। किसान की इस चेतावनी के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। वहीं, इस मामले में गन्ना समिति चेयरमैन निर्भय गंगवार ने बताया कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है, इसके बावजूद किसान की एक पर्ची का भुगतान करा दिया गया है। दूसरी पर्ची का भुगतान नियमानुसार और न्यायसंगत पाए जाने पर करा दिया जाएगा। गन्ना समिति सचिव मेघा चतुर्वेदी ने कहा कि कमेटी की ओर से फाइल पर हस्ताक्षर होते ही भुगतान जारी कर दिया जाएगा। एसडीएम उदित पवार ने बताया मामला गन्ना समिति का है परंतु किसान तहसील प्रधान आते रहे हैं धरना देने वाले व्यक्ति का भुगतान करायाज चुका है सचिन गन्ना समिति मेघा चतुर्वेदीने बताया धरना दे रहे ग्रामीण के खाते काभुगतान समिति द्वारा पत्नी ब बेटे के इलाज का भुगतान चाहते हैं इसके लिए कौनसे बेटे के नाम के कागजमागे गए परंतु गन्ना समिति अध्यक्षके होना अनिवार्य है उनका स्वस्थ्य ठीक ना होनेके करण मैं तहसील नहीं जा सकते परंतु किसान समिति में नहीं आ रहे हैं जिससे उनके अभिलेख पर हस्ताक्षर किए जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### कारी बडेरी अग्निकांड पीड़ितों के बीच पहुंचे कस्ता विधायक, बांटी राहत सामग्री



**नीमगांव खीरी।** विकासखंड मितौली क्षेत्र के ग्राम कारी बडेरी में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में करीब 50 घर जलकर राख हो गए, जिससे 74 परिवार प्रभावित हुए। अग्निकांड में लोगों की गृहस्थी का पूरा सामान नष्ट हो गया। घटना में पांच पशुओं की मौत,एक मोटरसाइकिल, कई पंपसेट सहित लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान की बात सामने आई है। पीड़ित परिवारों का दर्द सुनकर कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू बीमारी की अवस्था में भी गांव पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। विधायक ने घर-घर जाकर पीड़ितों को सांत्वना दी तथा तात्कालिक राहत सामग्री वितरित की। राहत सामग्री में आटा, दाल, चावल, तेल, चीनी, चायपत्ती, आलू, नमक और सब्जी मसाला आदि शामिल रहे। इस दौरान विधायक ने कहा कि जिन गरीब परिवारों की गृहस्थी पूरी तरह जल गई है, उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने के साथ-साथ आवास एवं भोजन की व्यवस्था भी कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता कर पीड़ितों को शीघ्र सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में शमशाद अली, राजीव वर्मा, प्रभाकर बाजपेई, मुन्ना प्रधान, पंकज जायसवाल, नीतिश गुप्त, भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेश शुक्ल, मिथिलेश कुमार, लोकेश पाल, भारत भार्गव, विजयपाल, मेवालाल, शेर सिंह भार्गव, पतिराखन, पिंकू भार्गव, सुनील भार्गव, रामदास, पूरन वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए जल्द राहत दिलाने की मांग उठाई।

### मोहम्मदी गल्ला मंडी में ठंडे पानी को तरसे अन्नदाता, आरओ न होने पर भड़का किसान संगठन

बहुआयामी समाचार एम डी न्यूज़ चैनल से मोहम्मदी तहसील प्रभारी पंकज कनौजिया की रिपोर्ट



**मोहम्मदी खीरी।** भीषण गर्मी के बीच मोहम्मदी गल्ला मंडी में किसानों को ठंडे पेयजल की सुविधा न मिलने से भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। मंडी में आरओ प्लांट की व्यवस्था न होने के कारण दूर-दराज से गेहूं बेचने आने वाले किसानों को टंकियों का गर्म पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। मंगलवार को भारतीय किसान क्रांति यूनियन संगठन के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शाह ने कार्यकर्ताओं के साथ मंडी पहुंचकर गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और किसानों की समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान किसानों ने जिलाध्यक्ष को बताया कि मंडी में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी में घंटों लाइन में खड़े किसानों को ठंडा पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी प्रशासन की ओर से अभी तक आरओ लगाने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेता शैलेंद्र शाह ने मंडी सचिव राजेश वर्मा से मुलाकात कर किसानों की समस्या को गंभीरता से उठाया। इस पर मंडी सचिव ने बताया कि मंडी में आरओ प्लांट लगवाने के लिए लखनऊ मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा जा चुका है और स्वीकृति मिलते ही आरओ की स्थापना कर दी जाएगी। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शाह ने कहा कि किसानों की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भीषण गर्मी को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था पर जोर दे रही है, लेकिन मोहम्मदी गल्ला मंडी में अब तक कोई ठोस कदम न उठाया जाना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं हुई तो संगठन किसानों के हित में बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस दौरान किसान राजेश, रमेश, महेश, परवेज, रणजीत सिंह, रोहित सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। वहीं संगठन की ओर से मनोज शर्मा, राजेश शर्मा, बचन द्विवेदी, मोहित सिंह, गुलजारी वर्मा समेत पूरी टीम मौके पर मौजूद रही।

## भारत के प्रथम प्रधानमंत्री की पुण्य तिथि मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर,खीरी-** 27 मई को कांग्रेस भवन पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में महान स्वतंत्रता सेनानी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि मनाई गई। उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रवि तिवारी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी ने कहा कि आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखने वाले लोकतांत्रिक मूल्यों के अडिग प्रहरी वैज्ञानिक सोच औद्योगिक विकास और आर्थिक अपने वार्ता की मार्गदर्शक विविधता में एकता के विचार को जन्मदिन तक पहुंचने वाली भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की आज हम लोग पुण्यतिथि मना रहे हैं द्य उनकी दूरदर्शी सोच संस्थाओं के निर्माण की प्रतिबद्धता और प्रगतिशील नेतृत्व करें भारत को विश्व मंच पर नहीं पहचान दिलाई। साथ ही तिवारी ने यह भी बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बड़े संपन्न परिवार में जन्म लेने के बावजूद देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते रहे और लंबा समय जेल में बिताया। नेहरू ने स्वतंत्र भारत देश के निर्माण के लिए अपनी अधिकांश संपत्ति दान कर सरकारी संस्थाओं एवं संसाधनों की नींव रखी, जिससे देश को विश्व स्तर पर नई पहचान मिली द्य पंडित नेहरू जी के अमूल्य योगदान के बिना 21वीं साड़ी के भारत के कल्पना अधूरी है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित सलीम अहमद, कोमल सिंह, इकबाल अहमद, महेंद्र कुमार गौतम , लतीफ आजम, सत्रोहन लाल, गुलफाम अहमद आदि।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूण्डला इकाई द्वारा धूमधाम से मनाई गई बाबू बालेश्वर लाल की 39 वीं पुण्यतिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला –** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूण्डला जनपद फिरोजाबाद इकाई द्वारा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल की 39 वीं पुण्यतिथि स्टेशन रोड स्थित होटल जे.एस में मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनिया व मंडल संगठन मंत्री राजू उपाध्याय ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया व स्व.श्री बाबू बालेश्वरलाल के चित्र पर भी माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद तहसील टूण्डला संरक्षक अरुण रावत व तहसील अध्यक्ष विवेक शर्मा ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व.श्री बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर माल्यार्पण किया। तदोपरांत उपस्थित सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने अपने पुष्प अर्पित किए और स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने श्री बाबू बालेश्वर लाल के जीवन परिचय के बारे में बताया और कहा कि किस प्रकार से इस संगठन की स्थापना उन्होंने की थी। इसके बाद उपस्थित सभी पदाधिकारीयो ने बारी बारी अपने-अपने विचार व्यक्त किये और स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में तहसील अध्यक्ष विवेक शर्मा ने अपने उद्बोधन में बाबू बालेश्वर लाल को याद किया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां, मंडल संगठन मंत्री राजू उपाध्याय, संरक्षक तहसील टूण्डला कार्यकारिणी अरुण रावत, तहसील अध्यक्ष विवेक शर्मा, उपाध्यक्ष संजय शर्मा, संतोष शर्मा, महामंत्री देवेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग, संगठन मंत्री उपेंद्र कुमार, योगेंद्र सिंह, ताहिर सिद्दीकी, दिनेश कुमार, धीरज कुमार, कुलदीप उपाध्याय, पुष्पेंद्र कुमार, रिंकू यादव आदि पदाधिकारी सदस्य गण उपस्थित रहे।

## ईद उल अजहा की नमाज का समय घोषित

अंजुमन इस्लामिया खीरी जारी की सूची खुले में कुर्बानी न करने की अपील

**खीरी टाउन लखीमपुर-** कस्बा खीरी में ईद उल अजहा की नमाज को लेकर समय तय कर दिया गया है अंजुमन इस्लामिया खीरी में सभी लोगों से निर्धारित समय का पालन करते हुए शांति पूर्ण माहौल मैं ईद उल अजहा की नमाज अदा करने की अपील की है साथ ही जिम्मेदार लोगों से अनुरोध किया है की की ईद अजहा की नमाज ईदगाह और मस्जिदो के परिसर मैं ही अदा कराई जाए ताकि आवागमन में किसी तरह की समस्या ना हो अंजुमन इस्लामिया खीरी की तरफ से लोगों से अनुरोध किया गया है की कुर्बानी खुले जगह में बिल्कुल ना की जाए साथ ही उसके अवशेष भी इधर-उधर ना फेके कुर्बानी का फोटो वह वीडियो वायरल ना करें कस्बा खीरी की ईदगाह व मस्जिदों के नमाज के समय की सूची जारी करते हुए अंजुमन इस्लामिया के महासचिव जकी गौरी ने बताया की 28 मई को ईद उल अजहा मनाई जाएगी उन्होंने सभी लोगों से आपसी सौहार्द भाईचारे और देश में अमन चैन दुआ करने की अपील की !।

## अंग्रेजी शासन काल में बना अप्सरा नदी का वाधहुआ जर्जर

**● पुल निर्माण की विधायक ने की मांग कोई ठोस कार्रवाई नहीं**

**विकासखंड भदपुरा की सबसे प्रमुख समस्या है आश्वासन को कई बार मिला पर कार्यवाही नहीं जनता के हाथ लगी मायुसी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/ क्योलड़िया नवाबगंज-** क्योलड़िया मार्ग पर अप्सरा नदी स्थित क्योलड़िया डैम के पास पुल निर्माण की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। क्षेत्रीय विधायक और दर्जनों गांव के ग्राम प्रधानों ने उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर पुल निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि आठ से नौ दशक पुराना जर्जर डैम से ही बड़े वाहनों का आवागमन होता है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यहां डैम के पास सैकड़ों गांवों के आवागमन के लिए पुल निर्माण आवश्यक है। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष शशि कपूर समेत दर्जनों गांवों के प्रधानों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ एम पी आर्य को लिखित शिकायत कर अवगत कराया कि क्योलड़िया डैम अंग्रेजी शासनकाल में बनाया गया था और वर्तमान में इसकी स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। इसी डैम से होकर तहसील और ब्लॉक मुख्यालय तक लोगों का आवागमन होता है। क्षेत्र के खंड विकास कार्यालय, खंड शिक्षा कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय, कृषि विभाग, पुलिस स्टेशन, बैंक, विद्यालय और कॉलेज समेत तमाम सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों तक पहुंचने के लिए लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि डैम से बड़े वाहनों का आवागमन संभव नहीं होने के कारण क्षेत्र के विकास पर असर पड़ रहा है। लोगों को 15 से 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है,। जिससे व्यापारियों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कच्चा और पक्का माल लाने-ले जाने में भी दिक्कतें बनी हुई हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पुल निर्माण होने से क्षेत्र के हजारों लोगों को राहत मिलेगी और आवागमन सुगम हो सकेगा। जिस पर विधायक ने राज्य सेतु निगम से पुल निर्माण की मांग करते हुए पत्र दिया। पत्र पर सेतु निगम ने जांच की तो पुल की अधिक लंबाई होने के चलते सेतु निगम ने लोक निर्माण विभाग को स्टीमेट बनाकर भेजने को कहा। ग्रामीणों को आंशका है इस अप्सरा नदी के बांध का निर्माण न होने से किसी दिन बड़ा हदसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि किसी बात के ऊपर से स्कूल जाने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को लेकर वहां आते-जाते हैं किसी के ऊपर सेह कर गन्ने से अरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ही निकलते हैं एक दशक को विभाग ने इस बांध के ऊपरसे भारी वाहनों का निकलना वर्जित कर दियाथ परंतु अब 10 वर्षो से उसे पुणे खोल दिया गया है। जोकिसी भी समय बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है विभाग इस परआंख मीच बैठाहआ है।

## ब्लैकलिस्ट' वाले बाबू और 'ग्रीन गैंग' का डाका:आंधी की आड़ में कत्लेआम, रक्षक ही बन गए भक्षक!

**● आपदा बनी लकड़ी माफिया की 'लॉटरी', सच बोलने वालों के फोन ब्लॉक, साहबों की जेबें फुल!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैंगलगंज-खीरी:** एक तरफ सरकार अरबों रुपये फूंककर वृक्षारोपण अभियान' के ढोल पीट रही है, तो दूसरी तरफ मैंगलगंज वन रेंज में सरकारी नाक के नीचे हरियाली का ऐसा 'जनाजा' निकाला जा रहा है जिसे देखकर रूह कांप जाए। यहाँ प्रकृति पर आई आंधी-तूफान की आपदा, खूंखार लकड़ी माफिया (लकड़कट्टों) के लिए 'महा-अवसर' बन चुकी है।वन विभाग के रहमोकरम पर फल-फूल रहा 'ग्रीन गैंग' आंधी में गिरे पेड़ों को हटाने के परमिट की आड़ में, सीधे खड़े और लहलहाते हरे-भरे पेड़ों की दिनदहाड़े 'बलि' चढ़ा रहा है ग्रामीणों का चीख-चीख कर कहना है कि यह विनाशलीला किसी और के दम पर नहीं, बल्कि महकमे के ही कुछ 'सफेदपोश' और घूसखोर अफसरों की शह पर खेली जा रही है।

**दिन में कत्लेआम, रात में 'माल' पार: ऐसे चल रहा है मौत का खेल**

सूत्रों की मानें तो मैंगलगंज के जंगलों में इन दिनों 'अंधेर नगरी-चौपट राजा' वाला हाल है। आंधी में गिरे पेड़ों को उठाने की आड़ में लकड़कट्टों की तो जैसे चांदी कट गई है। **खौफनाक खेल:** दिन के उजाले में बेखौफ होकर चीखती आरियां हरे-भरे पेड़ों का सीना चीरती हैं। सन्नाटे में तस्करीः सूरज ढलते शाम होते ही और अंधेरे का फायदा उठाकर लग्जरी गाड़ियों और ट्रकों में इन (कीमती लकड़ियों) को लादकर सुरक्षित ठिकानों पर ठिकाने लगा दिया जाता है।? 'बिना साहबों को 'मोटा माल पहुंचाए, किसी की मजाल है जो वन रेंज से एक पत्ता भी हिला दे? यह सब ऊपर से नीचे तक बंटी मलाई का नतीजा है! ' नाम न छापने की शर्त पर एक आक्रोशित ग्रामीण?साहब का गजब फॉर्मूलाः सच बोलने वाले 'ब्लैकलिस्ट', लकड़ी चोरों को 'ग्रीन सिग्नल'! इस पूरे खेल में सबसे शर्मनाक और हैरान करने वाला खुलासा वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर हुआ है। अमूमन पुलिस और प्रशासन अपराधियों को ब्लैकलिस्ट करता है, लेकिन मैंगलगंज वन रेंज के 'करमचंद' साहबों का कानून ही उल्टा है।?अधिकारियों का 'ब्लॉक' अस्त्रः क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और बेबाक पत्रकारों का आरोप है कि जब भी कोई रक्षक को उसकी जिम्मेदारी याद दिलाने के लिए अवैध कटान की लाइव सूचना देता है, तो साहब फोन उठाने के बजाय उस नंबर को सीधे 'ब्लैकलिस्ट' (Block) में डाल देते हैं। **चोरों से यारी, जनता से दूरी:** अधिकारियों ने जनता से तो नाता तोड़ लिया है, लेकिन लकड़ी माफियाओं के लिए उनके दिल के दरवाजे और मोबाइल नेटवर्क 24 घंटे खुले रहते हैं।

**सातवें आसमान पर हौसले: क्या मरुस्थल बन जाएगा मैंगलगंज?**

स्थानीय स्तर पर सांठगांठ इतनी लोहे जैसी मजबूत है कि ग्रामीणों द्वारा लखनऊ तक लगाई गई गुहार भी फाइलों में दम तोड़ चुकी है। कार्रवाई के नाम पर केवल 'सन्नाटा' पसरा है, जिससे माफियाओं के हौसले सातवें आसमान पर हैं। बड़ा सवालःअगर खीरी के इस हरित कवच (Green Cover) को यूं ही विभागीय दीमक चाटती रही, तो वो दिन दूर नहीं जब मैंगलगंज का खूबसूरत इलाका रेगिस्तान की तर्ज पर धधकने लगेगा।

**अब आर-पार के मूड में जनता: क्या जागेगा आला हाकिम?**

मैंगलगंज की पीड़ित और आक्रोशित जनता ने अब आर-पार की लड़ाई का मूड बना लिया है। स्थानीय लोगों ने सूबे के मुखिया और वन विभाग के आला अधिकारियों से इस 'महाघोटाले' की निष्पक्ष, उच्च स्तरीय जांच और दोषी अफसरों को सस्पेंड करने की मांग की है।?अब देखना यह होगा कि इस सनसनीखेज खुलासे के बाद लखनऊ में बैठे रक्षक कुंभकर्णी नींद से जागते हैं या फिर मैंगलगंज में 'ब्लैकलिस्ट' का यह गंदा खेल और हरियाली का कत्लेआम यूं ही बदस्तूर जारी रहेगा!

## क्लस्टर घोटाला प्रकरण में जांच कमेटी गठित

**● पीड़ित महिलाओं ने निष्पक्षता पर उठाए सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही-खीरी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत बेलरायां क्लस्टर में करोड़ों रुपये के कथित घोटाले के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसी एनआरएलएम ने जांच कमेटी गठित कर दी है। हालांकि जांच टीम के गठन के बाद स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी पीड़ित महिलाओं ने जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गठित जांच टीम में रमियाबेहड़ के एडीओ पंचायत अनुज कुमार अवस्थी, फूलबेहड़ के अनुराग पांडेय तथा निघासन के प्रभारी एडीओ राकेश कुमार को शामिल किया गया है। लेकिन महिलाओं का आरोप है कि जिन अधिकारियों के कार्यकाल में यह कथित भ्रष्टाचार हुआ, उन्हीं के अधीन जांच कराई जा रही है, ऐसे में निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद कम है। पीड़ित महिलाओं ने विशेष रूप से निघासन क्षेत्र के अधिकारी को जांच टीम में शामिल किए जाने पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि स्थानीय अधिकारियों के रहते निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। महिलाओं ने मांग की है कि किसी अन्य जिले की एडीएम स्तर की स्वतंत्र टीम से पूरे प्रकरण की जांच कराई जाए।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि ग्राम जसनगर स्थित इच्छा ग्राम संगठन का करीब पांच लाख रुपये प्रकाश ग्राम संगठन के खाते में ट्रांसफर कराया गया। इस मामले में सीएलएफ की सचिव सुकेता तिवारी पर रुपये लेने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। घोटाले से नाराज महिलाओं ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस पूरे मामले को लेकर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। क्षेत्र में चर्चा का विषय बने इस कथित घोटाले ने एनआरएलएम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जहां भरोसे की नींव रखी जाती है, वहीं कानून सबसे मजबूत खड़ा होता है...

**लखीमपुर खीरी-** में आज सिर्फ एक पुलिस चौकी का उद्घाटन नहीं हुआ, बल्कि सुरक्षा, संवेदनशीलता और त्वरित न्याय के नए अध्याय की शुरुआत हुई। थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी गढ़ी का उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा किया गया।इस अवसर पर मा0 सदर विधायक श्री योगेश वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक श्री पवन गौतम एवं एएसपी/ क्षेत्राधिकारी सदर श्री विवेक तिवारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने स्पष्ट संदेश दिया कि पुलिसिंग अब केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, त्वरित सहायता और सुरक्षित वातावरण की प्रतिबद्धता है।नवनिर्मित चौकी गढ़ी अब क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की मजबूती और आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने का मजबूत केंद्र बनेगी। यह पहल बताती है कि खीरी पुलिस केवल कानून लागू नहीं कर रही...बल्कि जनता के बीच सुरक्षा का भरोसा भी स्थापित कर रही है।

## प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमेन्द्र पोनिया का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** टूण्डला प्रेस क्लब व प्रेस क्लब टूण्डला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सोमेन्द्र पोनिया का जन्मदिवस बुधवार को प्रेस क्लब कार्यालय पर बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों, सदस्य पत्रकारों एवं शुभचिंतकों ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि सोमेन्द्र पोनिया लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहकर निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा पत्रकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर भी अपनी मजबूत भूमिका निभाई है। उनके व्यवहार, कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण की सभी ने सराहना की। जन्मदिवस समारोह के दौरान प्रेस क्लब परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। साथी पत्रकारों ने फूलमालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं और प्रेस क्लब की एकता को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक राजू उपाध्याय, हेमन्त उपाध्याय, पुनीत रावत, सीपी रावत, अध्यक्ष राधेश्याम चौहान, अरुण रावत, रामपाल सिंह, हितेन्द्र यादव, राष्ट्रदीप जैन, गिरधारी लाल, संतोष शर्मा, संजय शर्मा, सुनील गर्ग, अनिल शर्मा, देवेन्द्र प्रताप, धीरज कुमार, अंकित श्रोतिया, जाविद अली, गुलाब सिंह, योगेंद्र सिंह, अनुज रावत, महेश ठेनुआ, उपेंद्र यादव, ताहिर सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने दी जान, इंस्टाग्राम वीडियो में छलका दर्द

**● वीडियो में प्रेमिका का नाम लेकर कहा- 'तुम्हारे बिना जी नहीं सकते ', जांच में जुटी पुलिस**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही।** थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक दर्दनाक मामला सामने आया है। कस्बे के गुड़मंडी वार्ड नंबर 09 निवासी एक युवक ने इंस्टाग्राम पर भावुक वीडियो साझा करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गुड़मंडी वार्ड नंबर 09 निवासी इरफान पुत्र नईम का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व भीरा क्षेत्र की युवती रेशमा के साथ हुआ था। बताया जाता है कि शादी के कुछ समय बाद पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी मायके चली गई थी। इसी दौरान इरफान का एक विवाहिता महिला से प्रेम प्रसंग हो गया। चर्चा है कि जनवरी माह में महिला अपने पति का घर छोड़कर इरफान के साथ चली गई थी। महिला के पति ने मामले में इरफान के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा भी दर्ज कराया था। बताया जाता है कि इसके बाद दोनों करीब चार माह तक लखनऊ में रहकर मजदूरी करते रहे। कुछ दिन पहले महिला वापस अपने पति के पास लौट आई, जिससे इरफान मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। वह भी लखनऊ से वापस सिंगाही आ गया था। मंगलवार रात इरफान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में उसने प्रेमिका का नाम लेते हुए कहा कि वह उसके बिना जीवित नहीं रह सकता। साथ ही अपनी मौत के बाद महिला को परेशान न करने की अपील भी की। वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में चर्चा फैल गई। बताया जाता है कि वीडियो देखने के बाद आसपास के लोग इरफान के घर पहुंचे, जहां वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे से जानकारी लेने के लिए फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर अपलोड वीडियो सहित पूरे मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### लालानगर टोल प्लाजा पर गूंजे देशभक्ति गीत, सड़क सुरक्षा व हीटवेव से बचाव को चला जागरूकता अभियान




**भदोही।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन भदोही द्वारा जनहित एवं राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए बुधवार को लालानगर टोल प्लाजा पर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के तहत टोल प्लाजा से गुजरने वाले यात्रियों को सड़क सुरक्षा नियमों और हीटवेव से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान देशभक्ति गीतों का भी प्रसारण किया गया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो उठा। अभियान के दौरान राहगीरों को वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीने, अनावश्यक धूप में बाहर न निकलने और सावधानी बरतने के संदेश प्रसारित किए गए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा और राष्ट्रभक्ति से जुड़े ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही हर दुर्घटना और आपदा से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक जरूरी सुरक्षा संदेश पहुंचाना है, ताकि लोग स्वयं भी जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

### दस दिवसीय समर कैंप का समापन




**चुनार, मीरजापुर।** मंगलवार को संत थॉमस स्कूल ग्रीष्म कालीन अवकाश के पूर्व मे दस दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में नए कौशल सीखे और उनका प्रदर्शन किया। कैम्प में क्रिकेट, वालीबाल, बैडमिंटन, नृत्य गायन, लूडो, कराटे और चित्रकला जैसे कार्यक्रमों के तहत छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। इन क्षेत्रों के विद्वान और प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने बच्चों को सिखाया। समापन के दौरान प्रधान अध्यापिका सिस्टर ग्रीटी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कैंप में अर्जित ज्ञान और जीवन में उतरने और उसमें लगातार सुधार करने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों से अपने ज्ञान के माध्यम से परिवार और समाज के विकास में योगदान से निश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का दौरान प्रतिभागी छात्राओं में अपने सीखे हुए ज्ञान का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा सभी प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पूजा मैम, रवि सरवीरेंद्र सर, श्वेता मैम, समीर सर सहित अन्य अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहें।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक की मनाई गई पूर्ण तिथि



**सीखड़ मीरजापुर,** विकास खण्ड सीखड़ के खैरा स्थित पत्रकार शीतलेश्वर प्रसाद पाठक के आवास पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण पत्रकारिता को नई दिशा और पहचान दिलाने का कार्य किया। उन्होंने गांव, गरीब और किसानों की आवाज को मुख्यधारा तक पहुंचाने के लिए संघर्ष किया। वहीं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन विंध्याचल मंडल के मीडिया प्रभारी शीतलेश्वर प्रसाद पाठक ने अपने सम्बोधन में कहा कि बालेश्वर लाल जी निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता के प्रेरणास्रोत थे। इस अवसर पर ज्ञानधर शुक्ला, रतन पांडेय, राजेश सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, रविशंकर मिश्रा, संजय तथा रविंद्र नाथ शुक्ला सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे।

## गंगा दशहरा पर विंध्याचल में उतरी आस्था की अनुपम छटा, पक्का घाट की दिव्य आरती में उमड़ा जनसैलाब

● पुरी रात्रि चली सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार विशिष्ट अतिथि नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विन्ध्याचल** गंगा दशहरा के अवसर पर मंगलवार शाम विंध्याचल के ऐतिहासिक पक्का घाट पर भक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला मॉं गंगा के अवतरण दिवस पर आयोजित भव्य महाआरती और वैदिक पुजन सांस्कृतिक कार्यक्रम ने घाट को दिव्यता से सराबोर कर दिया। दीपों की रोशनी, गूंजते वैदिक मंत्र, डमरू निनाद और हर-हर गंगे के जयघोष के बीच श्रद्धालु पुरी रात तक भक्ति में डूबे नजर आए विन्ध्य विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए गंगा आरती प्रमुख रामानन्द तिवारी के द्वारा मां गंगा की अष्टधातु प्रतिमा का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद दूध, पुष्प, फल और मिष्ठान से मां गंगा का विशेष अभिषेक कर षोडशोपचार पूजन संपन्न हुआ। श्रद्धा स्वरूप मां गंगा को पियरी साड़ी अर्पित किया गया मुख्य अतिथि को संकल्प व मॉं गंगा का विशेष वैदिक पूजन गंगा स्तुति से कराकर मॉं गंगा का महा आरती प्रारंभ किया गया

महाआरती के दौरान 5 वैदिक ब्राह्मणों ने एक साथ दीप स्तंभों के साथ मां गंगा की आरती उतारी, जबकि 101 कन्याओं ने रिद्धि-सिद्धि के प्रतीक स्वरूप आरती की थाली लेकर मातृशक्ति का आह्वान किया घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर मां गंगा से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की उसके बाद मॉं विंध्यवासिनी श्रवण वेद पाठ शाला के प्रधानाचार्य आचार्य अगस्त द्विवेदी के सानिध्य में वैदिक बटुको ने चार वेद व गंगा लहरी का पाठ किया मुख्य अतिथि/ अध्यक्ष पवन कुमार गंगवार ने कहा कि मां गंगा भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं सभी लोग मॉं गंगा को स्वच्छ रखें वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट/सचिव अविनाश कुमार ने कहा कि गंगा दशहरा केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति के प्रति आस्था व्यक्त करने का अवसर भी है उसके बाद शास्त्री संगीत महुआ बनर्जी ने गंगा के लहरो में ज्योत जले मैया व सागर मिश्रा ने हे दुःख भजन मारुति नंदन से समा बांधा मनीष शर्मा ने कत्थक नृत्य से मॉं गंगा अवतरण पर वाहवाही बटोरी नीरज मिश्रा ने सितार से जगजननी जय जय से हाजिरी लगाई बांसुरी पर सुधीर गौतम तबला पर देव नारायण मिश्रा ने चार चांद लगाया उसके बाद भजन संध्या में रविशंकर शास्त्री ने राम भक्त ले चला रे गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया उसके बाद जय चौरसिया ने मानो तो मै गंगा मॉं हु न मानो तो बहता पानी से हाजरी लगाई सृष्टि ने मॉं का कजरी गाया कल्पना पाण्डेय ने निमिया के डाली मैया गाकर वाहवाही बटोरी किर्ती सिंह ने चलो बुलावा आया है गाया अरविंद शर्मा ने मॉं तो मॉं होती है व संचालन संजय श्रीवास्तव ने गंगा आरती प्रमुख रामानन्द तिवारी व टीम के द्वारा अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व माता का चित्र देकर सम्मान किया मौके पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश मिश्र, राजन पाठक, दुर्वासा मिश्र, शिवराम शर्मा, ईश्वर दत्त त्रिपाठी, जगदीश सैनी सुनील सोनी, नितेश दुबे, धुव्र तिवारी, अमरेंद्र सिंह गंगा आरती टीम में जितेन्द्र मिश्रा, प्रशांत उपाध्याय, धीरज तिवारी, दिनेश गुप्ता, आनन्द तिवारी, गगन माली, रितिक मोदनवाल, हिमांशु मिश्रा, राज तिवारी, राम जी माली, रमेश जी।

### साइबर ठगी के शिकार युवक के खाते में वापस कराए गए 66,400 रुपये




**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां ने साइबर ठगी के शिकार युवक के खाते में 66,400 रुपये वापस कराए। भिखमापुर निवासी शुभम मौर्या को साइबर अपराधियों ने आईफोन जीतने का लालच देकर 80,001 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर साइबर हेल्प डेस्क ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से धनराशि होल्ड कराकर 66,400 रुपये वापस कराया। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित व परिजनों ने भदोही पुलिस और साइबर हेल्प डेस्क का आभार जताया।

## बिहरोजपुर और बेरासपुर गंगा घाटों से बालू की ढुलाई, जिम्मेदार बने मुकदर्शक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जिले में गंगा घाटों से बालू खनन और ढुलाई पर रोक होने के बावजूद बिहरोजपुर गंगा घाट और बेरासपुर गंगा घाट से कथित तौर पर अवैध बालू की ढुलाई धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा खेल पुलिस की मिलीभगत से संचालित हो रहा है, जबकि जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं। विदित हो कि पिछले माह खनन विभाग ने बेरासपुर गंगा घाट से अवैध बालू ढुलाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की थी, लेकिन उसके बावजूद हालात में कोई खास बदलाव नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिले के गंगा घाट कछुआ सेंचुरी क्षेत्र घोषित होने के कारण यहां बालू निकासी पर पूरी तरह प्रतिबंध है, फिर भी अवैध कारोबार करने वाले बेखौफ होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से बालू ढुलाई कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार चकपड़ौना तिराहा, सुजातपुर, बिहरोजपुर और बेरासपुर क्षेत्र में अवैध धंधे से जुड़े लोग बाइक से निगरानी करते रहते हैं। वहीं गंगा घाटों से ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बालू लादकर तेज रफ्तार में वाहनों का आवागमन हो रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

सूत्रों का दावा है कि स्थानीय पुलिस और अवैध बालू कारोबारियों की मिलीभगत से यह धंधा फल-फूल रहा है। दूसरी ओर जिला प्रशासन लगातार अवैध खनन और ढुलाई पर रोक लगाने का दावा करता है। इसके बावजूद घाटों पर नावों से बालू निकालकर खुलेआम भंडारण और बिक्री होने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। अब क्षेत्र में चर्चा इस बात की है कि जब प्रशासन बालू निकासी पर पूरी तरह प्रतिबंध की बात करता है, तो फिर खुलेआम हो रही ढुलाई आखिर किसकी संरक्षण में चल रही है। फिलहाल लोगों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है कि इस अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक कब तक लग पाती है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (उ.प्र.) जनपद भदोही द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (उ.प्र.) जनपद भदोही द्वारा संस्था के संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल जी की 39वीं पुण्यतिथि पर आदर्श बाल निकेतन जूनियर हाईस्कूल, जयरामपुर, घोसिया में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं पत्रकारों ने स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी एव सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्याम मणि त्रिपाठी उप जिलाधिकारी, जितेंद्र गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोपीगंज , एबरार अली पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत घोसिया, रईस अहमद समाजसेवी घोसिया, डॉ लक्ष्मी धर चतुर्वेदी संरक्षक सहित मंडल के महामंत्री मुकेश दुबे, राकेश द्विवेदी उपाध्यक्ष, सुशील पांडे मंत्री,अनिल दुबे सदस्य, को अंगवस्त्रम मोमेंटो माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा. श्याममणि त्रिपाठी जी ने कहा कि स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण पत्रकारिता को नई पहचान दिलाने का कार्य किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर पत्रकार समाज की आवाज को मजबूती दे सकते हैं। विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र गुप्ता जी अध्यक्ष न.पा.प. गोपीगंज ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन हमेशा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाता रहा है।

विशिष्ट अतिथि अबरार अली जी पूर्व अध्यक्ष न.प. घोसिया ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। निष्पक्ष पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। अतिथि समाजसेवी. रईस अहमद . घोसिया ने कहा कि स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी का जीवन पत्रकारों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके योगदान को कभी




भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अमृतलाल अग्रहरि तथा संचालन आशीष मोदनवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे अमर बहादुर सिंह, दिनेश यादव उर्फ दादा, मो. मासुम एवं दिलशाद अहमद, देवेंद्र मिश्रा, मुकेश कुमार यादव, मिराज अहमद,चंदन मोदनवाल, राकेश बरनवाल, राजकुमार त्रिपाठी, रामदत्त पाठक, दीपक तिवारी, आशीष उपाध्याय, श्याम शुक्ला, पंकज सिंहसहित अन्य पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पशुओं के प्रति क्रूर व्यवहार करने वाले (पशु क्रूरता निवारण अधिनियम) 05 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 05 राशि भैंस/पड़वा बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जानवरों के प्रति क्रूरता करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में औराई पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत 05 व्यक्तियों को जानवरों के साथ क्रूरता करने के आरोप में 05 अभियुक्तों गिरफ्तार किया गया है

दिनांक 27/05/2026 को औराई पुलिस को थाना औराई अंतर्गत ग्राम उपरौठ क्षेत्र में पशुओं पर क्रूर अत्याचार होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए नि0 शेतान्षु शेखर पंकज की टीम द्वारा मौके पर छापेमारी की गई। मौके पर पाया गया कि 05 अभियुक्तों द्वारा मवेशियों को बुरी तरह पीटते हुए अवैध रूप से पिकअप वाहन में ठूंस-ठूंस कर ले जाना तथा अन्य क्रूर व्यवहार किया जा रहा था। अभियुक्तों द्वारा 05 राशि भैंस/पड़वा को अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया था। स्थानीय पुलिस टीम ने सभी पीड़ित पशुओं को मौके से रेस्क्यू (मुक्त) कराकर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। कुल 05 अभियुक्तों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके विरुद्ध थाना औराई में मु0अ0सं0 204/2026 धारा 11 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम थाना औराई जनपद भदोही के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

भदोही पुलिस आम जनता से अपील करती है कि यदि किसी भी क्षेत्र में पशुओं के प्रति क्रूरता या दुर्व्यवहार की घटना होती है, तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन या डायल 112 नंबर पर दें। जानवरों के साथ क्रूरता एक गंभीर अपराध है और पुलिस इसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के लिए कटिबद्ध है।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**

निरीक्षक शेतान्षु शेखर पंकज, हे0का0 कमलेश सिंह यादव, का0 रंजीत, कां0 पवनेश राय, कां0 शेषनाथ वर्मा, रि0कां0 रामजी, रि0कां0 शिवम राजपूत थाना औराई जनपद भदोही।

### पोषण मिशन की बैठक में कुपोषण मुक्त जनपद बनाने पर जोर



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति एवं पोषण मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं से जुड़ी पोषण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पोषण मिशन के कार्यों में तेजी लाते हुए लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त जनपद बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के वजन, ऊंचाई मापन, स्वास्थ्य परीक्षण तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार वितरण की समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पुष्टाहार का वितरण डोर-स्टेप व्यवस्था से कराया जा रहा है और नई होम डिलीवरी व्यवस्था में लाभार्थियों को ओटीपी आधारित प्रणाली से पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र की प्रगति की भी समीक्षा हुई, जिसमें बताया गया कि गत माह 24 बच्चों को भर्ती कर उपचार एवं पोषण सुविधाएं दी गई। जिलाधिकारी ने गंभीर कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी और समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## ग्रामीण पत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूत नींवः राजेंद्र मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर लालगंज।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की ओर से बुधवार को ब्लॉक सभागार में संस्थापक बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि पर ग्रामीण पत्रकारिता दिवस एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ग्रामीण पत्रकारिता को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताते हुए सूचना को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम कहा। मुख्य अतिथि उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मौर्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सूचनाओं का व्यापक महत्व है। बालेश्वर लाल ने दूरदृष्टि के साथ ग्रामीण पत्रकारिता को संगठित स्वरूप देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि वही समाज और गांव तेजी से प्रगति करता है। जहां प्रत्येक व्यक्ति तक निरंतर सूचनाएं पहुंचती हैं। सूचना से जागरूकता, नई सोच और विकास की दिशा तय होती है।अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार डॉ दयाशंकर तिवारी ने कहा कि समय हमेशा चुनौतियां लेकर आता है और सूचना एक ऐसी क्रांति है जो परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती है। यह परिवार और समाज को ज्ञान देकर सुधार का महत्व समझाती है। पत्रकार प्रवीण तिवारी ने कहा कि समय बदल गया है लेकिन सूचनाओं का परिवर्तनकारी स्वरूप आज भी कायम है। पत्रकार आशीष त्रिपाठी ने कहा कि बालेश्वर लाल ने ग्रामीण




पत्रकारिता को संगठित मंच देकर उसे मजबूती प्रदान की। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता शिवकुमारी ने कहा कि सूचनाओं ने महिलाओं के जीवन में निरंतर बदलाव लाने का कार्य किया है और ग्रामीण स्तर पर संगठन नई दिशा दे रहा है। वरिष्ठ पत्रकार श्रीचंद यादव ने कहा कि बालेश्वर लाल ने गांव, समाज और सूचना के महत्व को जोड़ते हुए संगठन को एक नई सोच दी। विशिष्ट वक्ता विमलेश मिश्रा ने कहा कि युवाओं के लिए सूचनाएं बेहद आवश्यक हैं।क्योंकि नैतिकता और सकारात्मक सुझावों से समाज को नई दिशा मिलती है।कार्यक्रम का संचालन श्याम मोहन उपाध्याय ने किया। आभार भूप नारायण मौर्य ने व्यक्त किया। इस दौरान पांच लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वागत रामजी विश्वकर्मा ने किया।इस अवसर पर अशोक सिंह, राकेश त्रिपाठी, भोला गुप्ता, इंद्रमणि पांडे, हरीभूषण शुक्ला, गिरिजाशंकर तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा पर राघव जी का श्रृंगार व भंडारे का हुआ आयोजन



**चुनार, मीरजापुर।** गंगा दशहरा के पर्व पर गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर पर मंगलवार को देर शाम हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया। राघवजी के अर्चक श्रवण कुमार अवस्थी द्वारा विधि विधान से बजरंग बली की पूजा आरती किया गया इस दौरान दर्शन पूजन के लिए भक्तों का ताता लगा रहा। इसके साथ ही श्री राघव जी सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बचाउ लाल सेठ, अनिल कुमार गुप्ता, बृजनंदन कुशवाहा, राजेश कुमार जायसवाल, अंशु अग्रवाल, अंशुमान सेठ, संजय साहू, चंद्रहास गुप्ता,सुजीत यादव, राजू यादव, अखिलेश मिश्रा बच्ची, जगदीश सेठ,राजेश साहू,सुनील रस्तोगी, अमित सेठ, सुमित सेठ, पवन पांडे,पवन सेठ,कान्हा जायसवाल, सिद्धार्थ साहू, सुमित रस्तोगी, प्रतीक राव बैद्य, कान्हा रस्तोगी, सत्येंद्र दुबे, श्यामसुंदर शाह, पवन जायसवाल,सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

## ग्रामीण पत्रकारों के हक की लड़ाई और निष्पक्षता ही बालेश्वर लाल जी को सच्ची श्रद्धांजलिः लाल बहादुर सरोज

● ज्ञानानंद इंटर कॉलेज पड़री में मनाया गया 'ग्रामीण पत्रकारिता दिवस'

● भाजपा जिलाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी की पुण्यतिथि को 'ग्रामीण पत्रकारिता दिवस' के रूप में बेहद गरिमामयी ढंग से मनाया गया। सदर तहसील के अंतर्गत श्री ज्ञानानंद इंटर कॉलेज, पड़री में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में जिले के कोने-कोने से आए पत्रकारों और प्रबुद्धजनों ने स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मीरजापुर के जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने की।

**वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान**

इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, समाज को आईना दिखाने और ग्रामीण अंचलों की आवाज बुलंद करने वाले कई वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया:'पत्रकार रत्न' सम्मानः प्रेस क्लब के संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार अमरेश मिश्र, जी न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर राजेश मिश्रा और दैनिक भास्कर के वरिष्ठ पत्रकार नितिन अवस्थी को उनकी दीर्घकालिक व उत्कृष्ट पत्रकारिता सेवाओं के लिए 'पत्रकार रत्न' से नवाजा गया।

» 'ग्रामीण पत्रकार रत्न' सम्मानः वरिष्ठ पत्रकार विजय प्रताप सिंह और अरुण तिवारी को ग्रामीण अंचलों में बेबाक पत्रकारिता के लिए 'ग्रामीण पत्रकार रत्न' से सम्मानित किया गया।

» मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष का ओजस्वी वक्तव्य

» कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और भाजपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज ने स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी के अवदान को याद करते हुए कहाः

» 'ग्रामीण पत्रकारिता देश के लोकतंत्र की वो बुनियाद है, जिसके बिना विकास की कल्पना अधूरी है। स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी ने उस दौर में ग्रामीण पत्रकारों को संगठित करने का काम किया जब गांवों की आवाज दबा दी जाती थी। आज के समय में भी ग्रामीण पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में, बिना किसी सुख-सुविधा के, समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाते हैं।

» ग्रामीण पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ना और पत्रकारिता में निष्पक्षता बनाए रखना ही बालेश्वर लाल जी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमारी सरकार और संगठन हमेशा पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध है। आज सम्मानित होने वाले सभी पत्रकारों को मैं बधाई देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि वे




ग्रामीण भारत की आवाज को इसी तरह बुलंद करते रहेंगे। '

**संबोधन और आभार**

» कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और सभी आगंतुक अतिथियों व पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया।

**कार्यक्रम में ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित** इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सदर तहसील अध्यक्ष विभूति भूषण सिंह, जिला उपाध्यक्ष गौरव उमर, मंडल अध्यक्ष अशोक मौर्या, पूर्व मंडल अध्यक्ष छानबे सुजीत मोदनवाल प्रधान संघ के प्रदेश सचिव राकेश यादव और प्रभारी रामदेव सरोज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

» इस अवसर पर अभय तिवारी, सत्येंद्र विश्वकर्मा, अरविंद तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, अमित ओझा, कृष्ण कुमार 'सरल' सहित भारी संख्या में स्थानीय पत्रकार, गणमान्य नागरिक और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को मिला सम्मान

● एसडीएम औराई ने प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया उत्साह

मात्र दो दिनों में पूरा किया महत्वपूर्ण जनगणना कार्य, समर्पित शिक्षकों की कार्यनिष्ठा को मिला सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोहीः-** प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में जनगणना 2027 के अंतर्गत सौंपे गए महत्वपूर्ण दायित्वों को मात्र दो दिनों में सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले शिक्षकों को आज उप जिलाधिकारी औराई श्याममणि त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल संबंधित शिक्षकों की कार्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि शिक्षा जगत से जुड़े कर्मियों ने राष्ट्र के इस महत्त्वपूर्ण अभियान में अपनी सक्रिय एवं जिम्मेदार भूमिका निभाई है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारीऔराई श्याममणि त्रिपाठी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान अधिकारियों ने कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में समयबद्धता, शुद्धता और प्रतिबद्धता अत्यंत आवश्यक होती है तथा इन शिक्षकों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और दक्षता के साथ किया है।

सम्मानित शिक्षकों में प्राथमिक विद्यालय डोमनपुर के सहायक अध्यापक शिव सागर पाल शामिल रहे, जिन्होंने तीन एचएलबी–0248 भावेश पट्टी, 0249 डोमनपुर एवं 0769 कोईलरा–का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर के शिक्षक सज्जाद अहमद द्वारा दो एचएलबी–0722 एवं 0723–का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इसके अतिरिक्त कंपोजिट विद्यालय द्वारिकापुर के शिक्षक देव बली बिंद द्वारा एचएलबी 0724 तथा प्राथमिक विद्यालय परानापुर की शिक्षिका तबस्सुम इम्तियाज द्वारा एचएलबी 0606 का कार्य पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ पूर्ण किया गया। अधिकारियों ने सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों ने इस अवसर को अपने जीवन का गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण बताते हुए कहा कि देश की जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य का हिस्सा बनना उनके लिए केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भविष्य में भी उन्हें पूरी निष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं अधिकारियों ने सम्मानित कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए जनगणना 2027 को सफल बनाने में सभी के सामूहिक योगदान की सराहना की।

# चुनाव आयोग को अपनी शक्तियों के तहत वोटर लिस्ट का SIR करने का अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने भारत के चुनाव आयोग (ECI) द्वारा की गई मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (SIR) की वैधता को सही ठहराया और टिप्पणी की कि मतदाता SIR, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाता है। कोर्ट ने फैसला दिया कि चुनाव आयोग के पास संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत SIR करने की शक्ति है, जिसे 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950' और उसके तहत बनाए गए नियमों के साथ पढ़ा जाना चाहिए। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की खंडपीठ ने उन रिट याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया, जिनमें पिछले साल जून में ECI द्वारा बिहार में SIR कराने के लिए जारी की गई अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने माना कि SIR प्रक्रिया का लक्ष्य स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना था, और इन दोनों के बीच सीधा संबंध था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत द्वारा सुनाए गए फैसले में कहा गया: 'जब कानून खुद ही किसी भी समय, दर्ज किए जाने वाले कारणों के आधार पर और चुनाव आयोग को उचित लगने वाले तरीके से, विशेष पुनरीक्षण (Special Revision) करने का अधिकार देता है, तो इस विवादित प्रक्रिया को केवल इसलिए अमान्य नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित पुनरीक्षण के लिए तय की गई सामान्य प्रक्रियाओं के हर पहलू के अनुरूप नहीं है। हमारी सुविचारित राय में यह विवादित SIR, 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है। बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर अनुच्छेद 324 के तहत संवैधानिक जनादेश में नई जान डालता है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बाहर जाकर काम किया।' कोर्ट ने टिप्पणी की कि स्ढ्क्र के माध्यम से जिस उद्देश्य को प्राप्त करने की कोशिश की जा रही थी, उसका स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के संवैधानिक लक्ष्य के साथ सीधा संबंध था। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे चुनाव केवल मतदान की तकनीकी प्रक्रियाओं पर ही निर्भर नहीं होते, बल्कि वे मूल रूप से मतदाता सूचियों की सत्यनिष्ठा, सटीकता और विश्वसनीयता पर निर्भर करते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव होती हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि चुनाव आयोग द्वारा दर्ज किए गए कारण, जिनमें पिछले गहन पुनरीक्षण के बाद से चार दशकों से अधिक का समय बीत जाना, पिछले कुछ वर्षों में बड़े पैमाने पर नामों का जोड़ा जाना और हटाया जाना, तथा तेजी से हुए शहरीकरण और प्रवासन के कारण मतदाता सूचियों में नामों के दोहराव और अशुद्धियों की संभावना का पैदा होना शामिल है। इससे स्पष्ट रूप से उसी 'बुनियादी सत्यनिष्ठा' को बनाए रखने के उद्देश्य से थे। प्रक्रिया ने कानून का उल्लंघन नहीं किया कोर्ट ने इस दलील को खारिज किया कि ECI द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950' और 'मतदाताओं के पंजीकरण नियम, 1960' के विपरीत है। कोर्ट ने इस दलील को भी खारिज किया कि इस प्रक्रिया ने उन लोगों की नागरिकता की धारणा को खत्म कर दिया, जिनके नाम पहले से ही मतदाता सूची में दर्ज है। कोर्ट इस बात की जांच कर रहा था कि क्या ECI के पास संविधान के अनुच्छेद 324, 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950' और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत SIR को उसके मौजूदा स्वरूप में लागू करने की शक्तियां हैं। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने SIR प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई। यह बिहार, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में पूरी हो चुकी है। यह उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान आदि जैसे कई अन्य राज्यों में अभी भी जारी है। इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति देते हुए कोर्ट ने कहा कि वह इस कानूनी सवाल का फैसला करेगा कि क्या ECI के पास इस अभ्यास को करने की शक्ति है। इस साल 29 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। ज़्यादातर याचिकाएं पिछले साल जून में दायर की गई, जब ECI ने बिहार में SIR कराने का फैसला किया था। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स', राजनीतिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव, महुआ मोइत्रा (TMC सांसद), मनोज झा (RJD सांसद), के.सी. वेणुगोपाल (कांग्रेस सांसद), सुप्रिया सुले (NCP सांसद) आदि कुछ याचिकाकर्ता हैं। याचिकाकर्ता: SIR नागरिकता सत्यापन का एक 'चोर-दरवाज़ा' वाला अभ्यास याचिकाकर्ताओं ने व्यापक संवैधानिक चुनौती पेश करते हुए यह तर्क दिया कि स्ढ्क्र मतदाता सूची के संशोधन को नियंत्रित करने वाले वैधानिक ढांचे को मौलिक रूप से बदल देता है।

## मेधावी छात्रा प्रांजलि को साइकिल देकर किया सम्मानित



● सपा सरकार ने बेटियों की शिक्षा को दिया बढ़ावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**झूंसी/प्रयागराज।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान हासिल करने वाली मेधावी छात्रा प्रांजलि प्रजापति को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह झूंसी क्षेत्र के उस्तापुर में सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र पटेल एवं जंग बहादुर पहलवान के संयोजन में आयोजित किया गया। नीबी कला निवासी संदीप प्रजापति की पुत्री प्रांजलि प्रजापति माँ रामदेई इंटर कॉलेज, नीबी कला की छात्रा हैं। उनकी सफलता पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, पार्टी कार्यकर्ता और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने बालिकाओं की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कन्या विद्याधन योजना शुरू की थी, जिससे लाखों छात्राओं को लाभ मिला। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने ही प्रदेश में लैपटॉप योजना लागू कर युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया था। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने छात्र-छात्राओं के हितों की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि हजारों स्कूल बंद किए गए, शिक्षकों की भर्ती नहीं हो रही है और आए दिन पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसके चलते युवाओं में निराशा बढ़ रही है और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। समारोह में मौजूद एमएलसी डॉ मानसिंह यादव और विधायक विजमा यादव ने भी भाजपा सरकार पर युवाओं, किसानों, महिलाओं और बेरोजगारों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सपा सरकार बनने पर शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव किए जाएंगे। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव सहित धर्मेंद्र सिंह पटेल, जंग बहादुर पहलवान, पूरन पासी, पिंटू वर्मा, करन सोनकर, अमित कुशवाहा, सुरेश नेता, अभय राज सागर, श्याम बरनपाल, दुपेश यादव और प्रमोद कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 25 साल पुराने मामले में एक वांछित वारंटी गिरफ्तार

**सरायइनायत/ प्रयागराज।** थाना सरायइनायत पुलिस ने न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी की। पुलिस के अनुसार अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन मामले में वांछित चल रहा था। थाना सरायइनायत पुलिस टीम ने मंगलवार 27 मई 2026 को मा0 न्यायालय एसीजेएम कक्ष संख्या-06 प्रयागराज द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए मु0 नं0 -1414/ 2001 धारा 323, 504 एवं 506 भारतीय दंड संहिता से संबंधित वारंटी अभियुक्त मो0 जलाल उर्फ जलालुद्दीन पुत्र मो0 आलम फारुकी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त को थाना थरवई क्षेत्र के ग्राम शेख अहमदपुर स्थित उसके निवास के पास से दबिश देकर पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद उसे थाना लाकर आवश्यक अभिलेखीकरण एवं अन्य विधिक कार्रवाई पूरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र लगभग 42 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में अभियान चलाकर पुराने मामलों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है।

### बारात में मारपीट और वाहन से टक्कर मारने का आरोपी गिरफ्तार




**हंडिया/प्रयागराज।** थाना हण्डिया पुलिस ने मारपीट और वाहन से टक्कर मारकर घायल करने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सरायइनायत थाना क्षेत्र के भागीपुर गांव के पास से दबोचकर उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना हण्डिया में पंजीकृत मुकदमा संख्या 211/ 2026 धारा 191(2), 115(2), 352, 351(2), 105 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त विकास कुमार पुत्र धनीराम निवासी ग्राम भागीपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को मंगलवार 27 मई 2026 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की उम्र करीब 36 वर्ष बताई जा रही है। बताया गया कि 10 मई 2026 को थाना हण्डिया क्षेत्र में आई एक बारात के दौरान आरोपी विकास कुमार ने अपने परिजनों के साथ मिलकर वादी के भाई के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। आरोप है कि विवाद के दौरान चार पहिया वाहन से टक्कर मारकर उसे घायल भी कर दिया गया था। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना हण्डिया पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बिसलेरी पानी प्लांट का उद्घाटन

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के एडीए स्थित शाह जी के पुरवा मे बिसलेरी पानी प्लांट का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी 'टीना मां' रहीं, जिन्होंने विधिवत फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रोपराइटर अनीता देवी मिश्रा ने मुख्य अतिथि को बुके भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता बब्बन दुबे, समाजसेवी कृष्णा गौतम एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्यम शुक्ला उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान ताडू मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं स्थानीय अमन मिश्रा,कृष्णा मिश्रा, राजू मिश्रा,आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## नैनी नए पुल से युवक-युवती ने लगाई छलांग

● पीएसी जवानों ने बचाई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र स्थित नए पुल से बुधवार को एक युवक और एक महिला द्वारा गंगा नदी में छलांग लगाने से हड़कंप मच गया। घटना के समय पुल पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर तैनात पीएसी के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि युवक की पहचान विष्णु निषाद निवासी अरैल गांव, नैनी के रूप में हुई है, जबकि महिला सुनीता सिंह अरैल घाट, नैनी की रहने वाली बताई जा रही हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों अचानक पुल के किनारे पहुंचे और देखते ही देखते नदी में छलांग लगा दी। घटना को देखकर राहगीरों ने तुरंत शोर मचाया और ड्यूटी पर तैनात पीएसी जवानों को सूचना दी। पीएसी के जवानों ने बिना समय गंवाए नदी में रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने जवानों की तत्परता और बहादुरी की सराहना की। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में मामला पारिवारिक तनाव और मानसिक दबाव से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इस घटना के बाद पुल पर कुछ देर के लिए लोगों की भीड़ जमा रही।

### डीही खुर्द में भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**कोरांव,प्रयागराज।** यमुनापार जनपद के डीही खुर्द गांव में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जहां भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा भाव और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हो रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन गांव सहित दूर-दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं तथा धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है। कथा के दौरान देव पूजन, महाराज परीक्षित के जन्म तथा भगवान श्रीहरि की दिव्य लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कथा व्यास आचार्य राघव प्रसाद जी महाराज अपने मधुर वचनों से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार, भक्ति और मानव कल्याण का संदेश दे रहे हैं। वहीं पुरोहित कुल गुरु पंडित देबी प्रसाद मिश्र के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक बना हुआ है। इस धार्मिक आयोजन की मुख्य श्रोता श्रीमती गुलाब कली एवं गणेश प्रसाद भुर्तिया द्वारा पूरे श्रद्धाभाव से कथा का आयोजन कराया जा रहा है।

## श्रम कानून उल्लंघन मामले में अज़ीम प्रेमजी को राहत

● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द की आपराधिक कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विप्रो के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अज़ीम प्रेमजी के खिलाफ श्रम कानून उल्लंघन के आरोपों से जुड़े आपराधिक मामला और समन आदेश रद्द किया। जस्टिस जफीर अहमद की एकलपीठ ने कहा कि केवल किसी व्यक्ति के पद के आधार पर उस पर आपराधिक जिम्मेदारी नहीं डाली जा सकती, जब तक कानून में स्पष्ट रूप से ऐसा प्रावधान न हो या उसके खिलाफ प्रत्यक्ष भूमिका के ठोस आरोप न हों। मामला वर्ष 2016 में लखनऊ स्थित विप्रो कार्यालय में कथित श्रम कानून उल्लंघन और वैधानिक दायित्वों के पालन न किए जाने से जुड़ा था। इस संबंध में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में अज़ीम प्रेमजी समेत अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दायर की गई थी। हाईकोर्ट में प्रेमजी की ओर से कहा गया कि लखनऊ कार्यालय की सुरक्षा सेवाएं जी4एस सिक्योर सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को आउटसोर्स की गई थीं। यह एजेंसी एक स्वतंत्र ठेकेदार है और अपने कर्मचारियों के वेतन, भविष्य निधि, ईएसआई तथा श्रम कानूनों के पालन के लिए स्वयं जिम्मेदार है। यह भी दलील दी गई कि अज़ीम प्रेमजी का एजेंसी के कर्मचारियों या उसके कामकाज पर कोई प्रशासनिक या प्रबंधकीय नियंत्रण नहीं था। वह बेंगलुरु में रहते हैं और लखनऊ कार्यालय के दैनिक संचालन में भी शामिल नहीं हैं। प्रेमजी की ओर से यह भी कहा गया कि कथित उल्लंघन को लेकर उन्हें या विप्रो के किसी प्रतिष्ठान को कोई नोटिस तक नहीं दिया गया। शिकायत में भी उनके खिलाफ किसी सक्रिय भूमिका या आपराधिक मंशा का कोई ठोस आरोप नहीं था। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि शिकायत में अपराध का खुलासा होता है और ट्रायल कोर्ट द्वारा समन आदेश सही तरीके से पारित किया गया था। हालांकि हाईकोर्ट ने पाया कि शिकायत में ऐसा कोई विशेष आरोप नहीं है जिससे यह साबित हो कि प्रेमजी सीधे तौर पर कथित उल्लंघन में शामिल थे या लखनऊ कार्यालय के रोजमर्रा के कामकाज में उनकी कोई सक्रिय भूमिका थी। अदालत ने समन आदेश को भी संक्षिप्त और बिना कारण वाला बताते हुए कहा कि यह रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री पर उचित विचार किए बिना औपचारिक तरीके से पारित किया गया। हाईकोर्ट ने कहा, 'किसी आपराधिक मामले में आरोपी को तलब करना गंभीर विषय है। समन जारी करने से पहले मजिस्ट्रेट को मामले के तथ्यों और रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री पर न्यायिक मस्तिष्क का प्रयोग करना आवश्यक है।' अदालत ने यह भी कहा कि समन आदेश में कहीं यह नहीं दिखता कि अदालत ने आरोपी के खिलाफ पर्याप्त आधार होने पर संतोष दर्ज किया हो।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा

● बोले-सरकार बनी तो सभी एनकाउंटर की जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** राजधानी स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था, कथित फर्जी एनकाउंटर, महंगाई, बिजली संकट और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों के मुद्दे पर बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में फर्जी एनकाउंटर बेहद संवेदनशील मुद्दा बन चुके हैं और इन घटनाओं में सबसे ज्यादा पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) समाज के लोग निशाना बन रहे हैं. आरोप लगाया कि सरकार जाति और धर्म देखकर कार्रवाई कर रही है तथा एनकाउंटर के जरिए समाज में भय का माहौल बनाया जा रहा है। सपा मुखिया ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में माइट इज राइट नहीं बल्कि कानून का राज होना चाहिए. फर्जी एनकाउंटर हत्या को जायज़ ठहराने का माध्यम बनते जा रहे हैं. सपा प्रमुख ने दावा किया कि ऐसे मामलों में शामिल पुलिसकर्मियों को भी अंततः परेशानियों का सामना करना पड़ता है. सरकार पुलिस अधिकारियों को अपराधी बना देती है और बाद में वही पुलिसकर्मी कानूनी संकट में फंस जाते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं. कहा कि यदि सरकार यह दावा कर रही है कि एनकाउंटर से अपराध कम हो रहे हैं तो फिर हत्या और महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध क्यों बढ़ रहे हैं? उन्होंने हाथरस के बेटी का जिक्र करते हुए कहा कि 2020 में हाथरस की बेटी के साथ जो हुआ था, उसी तरह की घटनाएं अब फिर देखने को मिल रही हैं. गाजीपुर की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार के समर्थन में गए समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के साथ पुलिस ने दुर्व्यवहार किया और पार्टी कार्यकर्ताओं को जेल भेजा गया। अखिलेश यादव ने कहा कि यदि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो प्रदेश में हुए सभी एनकाउंटर की जांच कराई जाएगी और पीड़ित परिवारों की मदद की जाएगी. कहा कि उत्तर प्रदेश एसटीएफ में पीडीए समाज की भागीदारी बेहद कम है. आरोप लगाया कि बुलडोजर कार्रवाई भी जाति देखकर की जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सपा नेताओं ने दावा किया कि प्रदेश में हुए 257 एनकाउंटर मामलों में बड़ी संख्या अल्पसंख्यक, पिछड़े और दलित समाज से जुड़े लोगों की रही है. डॉ. गजेंद्र ने कहा गया कि एनकाउंटर में मारे गए लोगों में 38 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय से हैं।

## कांग्रेस(विधि विभाग)ने मनाई पं. नेहरू जी की पुण्यतिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री,महान स्वप्नदृष्टा,बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारत रत्न पं. जवाहर लाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर स्वतन्त्रता आंदोलन के साक्षी रहे उनके पैतृक आवास 'आनन्द भवन' पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर कांग्रेस परिवार के साथियों द्वारा उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया गया! कार्यक्रम में कांग्रेस विधि विभाग के साथियों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और राष्ट्र के महानायक को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरान्त एक संगोष्ठी भी आयोजित हुयी जिसमें वक्ताओं ने नेहरू जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार और संस्मरण साझा किये संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए महानगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रदीप नारायण द्विवेदी ने कहा की पं. नेहरू भारत माता के अमर सपूत थे! आज भारत देश जो कुछ भी है सब उन्ही की दूरदर्शी सोच का परिणाम है जब भारत सैकड़ों साल की गुलामी से आजाद हुआ तो भारत में कुछ भी नहीं बचा था! तब पंडित जी ने हिंदुस्तान को सशक्त बनाने के लिए अनेको प्रयास किया. भारत देश के पास ज़ब पहला बजट पास होना था अपनी निजी सम्पति से 197 करोड़ रूपये देकर बजट पेश किया! द्विवेदी ने कहा की ज़ब हमारा देश गुलामी से आजाद हुआ तो हमारे पास कुछ नहीं बचा खाने के लिए राशन भी विदेशों से मंगवाया जाता था! वह पंडित नेहरू की सोच का ही परिणाम था की कुछ ही समय में भारत शक्ति सम्पन्न और आत्मनिर्भर बन सका! बैठक एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप नारायण द्विवेदी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महानगर कांग्रेस कमेटी ),कांग्रेस लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष व इलाहाबाद मण्डल के प्रभारी हरिश्चन्द्र दूबे, रविन्द्र सिंह ( प्रदेश उपाध्यक्ष, लीगलसेल,कांग्रेस, अविनाश वर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष, लीगल सेल ),जय प्रकाश सिंह (मण्डल अध्यक्ष, लीगल सेल ) अखिलेश कुमार द्विवेदी (महासचिव लीगलसेल ), आशीष चौधरी, श्रवण यादव (एडवोकेट ), एड. आशुतोष विश्वकर्मा, एड. कलीम अहमद, एस. पी. यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### बहन की शादी के बाद लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत




**भदोही।** कोतवाली क्षेत्र के भदोही-वाराणसी हाईवे पर रजपुरा इंदिरा (रामरायपुर) गांव के पास बुधवार भोर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हरियांव गांव निवासी 20 वर्षीय करन गौतम की बहन की मंगलवार को शादी थी। फेरा होने के बाद करन अपने बुआ के लड़कों कपसेठी निवासी 21 वर्षीय अर्जुन और 19 वर्षीय रोहन के साथ भोर करीब तीन बजे अपाचे बाइक से इंदिरा मिल चौराहे की ओर जा रहा था। बताया गया कि रामरायपुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि करन और अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोहन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजते हुए दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## जदयू जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने प्रखण्ड व नगर अध्यक्षों का सूची जारी किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपालगंज (बिहार)-** गोपालगंज, जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल जनता दल यूनाइटेड पार्टी के गत फरवरी माह वर्ष 2026 संघटनात्मक चुनाव के सम्पन्न होने के उपरांत पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री उमेश सिंह कुशवाहा के दिशा निर्देश के आलोक में गोपालगंज जनता दल यूनाइटेड पार्टी जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने आज जिला मुख्यालय मे पूर्व मे नव निर्वाचित एंव प्रदेश अध्यक्ष द्वारा नव मनोनीत प्रखण्ड एंव नगर अध्यक्षों की घोषणा करते हुए सूची प्रेस के लिए जारी किया जो निम्न प्रकार से है :-

बैकुंठपुर- उमेश कुशवाहा, सिध्वलिया- ब्रजेश कुमार, बरौली- प्रभाकर कुवर, मांझा- डाॅ योगेश प्रसाद, गोपालगंज- धर्मराज सिंह, थावे - बुलेट सिंह, उच्चकागाँव-सुविकास सिंह, कुचायकोट- मोॅ तौहीद, पंचदेवरी- अशोक गुप्ता, कटेया- नंदलाल मौर्य, विजयीपुर- नितेन्द्र राय, भोरे - विंदा सिंह कुशवाहा, फुलवरिया- लाल बाबू राम, हथुआ- शशि भूषण प्रसाद, गोपालगंज नगर-मुकेश कुमार चौधरी, बरौली नगर- दिनेश प्रसाद, मीरगंज नगर-केशरी कुमार, हथुआ नगर- सतीस गिरी कटेया नगर- सुनील प्रसाद नव मनोनीत सभी प्रखण्ड एंव नगर अध्यक्षों को उनके सफल कार्य काल के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल, सांसद सह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डाॅ आलोक कुमार सुमन, विधायक सह मंत्री सुनील कुमार, राष्ट्रीय महासचिव सह विधायक रामसेवक सिंह, विधायक सह सभापति प्रश्न एवं ध्यान आकर्षण समिति अमरेंद्र कुमार पांडेय, विधायक सह उप मुख्य सचेतक मंजीत कुमार सिंह, पार्टी के वरिष्ठ नेता ललन मांझी, गोपालगंज नगर परिषद चेयरमैन हरेंद्र कुमार चौधरी, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ



के जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहनी, उमाशंकर शर्मा जिला प्रवक्ता,सोशल मीडिया प्रभारी छोटेलाल शाह, एजाज आलम, साहेबजाद अली, परवेज आलम खान, ईबरार खां जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, सांसद प्रतिनिधि रामाशीष सिंह सहित अन्य नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया! जिला अध्यक्ष ने सभी को निर्देश दिया है की 1 जून 2026 तक पंचायत एंव वार्ड अध्यक्ष मनोनीत कर एंव 31 सदसिये प्रखण्ड एंव नगर कमिटी की सूची जिला कार्यालय में सभी अध्यक्ष जमा करे!

### जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार पर जोर

**भदोही।** जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता, नामांकन अभियान, निर्माण कार्यों एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कंपोजिट ग्रांट के माध्यम से जनपद के कम से कम 50 विद्यालयों में सोलर पैनल लगाए जाएं, जिससे विद्यालयों में विद्युत व्यवस्था बेहतर हो सके। साथ ही क्लासरूम टाइल्स एवं अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में हाल ही में आए आंधी-तूफान से विद्यालयों में हुई क्षति की भी समीक्षा की गई। सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिवों एवं प्रधानाध्यापकों को आपसी समन्वय से क्षतिग्रस्त कार्यों को कार्ययोजना में शामिल कर शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

## बहरिया में 24 घंटे में चोरी की दो बाइक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बहरिया/प्रयागराज।** थाना बहरिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी की घटना का खुलासा कर महज 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बहरिया क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। इस संबंध में थाना बहरिया में मुकदमा संख्या 96/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इसी क्रम में 27 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक चैमलपुर प्राथमिक विद्यालय के पास जंगल क्षेत्र में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से दिनेश प्रकाश सरोज निवासी बजही थाना बहरिया तथा श्यामू मंगता निवासी सिलौखर थाना बहरिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। इनमें सुपर स्प्लेंडर बाइक नंबर UP70DL 5988 तथा हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक नंबर UP70 GZ4575 शामिल हैं। जांच में पता चला कि दूसरी बाइक थाना मऊआइमा क्षेत्र से चोरी की गई थी, जिसके संबंध में वहां पहले से मुकदमा दर्ज है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों ने चोरी की बाइक की पहचान छिपाने के उद्देश्य से उसका इंजन बदल दिया था, ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके। हालांकि पुलिस की सतर्कता और तकनीकी जांच के चलते आरोपियों की चालाकी सफल नहीं हो सकी। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वे किसी बड़े वाहन चोर गिरोह से जुड़े हैं या नहीं।



## संक्षिप्त खबरें

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत TAS-v कार्यक्रम का अनुश्रवण



**छातापुर।** बुधवार को छातापुर प्रखंड अंतर्गत राजवाड़ा थाना क्षेत्र में जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत संचालित TAS-v कार्यक्रम का अनुश्रवण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 6 से 7 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में संक्रमण की स्थिति का आकलन करना एवं TAS-v गतिविधि का सफल संचालन सुनिश्चित करना है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को जाँच कार्य पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने विद्यालय परिवार एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर BHM, ANM, CHO, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान TAS-v गतिविधि की तैयारियों, बच्चों के सैंपल कलेक्शन की प्रक्रिया एवं समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जाँच प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सहयोग प्रदान किया।

### योगापट्टी में फर्जी दस्तावेज बनाने वाले साइबर कैफे पर छापा



**बेतिया।** योगापट्टी प्रखंड में पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में एक साइबर कैफे पर छापेमारी कर फर्जी दस्तावेज बनाने के बड़े मामले का खुलासा किया गया है। निदेशक, डीआरडीए, अरुण प्रकाश ने बताया कि गुप्ता साइबर कैफे ( सीएसई आईडी-244222230013) नामक दुकान, जिसे सुनील प्रसाद द्वारा संचालित किया जा रहा था, पर आधार कार्ड में अवैध तरीके से उम्र सुधारने, फर्जी जन्म प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनाने का आरोप है। उक्त साइबर कैफे द्वारा बीएसएनएल कर्नाटक का आईडी यूज करके फर्जी तरीके से बाईपास कर आधार में उम्र का करेक्शन किया जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए दुकान को सील कर दिया तथा प्राथीमिकी दर्ज करा दी गयी है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दो लैपटॉप, एक इंकजेट प्रिंटर, एक पीवीसी प्रिंटर तथा कई संदिग्ध एवं फर्जी दस्तावेज जब्त किए। जब्त दस्तावेजों में आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य कागजात शामिल हैं।कार्रवाई के दौरान साइबर कैफे में कार्यरत दो कर्मचारियों को हिरासत में लेकर थाना के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी दस्तावेज संबंधी कार्य केवल अधिकृत केंद्रों से ही कराएं तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### स्वच्छता पखवाड़ा में पीवीयूएनएल बनहरदी सीएमपी का हरित संकल्प

**लातेहार, झारखंडः-** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पीवीयूएनएल बनहरदी कोल माइनिंग प्रोजेक्ट परिसर में बुधवार को सामूहिक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यालय परिसर के पीछे आयोजित इस अभियान में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व निरोद कुमार मलिक, महाप्रबंधक (बनहरडीह) ने किया। इस अवसर पर एम. चंद्र सेगर, अपर महाप्रबंधक (कोल माइनिंग), सिद्धार्थ शंकर, अपर महाप्रबंधक (इन्फ्रा), अमरेश चंद्र राउल, संजय कुमार, आदित्य वैश्य सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वृक्षारोपण अभियान के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसमें हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। यह अभियान पीवीयूएनएल बनहरदी सीएमपी की पर्यावरणीय सततता, पारिस्थितिक संरक्षण तथा स्वच्छ और हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूक किया गया।

# भारत में अराजकता पैदा कर राहुल देश विरोधी लॉबी का बढ़ा रहे हैं मनोबल - हिन्दु विचार मंच, पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड :-** भारत वर्ष के बनारस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के मतदान से निर्वाचित एवं लोकसभा में एनडीए गठबंधन के सांसदों की सर्वसम्मति से चुने गए तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गद्दार कहना बाबा विश्वनाथ की महान संसदीय क्षेत्र बनारस के मतदाताओं के साथ आम जनमानस का ही नहीं, अपितु विश्व में भारत जैसे सर्वाधिक सफल प्रजातांत्रिक व पंथनिरपेक्ष सांस्कृतिक मूल्य आधारित राष्ट्र का निरादर करने की द्वेषपूर्ण मानसिकता दर्शाता है। यद्यपि विपक्षी पार्टियों को नीतिगत, मर्यादित एवं प्रमाणिक तथ्यों के आधार पर लोक व विधानसभा में तथा सार्वजनिक मंच से आलोचना करने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। लेकिन विगत 12 वर्षों में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर विशेषकर व्यक्तिगत रूप से राहुल समेत कांग्रेस के नेता लगातार निशाना साधते रहे हैं। पहली बार सूट-बूट की सरकार, चाय वाला, पारिवारिक, खून की दलाली, राक्षस, राफेल, मोदी सरनेम, वोट चोर, नरेंद्र सरेंडर, डरपोक, मोदी को लोग दौड़ा कर मारेंगे, मोदी डरता है, गद्दार तथा इन दिनों पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, पेपर लीक और जेन-जी को उकसाने वाली भाषा कि मोदी के अहंकार को तोड़ेगा जेन-जी जैसे शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं इस क्रम में हिन्दू, हिन्दुत्व व आरएसएस जैसे सांस्कृतिक संगठन को बिना प्रमाण देश को बांटने वाला कहना क्या राष्ट्र विरोधी तत्वों को प्रोत्साहित करना नहीं माना जाना चाहिए। इसके पहले राहुल व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विदेशी सरकारों पाकिस्तान, अमेरिका आदि से यह कह चुके हैं कि नरेंद्र मोदी सरकार को हटाकर लोकतंत्र की रक्षा करें। भारत के आम जनमानस को यह भली-भांति स्मरण है कि विगत 60 वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस सरकारों ने बेरोजगारी, गरीबी, नक्सली, बांग्लादेशी, रोहिंग्या आदि समस्याओं का निदान क्यों नहीं किया? हिन्दू विचार मंच ने दावों के साथ कहा है कि कांग्रेस स्वतंत्रता काल से ही आरएसएस जैसे सांस्कृतिक मूल्यों आधारित राष्ट्रीय संगठन को साम्प्रदायिक कहती रही और हिन्दुओं को विभिन्न जातियों में बांटकर जातीयता व क्षेत्रीयता को बढ़ावा देती रही, जिससे न केवल भारत की सामूहिक प्रगति बाधित हुई बल्कि भारत विरोधी तत्वों को भी प्रोत्साहन मिलता रहा। परंतु भारत के लोगों, विशेषकर मतदाताओं ने कांग्रेस को सत्ता से हटाकर दंडित कर दिया है। तब राहुल जैसे सांसद भारत के लोगों को भ्रमित कर देश में अराजकता पैदा कर भारत की विकास धारा को अवरुद्ध करने की चेष्टा करते दिख रहे हैं। चुनावों में मतदाता कांग्रेस को वोट नहीं दे रहे हैं और स्वयं विपक्ष के नेता के रूप में संसद में बिना प्रमाणिक व निराधार प्रश्न उठाकर संसद को बाधित करते रहे हैं। इन दिनों भारत में महंगाई आदि विभिन्न मुद्दों को उछालकर सरकार और देश के कर्मठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाते हैं कि जेन-जी मोदी के अहंकार को तोड़ेगा। देश के लोग यह जान रहे हैं कि इस अमेरिका-ईरान युद्ध से संपूर्ण विश्व प्रभावित है, परंतु भारत की स्थिति सबसे अच्छी है। इसका एकमात्र कारण भारत सरकार की नीति, नीयत और भ्रष्टाचार मुक्त शासन है। मंच ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत में पेट्रोल और गैस की समस्या इन दिनों केवल युद्ध के कारण है। परंतु केंद्र सरकार राष्ट्रीय हित में प्रयासरत है, वहीं दूसरी ओर राहुल व कांग्रेस के नेता नरेंद्र मोदी की आधारविहीन आलोचना कर देश को क्षति पहुंचाने पर तुले हैं।

### नारायणपुर में हुई आंगनबाड़ी सेविकाओं की हुई बैठक

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर प्रखंड सभागार में बुधवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में महिला पर्यवेक्षिका नीयुति दास ने कहा कि तय प्रावधान के अनुरूप आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन होना चाहिए। साथ ही आवश्यक रिपोर्ट कार्यालय में समय पर पहुंचे इसके लिए पहल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर का बढ़िया ढंग से संचालन होना चाहिए, जिसमें फेस कैप्चर करने, केंद्र ओपन करने आदि की सूचना सम्मिलित होनी चाहिए। लाभुकों का ई केवाईसी भी करने का निर्देश दिया गया। कहा कि छूटे हुए लाभुकों का ई केवाईसी करें, यह आवश्यक है। कुछ केन्द्रों पर इसकी गति बहुत धीमी है जो चिंताजनक है। बैठक में नहीं आने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं के प्रति उन्होंने नाराजगी जाहिर की और कहा कि यह उचित नहीं है, कि जब बैठक रखी गई हो तो अवश्य आना चाहिए। बैठक में आने से सूचनाओं आदान-प्रदान होती है? सूचना के बाद भी बैठक में अनुपस्थित रहने वाली सेविकाओं पर कार्रवाई भी हो सकती है। बैठक में महिला पर्यवेक्षिका अनिता दास, कविता कुमारी, निकिता कुमारी, रेणु कुमारी, पंचमी देवी, सरस्वती देवी, चंपा देवी, हीरा देवी उपस्थित थीं।

## गढ़वान टोली में पशु तस्करी का भंडाफोड़, 15 पशु समेत हथियार व अन्य सामान बरामद




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बेतिया।** कालीबाग थाना पुलिस ने पशु तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए 15 मवेशियों के साथ भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, 27-28 मई की दरम्यानी रात करीब 12:30 बजे कालीबाग थाना की अपर थाना अध्यक्ष सिमरन कुमारी को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गढ़वान टोली वार्ड संख्या-10 में बड़े पैमाने पर पशु तस्करी का खेल चल रहा है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम गठित की गई। अपर थाना अध्यक्ष सिमरन कुमारी ने पुलिस बल परशुराम कुमार, अफरोज कमर, विनोद राय, पीटीसी मुकेश कुमार तथा थाना रिजर्व गार्ड के साथ मौके पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 7 बड़ी गाय एवं 8 बछड़ों सहित कुल 15 पशुओं को बरामद किया। छापेमारी में पुलिस ने मौके से 5 बड़े धारदार चाकू, एक दाब, एक तराजू, 5 किलो का बटखड़ा, लोहे के करीब चार दर्जन गज तथा एक मोबाइल फोन भी जब्त किया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गढ़वान टोली निवासी फिरोज खान के पुत्र दिलनवाज आलम (20) तथा बिच्छु उर्फ शाहिद खान के पुत्र अमजद खान के रूप में हुई है। इस संबंध में कालीबाग थाना कांड संख्या 146/26 दर्ज कर पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है।

## गौरैया एवं पक्षी संरक्षण के लिए इको क्लब सबेया कला विद्यालय के छात्र- छात्राओं की बेहतरीन पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** गौरैया एवं पक्षी संरक्षण के लिए उच्च माध्यमिक विद्यालय सबेया कला, चनपटिया के इको क्लब के छात्र- छात्राओं ने बेहतरीन पहल की शुभारंभ किए। विद्यालय के इको क्लब के नोडल शिक्षक संजीत कुमार ने बताया कि मई, जून माह में बहुत तेज गर्मी पड़ती है। गर्मी और प्यास की वजह से प्रतिवर्ष हजारों पक्षियों की मौत हो जाती है। ऐसे में सबेया कला विद्यालय के इको क्लब के सदस्यों के साथ विद्यालय के अन्य छात्र- छात्राओं ने पक्षियों की सुरक्षा के लिए बेहतरीन पहल किये, उन्होंने पक्षियों के लिए घास-फूस, नारियल के छाल, थर्माकोल, पेपर आदि से विभिन्न प्रकार के घोंसला का निर्माण किये है। शिक्षक संजीत कुमार ने बताया कि सभी घोसलों को विद्यालय भवन में अलग-अलग स्थानों में रखा जाएगा, साथ ही मिट्टी आदि के बर्तन में पानी और अनाज के दाना रखा जाएगा, ताकि पक्षी पानी पीकर, दाना खाकर अपनी भूख- प्यास मिटा सकें। पक्षियों, गौरैया की संरक्षण के लिए हरेक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य धनंजय तिवारी ने बताया कि गर्मी की छुट्टी में समय का सदुपयोग उपयोग के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट, गृह कार्य आदि दिया गया है। जिससे बच्चें नवाचार के साथ-साथ पढ़ाई भी कर सकेंगें। बेहतर प्रोजेक्ट बनाने वाले छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय की शिक्षिका सुश्री मेरी आडलीन ने कहा कि इको क्लब सबेया कला के सदस्यों का यही संदेश है-कृपया आप सभी भी अपने-अपने घरों में, छत पर, बगीचे आदि में पक्षियों के लिए पानी अवश्य रखें, ताकि पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें। प्रोजेक्ट्स निर्माण में नोडल शिक्षक संजीत कुमार सहित शिक्षक संतोष कुमार, शिक्षक दिनेश कुमार और इको क्लब की छात्रा मुसकान कुमारी, खुशब कुमारी, सरोज कुमारी, रागिनी कुमारी, रिया कुमारी, उजाला कुमारी, अनिशा कुमारी, छात्र मनोज कुमार, मनराज गिरी सहित अन्य विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक घोसला बनाया।

### 30 मई को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन

**बेतिया।** युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र बेतिया (डीआरसीसी) में दिनांक-30.05.2026 को जॉब कैम्प का आयोजन किया गया है। इस दिन 11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.00 बजे अपराहून तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों का एनसीएस पोर्टल (NCS.gov.in)पर निबंधन कराना अनिवार्य है। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 30 मई को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के प्रांगण में आयोजित जॉब कैम्प में निजी नियोजक द्वारा स्वतंत्र टेक्नीशियन, डीटी सुपरवाइजर, एमआईएस एक्जक्यूटिव, कस्टमर एंगेजमेंट, कस्टमर सपोर्ट के पद पर कार्य करने हेतु कुल 50 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को बेहतर मानदेय प्रदान जायेगी। कार्यक्षेत्र पश्चिम चम्पारण होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी इससे संबंधित विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय के नंबर 8002661906 पर संपर्क कर सकते हैं।

## राजधानी पटना में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन लगातार तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मसौढ़ी/पटना :-** राजधानी पटना में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार की सुबह मसौढ़ी इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में कैश वैन लूटकांड से जुड़े एक आरोपी को पुलिस ने दौड़ाकर गोली मार दी, जबकि उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मसौढ़ी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो शातिर अपराधी इलाके में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू की। खुद को घिरता देख अपराधियों ने भागने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक बदमाश के पैर में गोली मार दी। घायल अपराधी की पहचान अजय पासवान के रूप में हुई है, जबकि उसका साथी अजय यादव को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों अपराधियों पर लूट, छिनतई और कई संगीन मामलों के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों अपराधी पिछले दो दिनों से मसौढ़ी इलाके में सोना कारोबारियों की रेकी कर रहे थे। पुलिस को आशंका है कि ये किसी बड़ी लूट की योजना बना रहे थे। जांच में यह भी सामने आया है कि हाल ही में गोपालपुर थाना क्षेत्र में हुई कैश वैन लूटकांड में भी इनकी संलिप्तता रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश के बाद पूरे बिहार में 'ऑपरेशन लंगड़ा' अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मसौढ़ी पुलिस ने यह बड़ी सफलता हासिल की है। इधर, मंगलवार को खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र में भी पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश बुद्दीन मियां घायल हो गया था। उसके पैर में गोली लगने के बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल मसौढ़ी पुलिस गिरफ्तार दोनों अपराधियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो इलाके में बड़ी लूट और खूनखराबे की घटना हो सकती थी।

# रामपुर पंचायत में विधिक जागरूकता अभियान

**● ग्रामीणों को बताए गए कानूनी अधिकार**

**साइबर अपराध, बाल विवाह, डायन प्रथा और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर लोगों को किया गया जागरूक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चौपारण, हजारीबाग, झारखण्डः-** चौपारण प्रखंड मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर रामपुर पंचायत में नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव डॉ. रवि प्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करना था। अभियान में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लेकर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को डायन प्रथा, घरेलू विवाद, आपसी विवादों के समाधान, बिजली संबंधी समस्याएं, वाहन दुर्घटना से जुड़े कानूनी प्रावधान, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह निषेध कानून तथा साइबर अपराध से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने एवं उसके समाधान की प्रक्रिया भी समझाई गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर ठगी और ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत शिकायत करने की जरूरत है। ग्रामीणों से समाज में फैली कुरीतियों जैसे नशाखोरी, बाल विवाह और डायन प्रथा के खिलाफ सामूहिक रूप से आगे आने की अपील की गई। अभियान के दौरान लोक अदालत की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। लोगों को बताया गया कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से मामलों का त्वरित एवं सरल समाधान संभव है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। वहीं घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत महिलाओं को मिलने वाले कानूनी अधिकारों और सुरक्षा प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएलवी अश्मिता कुमारी, रेखा देवी, नवीन कुमार, रेहाना खातून एवं हरेंद्र राणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर वैजंती देवी, कुंती देवी, मालती कुमारी, रकीदा खातून, आरती कुमारी, पूनम देवी, मंजू देवी, सुलेखा देवी, बेबी देवी, वंदना कुमारी, मनीष कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को समाज के लिए बेहद उपयोगी बताया।

## महंगाई, डीजल, पेट्रोल, मुख्य वृद्धि, फर्जी एमएसपी के खिलाफ प्रधानमंत्री का पुतला जलाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बेतिया।** बुधवार को बेतिया में किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी की सदस्य चांदसी प्रसाद यादव ने कहा कि ने मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते महंगाई चरम सीमा पर चली गई है।लोगों का जीना मुहाल हो गया है। 11 दिनों में पेट्रोल, डीजल, गैस, सीएनजी के दामों 7 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि ने हर सामानों का दाम बढ़ा दिया है। मोदी सरकार अपनी गलतियों का ठीकरा आम जनता पर फोड़ रही है।देश की जनता के पैसे लेकर तेल कंपनियों को दे रही है और महगाई की मार का सारा बोझ आम जनता पर थोप रही है। जबकि आज मोदी सरकार को तेल पर से 35 रुपए प्रति लीटर टैक्स घटा कर जनता को दोहरी मार से बचाना है। दूसरी तरफ अमेरिका के आदेश पर चलने वाली मोदी सरकार सस्ते दर पर रूस द्वारा दिए जा रहे तेल लेना बंद कर दिया है।युद्ध के आगोश में दुनियां को झोंकने वाले अमेरिका के विरुद्ध एक शब्द नहीं बोलकर भारत को उपनिवेश बना दिया है। कृषि क्षेत्र में समझौता कर अमेरिका को देश के किसानों को लूटने की खुली छूट दे दिया है। बिहार राज्य किसान सभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चेतावनी देता है कि देश की जनता को लूटने तथा गुलाम बनाने से बाज आवें। पुतला दहन कार्यक्रम को किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य चांदसी प्रसाद यादव, सीटू के शंकर कुमार राव, खेतिहर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार वर्मा, नौजवान सभा के सुशील श्रीवास्तव, म. हनीफ, संजीव कुमार राव, मनोज कुशवाहा रामबड़ाई पासवान आदि ने संबोधित किया।

### 27 मई की बारिश से खिले किसानों के चेहरे, बताया गया धान बीज डालने के लिए उपयुक्त समय

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** 27 मई की सुबह पाकुड़िया प्रखंड में हल्की हवा के साथ हुई वर्षा से किसानों में खुशी का माहौल है। वहीं, आम लोगों को भी भीषण गर्मी और तीखी धूप से राहत मिली है। जानकारी के अनुसार शहरपुर, जोंका, पाथरडांगा, हरिपुर, ढेकीडूबा, मोंगलाबांध, मलिकपुर और डोमनगढ़िया सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की वर्षा दर्ज की गई। मानसून पूर्व हुई इस बारिश को किसानों ने कृषि कार्य के लिए लाभकारी बताया है। किसानों के अनुसार खेतों की जोताई तथा रोहण नक्षत्र में धान का बीज डालने के लिए यह उपयुक्त समय है। हालांकि किसानों का यह भी मानना है कि यदि इन दिनों अत्यधिक वर्षा हुई तो कृषि कार्य प्रभावित हो सकता है। कृषकों ने बताया कि फिलहाल धान के बीज खेतों में डाले जाएंगे तथा बीज अंकुरण के लिए आगे भी समय-समय पर वर्षा आवश्यक है।

## उपायुक्त के निर्देश पर डीएमएफटी मद से 22 दिव्यांग लाभुकों के बीच किया गया बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हज़ारीबाग, झारखण्डः-** उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डीएमएफटी मद से 22 दिव्यांग लाभुकों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस पहल के तहत पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों एवं रोजगार से जुड़े दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देते हुए लाभ प्रदान किया गया, ताकि उनके दैनिक आवागमन को सुगम बनाया जा सके। इस अवसर पर उपायुक्त हेमन्त सती ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कई दिव्यांग विद्यार्थी एवं नौकरी पेशा से जुड़े दिव्यांग लोग आवागमन की समस्या के कारण कठिनाइयों का सामना करते हैं। बैटरी चालित ट्राईसाइकिल मिलने से अब उन्हें स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, कार्यालय एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की कोशिश है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े एवं अन्य दिव्यांगजनों को सहयोग देना समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग लाभुकों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सुविधा से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा तथा वे अपने कार्यों को अधिक आत्मविश्वास एवं स्वतंत्रता के साथ कर सकेंगे। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर संकट मोचन धाम पाथरोल में होगा भव्य भजन संध्या एवं महाआरती आयोजन



**पाथरोल, करौं, देवघर, झारखंडः-** धार्मिक आस्था एवं भक्ति भाव के केंद्र संकट मोचन धाम पाथरोल में आगामी 30 मई 2026, शनिवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा (पुरुषोत्तम मास) के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में संध्या 8:30 बजे से भजन-कीर्तन एवं भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय एवं आसपास के श्रद्धालु भक्तिभाव से शामिल होंगे। कार्यक्रम के तहत रात्रि 9:00 बजे बाबा की महाआरती, प्रसाद वितरण तथा खिचड़ी प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति ने बताया कि यह आयोजन प्रत्येक पूर्णिमा पर भक्तों के सहयोग से संपन्न होता है और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। आयोजन से संबंधित सहयोग अथवा जानकारी के लिए मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक से मोबाइल नंबर 9934531724 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सतरतीया जेठ जतरा में झूम उठा चीरों गांव, मांदर की थाप पर जीवंत हुई आदिवासी लोकसंस्कृति

**● परंपराएं समाज की पहचान और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा : जीएम प्रकाश साहू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड के बोदा पंचायत अंतर्गत ग्राम चीरों स्थित देवी मंडप परिसर मंगलवार को पारंपरिक सतरतीया जेठ जतरा के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आया। मांदर की गूंज, पारंपरिक लोकनृत्य और ग्रामीण संस्कृति की मनमोहक छटा के बीच बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूरे आयोजन में आदिवासी लोकसंस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता की अनूठी झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में हिण्डाल्को के जीएम प्रकाश साहू, दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू, हिण्डाल्को के एचआर अंकित कुमार गुप्ता एवं संजय कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर जीएम प्रकाश साहू ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में लोग अपनी संस्कृति और परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं, लेकिन ऐसे जतरा और मेले समाज की सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गांवों की लोकपरंपराएं समाज को जोड़ने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से परिचित कराने का माध्यम बनती हैं। वहीं मजदूर यूनियन अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि जतरा मेला केवल मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर एक साथ नृत्य करते हैं, तब समाज में एकता और अपनापन और अधिक मजबूत होता है। जतरा के दौरान विभिन्न नृत्य मंडलियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। आयोजन समिति द्वारा सभी नृत्य मंडलियों को अंगवस्त्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धनेश्वर तुरी, मच्छिंद्र लोहार, राजेंद्र तुरी, राहुल साव, सुरेश बासपती, श्याम सुंदर उरांव, केदार पाहन, रमेश गंझू, रौशन गंझू, बालगोविंद गंझू, चरकू पाहन, जंगू पाहन, महाबीर पाहन, फुलदेव गंझू, प्रताप तुरी सहित कई ग्रामीण युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला ने ससुरालीजनों पर कार्यवाही के लिए सीओ से लगाई गुहार

**कोंच(जालौन)-** महिला ने अपने पति सहित ससुरालीजनों पर गाली गलौच कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए सीओ से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम ऊंचागांव निवासी महिला जानकी देवी ने बुधवार को सीओ परमेश्वर प्रसाद को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी करीब 15 वर्ष पूर्व डालचंद्र पुत्र तेज सिंह के साथ हुई थी और उसके 12 साल की बेटी है। महिला ने बताया कि बुधवार की सुबह 8 बजे वह घर का काम कर रही थी तभी पति अकारण ही उसके साथ गाली गलौच करने लगा। उसने विरोध किया तो पति सहित सास ससुर ने उसे जमीन पर गिराकर लात घूसों से बुरी तरह मारापीटा जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद उसने सुभाष नगर कोंच स्थित अपने मायके फोन कर जानकारी दी तो भाई उसे मायके ले आया। मायके आने के कुछ देर बाद ही पति यहां भी आ गया और फिर से उसके साथ गाली गलौच करने लगा जिसकी सूचना उसने पीआरबी पुलिस को दी। पुलिस के आते ही पति धमकी देकर मौके से भाग गया। महिला ने सीओ को बताया कि घटना की शिकायत उसने थाना कैलिया पुलिस से भी की लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़ित महिला जानकी ने सीओ से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। वहीं सीओ ने घटना की जांच के बाद समुचित कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिलाया है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया बालगृह दैलवारा का निरीक्षण

**भोजनशाला, बालक कक्ष और पाठशाला की व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार सचिव देवप्रिय सारस्वत ने बुधवार को राजकीय बालगृह (बालक) दैलवारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालगृह में रह रहे बच्चों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सचिव देवप्रिय सारस्वत ने बालक कक्ष, पाठशाला कक्ष तथा भोजनशाला का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पाई गई तथा सुबह के भोजन प्रदर्शित सूची के अनुसार तैयार मिला। इस अवसर पर बालगृह प्रभारी अधीक्षक रामप्रताप, संस्थान का स्टाफ तथा न्यायालय की ओर से आलोक, अनिल एवं गनर मौजूद रहे। सचिव ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

### नेहरू नगर के शीतला माता मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन

**भक्ति रस में सराबोर हुए श्रद्धालु, विधि-विधान से हुआ पूजन और प्रसाद वितरण**




**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरू नगर स्थित अंबेडकर तिराहा के पास श्रीशीतला माता मंदिर एवं हनुमान मंदिर में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। शुरुआत पं.राजू तिवारी महाराज द्वारा विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन से हुई। पूजन उपरांत भगवान का आह्वान करते हुए श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। श्रद्धालु भगवान श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों के साथ भक्ति रस में डूबे नजर आए। पाठ पूर्ण होने के बाद भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें एक से बढ़कर एक धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के समापन पर गाजे-बाजे के साथ भव्य आरती संपन्न हुई। इसके बाद मंदिर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पं.राजू तिवारी महाराज, गोकुल प्रसाद यादव, राजेश यादव, रामनाथ, भगवानदास कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और आध्यात्मिक वातावरण मजबूत होता है।

# सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

- विरोध करने पर परिवार पर दर्ज कराया मुकदमा
- तालाबपुरा में सिंचाई विभाग की भूमि और निजी प्लॉट पर अवैध कब्जे की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मोहल्ला तालाबपुरा में सरकारी जमीन और निजी आवासीय प्लॉट पर कथित अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित परिवार ने कुछ दबंगों और भूमाफियाओं पर सिंचाई विभाग की सरकारी भूमि तथा निजी प्लॉट पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही विरोध करने पर परिवार के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने का भी आरोप लगाया गया है। तालाबपुरा निवासी सौरभ जैन पुत्र कोमलचन्द जैन द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि उनकी मां मीना जैन के नाम पर आराजी संख्या 3147 में स्थित एक आवासीय प्लॉट वर्ष 2007 में खरीदा गया था। उक्त प्लॉट पर उनकी मां का वैधानिक स्वामित्व है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ दबंग लोगों द्वारा संगठित रूप से उनके प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही आरोप है कि इन लोगों ने पास स्थित सिंचाई विभाग की करीब 1100 वर्गफीट सरकारी भूमि पर भी अवैध कब्जा कर रखा है। सौरभ जैन का कहना है कि जब उनके परिवार ने इस कथित कब्जे का विरोध किया और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की, तब सिंचाई विभाग की टीम ने मौके पर जांच भी की थी। शिकायतकर्ता के अनुसार जांच में कब्जा अवैध पाया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि शिकायत करने से नाराज होकर विपक्षी पक्ष ने रंजिशन उनके खिलाफ कोतवाली ललितपुर में मुकदमा अपराध संख्या 501/2026 दर्ज करा दिया। यह मुकदमा बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत पंजीकृत किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह कार्रवाई उन्हें दबाव में लेने और शिकायत वापस कराने के उद्देश्य से की गई है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में सौरभ जैन ने मांग की है कि दर्ज मुकदमे की किसी उच्च स्तरीय एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा सिंचाई विभाग की सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की गई है।



डीएम को शिकायती पत्र देने पहुंचा पीड़ित

## आगामी दिनों में आंधी, वज्रपात, को लेकर सतर्क रहने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केन्द्र लखनऊ द्वारा जारी प्रभाव आधारित मौसम पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार आगामी दिनों में जनपद सोनभद्र सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में गरज-चमक, वज्रपात, तेज हवाओं, आंधी तथा कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की गई है।

29 मई को सोनभद्र सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में 70 से 80 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज आंधी/तड़ित झंझावत, मेघगर्जन, वज्रपात तथा कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों को गंभीरता से लें तथा अनावश्यक रूप से खुले स्थानों में न जाएं। आंधी एवं वज्रपात के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों एवं कमजोर संरचनाओं से दूर रहें। किसान भाई खेतों में कार्य करते समय विशेष सावधानी बरतें तथा पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें।आमजन हेतु आवश्यक सावधानियां -खराब मौसम के दौरान घरों के भीतर सुरक्षित रहें।मोबाइल, बिजली उपकरण एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान को सुरक्षित रखें।तेज आंधी एवं बिजली चमकने के समय पेड़ के नीचे शरण न लें।खुले मैदान, तालाब, नदी एवं जलस्रोतों से दूर रहें।किसान भाई खलिहानों में रखे अनाज एवं कृषि उत्पादों को सुरक्षित स्थान पर रखें।

लू एवं अत्यधिक गर्मी से बचाव हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें।दोपहर के समय अनावश्यक धूप में निकलने से बचें।छोटे बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने तथा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल स्थानीय प्रशासन अथवा आपदा नियंत्रण कक्ष 05444-297645 अथवा 1077 पर सूचित करें।

### घोरावल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म व एससी/एसटी एक्ट के प्रकरण से संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**घोरावल/ सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक घोरावल बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-94/2026 धारा 64(2)एम, 351(2), 352 बीएनएस व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)V एससी/एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त विनोद मौर्या पुत्र बहादुर मौर्या निवासी ग्राम घुवास थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 36 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम - उ0नि0 बृजेश राय, उ0नि0 अशोक सिंह, हे0का0 अजय कुमार यादव शामिल रहे।

## अब नहीं होगा पेयजल संकट, सिंचाई को भी मिलेगा भरपूर पानी

- योगी सरकार में कनहर सिंचाई परियोजना पर तेजी से हुआ काम
- किसानों की आर्थिक समृद्धता के खुलेंगे द्वार, बांध का निर्माण पूरा, नहर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** जिले के दुद्धी तहसील में निर्माणाधीन कनहर सिंचाई परियोजना से अगले वर्ष किसानों को पानी मिलने लगेगा। इस परियोजना से दुद्धी और ओबरा के 108 गांवों के हजारों किसान लाभान्वित होंगे। किसानों की पेयजल व सिंचाई संबंधी आवश्यकतओं की पूर्ति के लिए इस परिजयोजना की शुरूआत तो काफी पहले हुई थी, लेकिन परियोजना के निर्माण ने रफ्तार प्रदेश की योगी सरकार के कार्यकाल में पकड़ी। सरकार की प्राथमिकता के अनुसार जिला प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण संबंधी तमाम आपत्तियों को युद्ध स्तर पर दूर करते हुए बांध व नहर का निर्माण सुनिश्चित किया। अब जहां बांध का निर्माण पूरा हो चुका है वहीं नहर बनाने का कार्य भी अंतिम चरण में है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि निर्माण से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि परियोजना को दिसंबर 2026 के अंत तक हर हाल में पूरा करना है। ताकि जनवरी 2027 से किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि यह परियोजना मुख्यतः कनहर और पांगन नदी के संगम पर स्थित है। जहां वर्षा जल संचयन के लिए 3.24 किमी. लंबा एव 39.9 मीटर ऊंचे बांध का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

परियोजना तेजी से पूरी की जा सके इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार ने परियोजना की द्वितीय पुनरीक्षित लागत 3394.65 करोड़ रुपये स्वीकृत की है। जिलाधिकारी ने बताया कि दुद्धी व चोपन ब्लॉक में प्रतिवर्ष 35467 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई के लिए किसानों को जल उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही 2 लाख की आबादी को पेयजल भी उपलब्ध होगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से किसानों की समृद्धि के द्वार खुल जाएंगे। एक ओर जहां उनकी पेयजल की समस्या दूर होगी वहीं दूसरी ओर सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता से आर्थिक रूप से भी सशक्त होंगे। बताया कि बांध से किसानों के खेतों तक जल पहुंचाने वाली नहर प्रणाली की कुल लंबाई 248.810 किमी. है। जबकि परियोजना से जुड़ी मुख्य नहर की लंबाई 57.10 किमी. है।

इस परियोजना के अंतर्गत कनहर, पांगन, सुखरी पांगन, लउवा, ठेमा, पाण्डु, गोइठा व धोरपा आदि नदियों का क्षेत्र आता है। जिनकी कुल लम्बाई लगभग 650 किमी.है। इनमें मुख्यतः कनहर, पांगन व सुखरी पांगन नदियां छत्तीसगढ़ राज्य के पठारों से निकलकर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र से होते हुए सोन नदी में जाकर मिल जाती हैं और सोन नदी जो पटना



में जाकर गंगा नदी में मिल जाती है। ये नदियां उत्तर प्रदेश के सोनभद्र क्षेत्र में जल आवश्यकताओं की पूर्ति करने में महत्वपूर्ण भूमिका रखती हैं। सोनभद्र जनपद की भौगोलिक स्थिति पठारी होने के कारण नदियों का वेग वर्षाकाल में अत्यधिक होता है, जिसके कारण इनका अधिकांश जल बिना उपयोग के बह जाता है। इस क्षेत्र में भू-गर्भ जल स्तर भी बहुत नीचे है। जिससे यहां के वासियों को ग्रीष्मकाल में भयंकर जल का सामना करना पड़ता है। लेकिन अब इस परियोजना के पूर्ण हो जाने से जल का संचयन हो रहा है जो किसानों के काम आएगा। कनहर निर्माण खंड-3 के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि कनहर बांध को आधुनिक तकनीक से बनाया गया है। बांध के स्पिलवे में 16 रेडियल गेट लगाए गए हैं। बांध में पानी बढ़ने पर अलार्म सिस्टम एक्टिवेट हो जाएगा और बांध के गेट आवश्यकतानुसार अपने आप खुल जाएंगे तथा बांध में पानी कम होते ही बांध के गेट स्वतः बंद भी हो जाएंगे। बताया कि परियोजना के तहत 1775 मीटर लंबाई का एक्वाडक्ट व 2660 मीटर लंबी सुरंग का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है जो अंतिम चरण में है।

## कोल्ड स्टोर में गैस रिसाव से झुलसे ऑपरेटर मामले की जांच करने पहुंचे एडीएम

**कोंच(जालौन)-** अंडा गांव के समीप मंगलवार की सुबह कोल्ड स्टोर में अमोनिया रिसाव के कारण ऑपरेटर के झुलसने की घटना को प्रशासन ने काफी गंभीरता से लिया है और इसकी विंदुवार गहन जांच की जिम्मेदारी जिलाधिकारी ने एडीएम को सौंपी है। डीएम द्वारा जांच अधिकारी नामित किए जाने के बाद बुधवार को एसडीएम कोल्ड स्टोर की जांच करने पहुंचे। हालांकि उन्होंने जांच में क्या पाया इसकी जानकारी उन्होंने फिलहाल नहीं दी है लेकिन बड़ा सवाल अभी भी मुंह बाए खड़ा है कि, जब निर्माण ही पूरा नहीं हो सका है और विभिन्न विभागों से लिए जाने वाले लाइसेंस व एनओसी की कार्रवाई पूरी नहीं हुई फिर कोल्ड स्टोर चालू कैसे किया गया। हालांकि अंडा गांव के पास कोल्ड स्टोर में हुई गैस रिसाव की घटना में एक कर्मचारी का झुलसना देखने में छोटी घटना लग सकती है लेकिन वास्तव में यह एक बहुत बड़ी घटना है जो अगर रौद्र रूप धारण करती तो त्रासदपूर्ण हो सकती थी। इस घटना की भयावहता को समझते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने इसकी जांच का काम एडीएम के सुपुर्द कर दिया है। बुधवार को एसडीएम कोल्ड स्टोर पहुंचे और विभिन्न विंदुओं पर पड़ताल की। एसडीएम हेमंत पटेल ने बताया कि इस मामले की जांच अब एडीएम कर रहे हैं लेकिन कोल्ड स्टोर संचालक अभी तक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को सुबह अंडा गांव के पास निर्माणाधीन ? नमः शिवाय कोल्ड स्टोर में हुए अमोनिया गैस के रिसाव से वहां काम करने वाला 28 वर्षीय ऑपरेटर अनूप कुमार उस वक्त बुरी तरह से झुलस गया था जब वह प्लांट मशीन में लिक्विड पंप खाली कर रहा था। वह तो गनीमत रही कि इस घटना ने बड़ा रूप नहीं लिया वरना हालात बेकाबू हो सकते थे। विदित हो कि भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने में गैस रिसाव ने ही भोपाल त्रासदी की पटकथा रच डाली थी जिसमें हजारों जानें गई थीं और उसके साइड इफेक्ट्स आज भी प्रभावित इलाकों को झेलने पड़ रहे हैं। मंगलवार को ही घटना के बाद निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फायर विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों की एनओसी और लाइसेंस मांगे, लेकिन मौके पर कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा सका। इससे कोल्ड स्टोर के संचालन की वैधता पर सवाल खड़े हुए हैं। प्रशासन अब संबंधित विभागों से भी जानकारी जुटाने में लगा है की कोल्ड चालू होने से पहले विभागों से एनओसी ली भी गई है या नहीं। सवाल तो यह भी है कि सुरक्षा के उपायों पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया और जरूरी उपकरण क्यों नहीं लगाए गए जबकि वहां खतरनाक जानलेवा गैसों का उपयोग किया जाता है। निरीक्षण में अधिकारियों को मौके पर न तो कर्मचारियों के लिए सुरक्षा किट मिली और न ही अमोनिया रिसाव जैसी आपात स्थिति से निपटने के पर्याप्त इंतजाम दिखाई दिए। गैस फैलते ही कर्मचारियों और किसानों में भगदड़ मच गई। वहां मौजूद लोगों ने मुंह ढककर किसी तरह बाहर भागकर जान बचाई। घटना के बाद से किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बड़ा सवाल यह भी है कि जब निर्माण कार्य ही पूरा नहीं हुआ है तो फिर आधे-अधूरे कोल्ड स्टोर को चालू कैसे और किसके संरक्षण में कर दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक कोल्ड स्टोर का निर्माण कार्य अभी अधूरा पड़ा है। कई हिस्सों में निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी है, इसके बावजूद किसानों की हजारों बोरी हरी मटर स्टोर में रख ली गई। हादसे के बाद किसान भी अपनी उपज और खुद की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे है।

## पुण्यतिथि पर नेहरू जी को कांग्रेसियों ने किया याद



**कोंच(जालौन)-** ब्रिटिश हुकूमत से आज़ादी के बाद आधुनिक भारत के निर्माता, प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की 27 मई को 62वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने उनको याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। नगर कांग्रेस कमेटी कोंच के अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में स्थानीय सरोजनी नायडू पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्व. जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर राघवेंद्र ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में अहम योगदान देकर आधुनिक भारत में संचार क्रांति लाने वाले प्रथम प्रधानमंत्री को भारतवासी कभी विस्मृत नहीं कर सकते हैं। वह बच्चों को भी बहुत दुलार करते थे इसलिए उन्हें चाचा नेहरू बोला जाता है। जिला सचिव श्रीनारायण दीक्षित ने कहा कि हम सभी लोगों को जवाहर लाल नेहरू के बताए गए रास्तों पर चलकर गरीबों की सेवा करनी होगी तभी उनका सपना साकार हो सकेगा। इस मौके पर अवधेश अवस्थी, जावेद खान, अरविंद दीक्षित, सज्जन वर्मा, विनोद कुशवाहा, जाहिद खान, हाजी नासिर खान, कासिम मंसूरी, बबलू शर्मा, नरेंद्र राठौर, आशीष दुबे, शहाबुद्दीन, फहीम, श्यामरूप राजपूत, राजेंद्र प्रजापति आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सभागार में ग्राम प्रधानों को प्रशासक सरकार द्वारा नियुक्त किए जाने पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित खुशी में बांटे गए मिठाई




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दुद्धी/सोनभद्र-** ब्लॉक सभागार दुद्धी में नवनियुक्त प्रशासक बंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सरकार द्वारा वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किए जाने पर आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया। बैठक में ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को निरंतर सुचारू, पारदर्शी एवं जनहितकारी ढंग से संचालित किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रधान संघ अध्यक्ष गुंजा कुशवाहा, सीता जायसवाल नि0 ग्राम प्रधान मल्देवा (कोषाध्यक्ष प्रधान संघ), धूमा प्रधान राम प्रसाद यादव,दिघुल प्रधान जगत नारायण व त्रिभुवन यादव, अरविंद जायसवाल, संजय कुशवाहा, सरजू प्रसाद यादव, शिवकुमार यादव प्रतिनिधि, बृजेश कुशवाहा, कृपा शंकर कुशवाहा, अभय कुमार, किशु सिंह, शेषनाथ आदि की उपस्थिति में

प्रधान संघ की अध्यक्ष गुंजा कुशवाहा ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि ग्राम प्रधान ही गांव, सरकार एवं जनता के बीच विकास एवं समन्वय की सबसे मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रधान बंधुओं से एकजुट होकर ग्राम हित में कार्य करने का आह्वान किया। बैठक का संचालन अपना दल विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान निरंजन जायसवाल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किए जाने पर सरकार का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा ओबीसी आरक्षण की निष्पक्ष एवं विधिसम्मत प्रक्रिया पूर्ण कराकर आरक्षण व्यवस्था लागू किए जाने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में हो रही देरी सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आवश्यक कदम है तथा सरकार पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर सभी प्रधानों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद के फोटो के साथ नारे लगाते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## फ्लड लाइट्स में चौकों छक्कों पर रोमांचित हो उठे हजारों दर्शक

- माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में राज्यमंत्री सहित भाजपा बुंदेलखंड क्षेत्र अध्यक्ष बतौर अतिथि हुए शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता









**कोंच (जालौन)-** एमएसडी महाविद्यालय तीतरा के मैदान में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन द्वारा आयोजित माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को दूधिया रोशनी में खेले गए मैचों में खिलाड़ियों के बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन पर मौजूद हजारों दर्शक रोमांचित हो उठे। बतौर अतिथि उप्र सरकार के श्रम एवं सेवा योजन विभाग के राज्यमंत्री मनोहरलाल पंत उर्फ मन्नू कोरी, भाजपा के बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित विधायक मूलचंद्र निरंजन ने क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस कराकर और खिलाड़ियों से हांथ मिलाकर उनका परिचय लेते हुए मैच आरंभ कराया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि भारत देश विविध खेलों का जनक है, प्रदेश एवं देश की भाजपा सरकारों में खेलों को बढ़ावा दिया जाता है। माधोगढ़ विधायक द्वारा उत्तम व्यवस्थाओं के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन निश्चित रूप से सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। यह टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के सहायक सिद्ध होगा। इससे पूर्व आयोजन समिति प्रमुख आशु निरंजन महतवानी सहित समिति के अन्य सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कोंच प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सहित भाजपा के तमाम नेता और कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

पहला मैच कुंवरपुरा स्टार इलेवन और रहमत इलेवन कालपी के मध्य खेला गया। पहले खेलते हुए कुंवरपुरा की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 72 रन बनाए। जबाव में रहमत इलेवन की टीम 7 विकेट के पतन पर 68 रन ही बना सकी। कुंवरपुरा टीम के खिलाड़ी अजय सेंगर ने 2 ओवर में मात्र 6 रन खर्च कर 3 विकेट लेकर मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रधान इलेवन जालौन की टीम ने 9 विकेट पर 85 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजर ध्यानचंद इलेवन झांसी की टीम 5 विकेट खोकर सिर्फ 59 रन ही बना सकी और हार का मुंह देखना पड़ा। झांसी की टीम के धुरंधर गेंदबाज राज ने एक ओवर में 8 रन देकर 3 विकेट झटके जिन्हें मेन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मैच में प्रधान इलेवन जालौन की टीम ने पहले बल्लेबाजी कर 4 विकेट पर 99 रन बनाए। जबाव में कुंवरपुरा स्टार इलेवन टीम 7 विकेट खोकर 67 रन ही बना सकी। प्रधान इलेवन टीम के खिलाड़ी ऋषभ सक्सेना ने 2 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट हासिल किए जिन्हें मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## डोंगराखुर्द लेखपाल पर भ्रष्टाचार के आरोप, निलंबन की उठी मांग

- ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजा शिकायती पत्र, हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तहसील महरौनी क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोंगराखुर्द के लेखपाल निशांत तिवारी पर भ्रष्टाचार और न्यायालय के आदेशों की अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक साहू ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी लेखपाल को तत्काल निलंबित करने और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत डोगरा खुर्द में कृषि पट्टा आवंटन के नाम पर लेखपाल द्वारा ग्रामीणों से अवैध रूप से धनराशि वसूली जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस संबंध में एक पत्रावली भी तैयार की गई है, जिसे उच्च अधिकारियों से स्वीकृत कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा नेता अभिषेक साहू ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा रिट संख्या 34879/2023 में 15 दिसंबर 2025 को पारित आदेश के तहत भू-आवंटन की कार्यवाही पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद आरोप है कि



लेखपाल द्वारा किसानों से पट्टे के नाम पर धन वसूला जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि यदि गांव में निष्पक्ष जांच कराई जाए तो ग्रामीणों से की गई कथित अवैध वसूली की पुष्टि हो सकती है। साथ ही आरोप लगाया गया कि लेखपाल निशांत तिवारी द्वारा न केवल न्यायालय के आदेशों, बल्कि आयुक्त झांसी, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी महरौनी और तहसीलदार महरौनी के निर्देशों की भी लगातार अवहेलना की जा रही है। अभिषेक साहू ने कहा कि ऐसे मामलों से शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि आरोपी लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय एवं दंडात्मक जांच कराई जाए। बताया गया है कि इस शिकायती पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राजस्व मंत्री एवं कमिश्नर झांसी सहित अन्य अधिकारियों को भी भेजी गई है। इस दौरान शिकायत पत्र में राजा सिंह, मनोज कुमार, फूलचंद, नन्दलाल, भानुन सिंह और प्रताप सिंह सहित अन्य ग्रामीणों के भी हस्ताक्षर बताए गए हैं।

### पिपरी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, पॉक्सो एक्ट से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में तथा थानाध्यक्ष पिपरी राजेश जी चौबे के नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए पॉक्सो एक्ट से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।दिनांक 27.05.2026 को उ0नि0 जितेन्द्र सरोज चौकी प्रभारी रेनुकूट थाना पिपरी मय हमराह पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पिपरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-101/2026 धारा 65(1), 127(2), 137(2), 351(3) बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त फैसल खान पुत्र फिरोज खान निवासी हथवानी थाना हाथीनाला जनपद सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष को धौकी नाला मोड़ के पास से समय करीब 06.10 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष राजेश जी चौबे, उ0नि0 जितेन्द्र सरोज, चौकी प्रभारी रेनुकूट, हे0का0 शिव बदन राम, चौकी रेनुकूट, का0 अजीत कुमार शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**वीरता, खेल, विज्ञान, कला समेत छह श्रेणियों में मेधावी बच्चों को मिलेगा सम्मान**

**ललितपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं सिफारिशें 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो चुकी हैं तथा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बच्चों की असाधारण प्रतिभा और उपलब्धियों को सम्मानित करने वाला देश का प्रतिष्ठित पुरस्कार है। इसके लिए आवेदन भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन किए जा सकते हैं। बताया कि यह पुरस्कार 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई 2026 तक) के उन बच्चों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायक योगदान दिया हो। पुरस्कार के लिए छह श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें वीरता, समाजसेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शामिल हैं। उन्होंने जनपद के अभिभावकों, शिक्षकों एवं संबंधित संस्थाओं से अपील की है कि पात्र एवं प्रतिभाशाली बच्चों के नामांकन समय से कराए जाएं, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### इटवा में ग्रापए के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की मनाई गई 39 वीं पुण्यतिथि



**सिद्धार्थनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई इटवा पर बुधवार को तहसील अध्यक्ष राम पूजन सोनी की अध्यक्षता में एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी की 39वीं पुण्य तिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार साथियों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी अम्बिका मिश्रा तथा मोहम्मद मेंहदी और शिवकुमार चौबे ने बताया कि ग्रामीण पत्रकारिता को नई पहचान और सशक्त दिशा प्रदान करने वाले, उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में पत्रकारों को संगठित कर उन्हें एक मजबूत मंच देने का काम ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक श्रद्धेय स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी ने किया था। आज उनकी 39वीं पुण्यतिथि पर उन्हें शत्-शत् नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और एकता के लिए आपका संघर्ष, समर्पण और योगदान सदैव स्मरणीय एवं प्रेरणादायी रहेगा। पत्रकारिता जगत में आपके द्वारा स्थापित आदर्श आने वाली पीढ़ियों को निरंतर मार्गदर्शन देते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में प्रमोद मिश्रा, अनिल सोनी, श्याम नन्दन शुक्ला , रमेश चन्द्र, उदयभान सैनी, शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय, अनीस अंसारी, गुल हसन, सहित भारी संख्या में एसोसिएशन पदाधिकारी एवं पत्रकार मौजूद रहे।

### हाईटेंशन लाइन घरों से सटाकर बिछाने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने डीएम से की शिकायत



**प्रतापगढ़।** सेतापुर, पतुलकी और भोजपुर बिहारगंज ग्रामसभा के लोगों की जान-माल की सुरक्षा को लेकर बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि प्रतापगढ़-अमेठी नेशनल हाईवे 991 पर 33 हजार लाइन विस्तार का काम चल रहा है। आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों के घरों से सटाकर बिजली का पोल लगा रहे हैं और खुला तार बिछा रहे हैं। करीब डेढ़ किलोमीटर के इस खंड में सैकड़ों घर आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 33 हजार की लाइन में इतनी पावर होती है कि 4-5 फीट दूर खड़े व्यक्ति को भी खींच सकती है,जबकि लाइन घरों से सटाकर निकाली जा रही है।ग्रामसभा वासियों की मांग है कि लाइन की अंडरग्राउंड केबल बिछाई जाए या लाइन को ऊंचे पोल के सहारे ऊपर से ले जाया जाए ताकि किसी तरह का हादसा न हो।ज्ञापन मिलने पर जिलाधिकारी ने तत्काल अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम से फोन पर बात कर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने काम तत्काल रुकवाने के आदेश दिए और अधिकारियों को मौके पर भेजकर जांच के बाद 2 दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।डीएम ने 29 मई को बिजली विभाग के अधिकारियों और ग्राम वासियों के साथ बैठक कर इस गंभीर समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर सेतापुर के ग्राम प्रधान विकास सिंह, सुरेश कुमार मिश्रा, मोहम्मद बशीर, आदिल, सक्षम सिंह, प्रत्यूष सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### अवैध खनन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई

**संयुक्त अभियान में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज, थानों को किया गया सुपुर्द**

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन एवं बिना अनुमति संचालित वाहनों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को संयुक्त अभियान चलाया। परिवहन विभाग एवं खनन विभाग की टीम ने एआरटीओ आशुतोष शुक्ला तथा खनन निरीक्षक जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की। अभियान के दौरान बरियारपुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन एवं ओवरलोड मिट्टी परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं। जांच में अनियमितता पाए जाने पर दोनों वाहनों को सीज कर बरियारपुर थाने को सुपुर्द कर दिया गया। इसी क्रम में बरहज क्षेत्र में भी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनन कार्य में संलिप्त पाई गई, जिसे सीज कर संबंधित थाने को सुपुर्द किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनपद में अवैध खनन की गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जाएगा तथा दोषी पाए जाने पर वाहन सीज करने के साथ अर्थदंड एवं कठोर विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

## अतिक्रमणकारियों के आगे झुका नगर निगम, नहीं बन पाया यूरिनल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** गोविन्द नगर के नंदलाल चौराहे पर सार्वजनिक यूरिनल निर्माण का मामला अब नगर निगम की कार्यशैली और अतिक्रमणकारियों के बढ़ते हौसलों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। वर्षों से यूरिनल न होने के कारण स्थानीय व्यापारियों, राहगीरों और विशेषकर महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन नगर निगम अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर सका है। क्षेत्रीय व्यापारियों और गोबिन्द नगर व्यापार मंडल द्वारा दर्जनों ढ्ढत्तऋ शिकायतों के साथ-साथ नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा को भी शिकायत भेजी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री जी ने स्वयं नगर आयुक्त, कानपुर को सार्वजनिक यूरिनल निर्माण हेतु शिकायत मार्क कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद धरातल पर हालात जस के तस बने हुए हैं।

बुधवार को नगर निगम की टीम जोन-5 जलकल कार्यालय के बाहर यूरिनल निर्माण की तैयारी के लिए पहुंची, लेकिन अतिक्रमणकारियों के विरोध के आगे पूरी कार्रवाई ठप हो गई। बताया गया कि नगर निगम के सुपरवाइजर कमलेश ने जलकल विभाग की बाउंड्री के बाहर अवैध रूप से कूलर स्टैंड रखकर नगर निगम की जमीन पर कब्जा किए दुकानदार से अतिक्रमण हटाने को कहा।

इस पर कब्जेदार ने उल्टा नगर निगम कर्मियों से इस अंदाज में सवाल-जवाब शुरू कर दिया मानो उक्त सरकारी जमीन उसी की निजी संपत्ति हो। उसने साफ तौर पर अतिक्रमण हटाने से इनकार कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि नगर निगम की टीम सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने की बजाय बिना कोई कार्रवाई किए वापस लौट गई। परिणामस्वरूप प्रस्तावित यूरिनल का निर्माण फिर अधर में लटक गया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि दो वर्ष पूर्व कथित नाला निर्माण के नाम पर यहां बने पुरुष एवं महिला यूरिनल तोड़ दिए गए थे, लेकिन आज तक न तो नाला बना और न ही यूरिनल का पुनर्निर्माण कराया गया। इस बीच खाली पड़ी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे भी शुरू हो गए।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गोबिन्द नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रकाश वीर आर्य एवं अन्य व्यापारियों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब नगर विकास मंत्री तक मामले में निर्देश दे चुके हैं, उसके बाद भी यदि नगर निगम अपनी जमीन कब्जामुक्त नहीं करा पा रहा, तो यह प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पहले बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया जाए, तभी वहां सार्वजनिक यूरिनल का निर्माण संभव हो सकेगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम लगातार 'वित्तीय संसाधनों' का बहाना बनाकर मामले को टालता रहा, जबकि असली बाधा अब अतिक्रमण और प्रशासनिक ढिलाई बन चुकी है। क्षेत्रीय व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजी व धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादी को एफसीआई फतेहपुर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर अभियुक्तगण द्वारा विश्वास में लेकर वादी से कुल 4,90,000 रुपये चेक ट्रांसफर एवं नकद प्राप्त किए गए।तत्पश्चात अभियुक्तों द्वारा एक माह बाद कूटरचित फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर ट्रेनिंग के बहाने फतेहपुर में तीन दिन तक रोककर खर्च भी वादी से ही कराया गया। अभियुक्तगण रुपये वापस करने से इंकार कर जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके संबंध में थाना आसपुर देवसरा पर धारा 419/420/467/468/506 भादवि बनाम 03 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया है। थाना प्रभारी आसपुर देवसरा के उ0नि0 हरीन्द नारायण राय मय हमराह द्वारा थाना आसपुर देवसरा में दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जितेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र तिलकधारी सिंह निवासी ग्राम एलाही थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 35 वर्ष को थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत गौरामाफी कस्बे के पास से गिरफ्तार किया गया।

## सफेद हाथी साबित हो रहा नारायनपुर चौराहे पर लगा वाटर एटीएम

● उद्घाटन के एक माह के अन्दर एटीएम बेपानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** स्वच्छ भारत अभियान और जल जीवन मिशन के तहत विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर चौराहे पर लगा वॉटर एटीएम सफेद हाथी साबित हो रहा है। उद्घाटन के एक माह के भीतर ही वाटर एटीएम बे पानी हो गया है। लाखों की लागत से चौराहे पर जब वाटर एटीएम लगाया गया तो दुकानदारों को और राहगीरों को यह लगा कि उन्हें चिलचिलाती धूप में शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा। कुछ दिनों तक तो पेयजल मिला किंतु जल्द ही वाटर एटीएम बंद हो गया। आश्चर्य की बात यह है कि आरो प्लांट व वाटर एटीएम तो लगा दिया गया किंतु आरो प्लांट से निकलने वाले दूषित जल के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं की गई ।लिहाजा आरो से निकला पानी सड़क पर फैलने लगा और दुकानदारों के सामने कीचड़ होने लगा। वाटर एटीएम लगाने के लिए बकायदे बोरिंग भी कराई गई और बिजली की व्यवस्था भी की गई। किंतु इधर जब लोग चिल्लाती धूप में पानी के लिए परेशान है तो एटीएम ठेंगा दिखा रहा है। एटीएम मशीन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान, विधायक जयप्रकाश निषाद, वीडियो, इंजीनियर और प्रस्तावक मालती देवी तक का नाम लिखा गया है, किंतु वाटर एटीएम को चालू करने की जिम्मेदारी किसी के पास नहीं है। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि उद्घाटन के कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक रहा किंतु अब एटीएम बंद ही रहता है।आखिर एटीएम क्यों बंद रहता है वाटर एटीएम और आरो प्लांट की चाबी किसके पास है इसका जवाब किसी के पास नहीं है। नेताओं व अधिकारियों ने सरकार का लाखों रुपए खर्च कर वॉटर एटीएम का प्लांट तो लगवा दिया किंतु वह चल रहा है या बंद है की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। जनता सवाल पूछ रही है यदि स्वच्छ भारत अभियान और जल जीवन मिशन का हश्र यही है तो फिर यह किस काम का।

## पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कमेटी पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ के अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा देश के निर्माण, लोकतंत्र की मजबूती एवं आधुनिक भारत की नींव रखने में दिए गए योगदान को याद किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा कि पंडित नेहरू ने भारत को वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की दिशा दी। उन्होंने देश को शिक्षा, उद्योग, तकनीक एवं पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया। आज देश को उनके विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव पंडित नेहरू के आदर्शों पर चलकर देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, के.के शुक्ल, राम रतन तिवारी, मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा, जिला प्रवक्ता मासूम हैदर, सुरेश कुमार मिश्रा, फतेह बहादुर सिंह, आशिक अली, रामधन यादव अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## वार्ड 5 में नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ: जलजमाव से मिलेगी राहत



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड नं0 05 अटल नगर के कस्बा बेलवा में नाला निर्माण के लिए भूमि-पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने विधि विधान से कराया, इसके बाद नाला निर्माण कार्य शुभारम्भ किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप होना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि रवि सिंह, राजमणि दूबे, शिवजी तिवारी, जसवंत सिंह, बच्चाराम पांडेय, कन्हैया वरुण सहित भारी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

## गंगा दशहरा महोत्सव में झांकियो को देख भक्त हुए भाव विभोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** श्री गंगा दशहरा महोत्सव में मंगलवार को देर रात तक विभिन्न प्रकार के मां गंगा अवतरण की झांकियां देख भक्त भाव विभोर हो गए। देर रात तक भक्त दीप जलाकर मां से आशीर्वाद मांगा।आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह मुन्ना भैया व संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने अतिथिगण को मां की चुनरी व मां की प्रतिमा एवं पौध देकर सम्मानित किया। महोत्सव को सफल बनाने में एसडीएम सदर, सीओ सिटी, शहर कोतवाल, ईओ नगर पालिका, अग्निशमन अधिकारी, चौकी प्रभारी आदि को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह मुन्ना भैया ने कहा कि मां बेल्हा देवी की कृपा से 21वां श्री गंगा दशहरा महोत्सव इतिहास रचने में सफल रहा।संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि मां बेल्हा देवी की कृपा से 21वां श्री गंगा दशहरा महोत्सव सफल हुआ। इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने में व महोत्सव को सफल बनाने में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की मेहनत से इतना बड़ा आयोजन सकुशल संपन्न हुआ। आयोजन समिति सभी के प्रति आभार ज्ञापित करती है। रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी मीडिया परिवार का, मां के भक्तों व पूरी आयोजन समिति के प्रति भी आभार जताया।व्यवस्था प्रभारी रघ्घु पंडा मां से प्रार्थना की सभी भक्तों का कल्याण करें। रंगोली बनाने में अभिलाषा, दीपा, वंदना, प्रतीक्षा, किंजल आदि की टीम ने रंगोली बनाकर महोत्सव में चार चांद लगाया। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, संतोष कुमार, श्याम उमरवैश्य, देवानंद, रघु पंडा, जगदंबा प्रसाद (जग्गू पंडा),सुरेश मास्टर, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, नीरज त्रिपाठी, दिनेश सिंह दिन्नू, विपिन गुप्ता, परमानंद मिश्रा, शिवेश शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, सुरेश चंद पांडे नेताजी, आशीष पाठक, हरिश एडवोकेट, आलोक, शैलेंद्र नाथ मिश्रा, अरविंद, प्रदीप, मनोज पंडा, मनीष, गोलू ,राजू, पवन पटवा, बाबा सिंह, मुकेश आदि हजारों की संख्या में मां के भक्तों ने दीपोत्सव आरती पूजन में सहभागिता की।

## निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, महिला की मौत के बाद परिजनों ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही और मनमानी तरीके से धन वसूली करने का गंभीर आरोप सामने आया है। महिला मरीज की मौत के बाद परिजनों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के भगत सिंह नगर निवासी रितेश पुत्र कन्हैयालाल ने आरोप लगाया है कि उनकी माता प्रभावती देवी को उपचार के लिए जिला मुख्यालय क्षेत्र स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि उपचार के दौरान मरीज को आईसीयू में रखा गया, लेकिन हालत गंभीर होने के बावजूद उचित देखभाल नहीं की गई।

पीड़ित परिवार के आरोप के अनुसार अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों और कर्मचारियों द्वारा इलाज के दौरान लापरवाही बरती गई तथा मरीज की स्थिति बिगड़ने पर उन्हें घर भेज दिया गया। परिजनों का यह भी कहना है कि डिस्चार्ज के समय आवश्यक दवाओं को लेकर पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई, जिसके बाद मरीज की तबीयत दोबारा बिगड़ गई।

आरोप है कि हालत गंभीर होने पर महिला को पुनः अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ समय बाद उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित पक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, संबंधित जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने तथा निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली की जांच कराने की मांग की है। हालांकि, मामले में अस्पताल प्रबंधन अथवा संबंधित चिकित्सकों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद एक बार फिर जिले में संचालित निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।




## जिलाधिकारी ने गोड़े में स्थापित आंवला फंक्शनल पैक हाउस का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विकास खण्ड सदर के अन्तर्गत ग्राम गोड़े में स्थापित आंवला फंक्शनल पैक हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंवला फंक्शनल पैक हाउस का उपयोग स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन का केंद्र बनाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाइयों को इससे जोड़ने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि जो महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कार्य करने की इच्छुक हैं अथवा जो लघु इकाइयां आंवला आधारित उत्पाद तैयार करना चाहते उन्हें आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि आंवले से मुरब्बा, कैंडी, जूस, पाउडर, अचार सहित अन्य उत्पाद तैयार कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के बेहतर अवसर विकसित किये जा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि आंवला उत्पादों के विपणन एवं प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे उत्पादों को बाजार उपलब्ध हो सके और लोगों को स्थायी रोजगार मिल सके। निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत राय, उपायुक्त उद्योग एस0 एस0 रावत उपस्थित रहे।

### जनता दर्शन में डीएम ने दिव्यांग फरियादी की समस्या सुन तत्काल इलाज कराने के दिए निर्देश

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की संवेदनशीलता एवं जनसरोकारों के प्रति गंभीरता बुधवार को जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली, जब एक दिव्यांग फरियादी व्हीलचेयर पर सीधे उनके कार्यकक्ष में पहुंचा। फरियादी की स्थिति देखकर जिलाधिकारी ने तत्काल उसकी समस्या गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन में पहुंचे गणेश तिवारी पुत्र देवनाथ तिवारी निवासी ग्राम शेरवा बभनौली ने बताया कि वह पथरी की गंभीर समस्या से पीड़ित हैं, लेकिन आर्थिक अभाव के कारण ऑपरेशन नहीं करा पा रहे हैं। फरियादी की व्यथा सुन जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बुलवाया और मेडिकल कॉलेज देवरिया में समुचित इलाज एवं ऑपरेशन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इलाज की पूरी प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए तथा फरियादी को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा पात्र व्यक्तियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## बांसी में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि मनाई गई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के सबसे बड़े पत्रकार संगठन ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संगठन से जुड़े सदस्यों व पदाधिकारियों ने बुधवार को बांसी ब्लॉक सभागार में दोपहर एकत्रित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिजेश धर द्विवेदी की अध्यक्षता में चले कार्यक्रम में उपस्थित तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी के चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया गया। ब्लाक उपाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी ने कहा कि शहरों से, पत्रकारिता को ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाने का जो कार्य इनके द्वारा किया गया है उसका सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहा है। पिंकू त्रिपाठी ने कहा प्रदेश ही नहीं देश में स्वर्गीय बालेश्वर जी ने इस संगठन को ग्रामीण पत्रकारिकता के लिए ढाल बना दिया है।

बतौर तहसील उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि बाबू बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण आवाजों को बुलंद करने के लिए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की नींव रखी थी जिसका मकसद था कि सभी पत्रकार संगठित हो कार्य करें और संगठन को मजबूती प्रदान करें। संगठन के संरक्षक उमाकांत त्रिपाठी ने कहा कि संगठन की मंजूबती के लिए मै हमेशा आप लोगों के साथ हूं आप लोगों को जहां संगठन की जरूरत पड़े बताए , संगठन सभी पत्रकार बंधुओं के साथ हैं कार्यक्रम को अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रहे द्विवेदी ने कहा ग्रामीणों मजलूमों की आवाज बाबू बालेश्वर ने अपने समय में सत्ताधीशों तक पहुंचाया। आज हम सबकों उनके ऊपर गर्व है। कार्यक्रम में दुर्गेश मूर्तिकार, सोहराब अली, अवधेश दूबे, अजय उपाध्याय, राकेश दूबे, जमाल अहमद खान, सत्यप्रकाश दूबे, अरबाज चौधरी, अजीत मौर्य,रितिक श्रीवास्तव के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की तुलसियापुर में मनायी गयी पुण्यतिथि



**सिद्धार्थनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई शोहरतगढ़ द्वारा बुधवार को अहिरौला तुलसियापुर में संस्था संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 39 वीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के दूर दृष्टि भरे सकारात्मक सोच के माध्यम से पत्रकारिता जगत में योगदान देने वाले पत्रकार समाज के लिए बेहतर काम कर सकते हैं। समाज को पत्रकारों से काफ़ी अपेक्षाएं रहती है। पत्रकार समाज की दशा और दिशा को लेखनी के माध्यम से सबके सामने प्रस्तुत करता है। पत्रकार को समाज के विश्वास पर खरा उतरकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों के हित, सुरक्षा संरक्षण के साथ-साथ सुख दुख का सदैव साथी रहा है। उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी पत्रकारों के एकजुटता की अपील की। विचार गोष्ठी व श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित तहसील इकाई शोहरतगढ़ महामंत्री मुस्तन शेरुल्लाह, वरिष्ठ पत्रकार रवि शुक्ला, डॉ दिनेश पांडेय, सभाजीत त्रिपाठी, रमेश शुक्ला, सुग्रीव यादव, सुनील केसी, प्रेमचंद गौड़ आदि पत्रकारों ने अपने विचारों को रखते हुये संस्था संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया।

## सिद्धार्थनगर में ई-रिक्शा से टकराकर बाइक सवार चालक की मौत, दो घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के पल्टादेवी मार्ग पर स्थित रमवापुर नानकार गावं के पास मोटरसाइकिल सवार के द्वारा एक ई-रिक्शा से अचानक टक्कर जाने के कारण तीन लोग घायल हो गये। जिसमें अस्पताल पहुंचते - पहुंचते घायल एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दो घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थानाक्षेत्र महादेवा नानकार निवासी दीपक भारती के चाचा के लड़की की शादी दो दिन पहले थी। शादी समारोह में शामिल होने दीपक के बहनोई कृष्णा व बहन पिंकी भी आई हुई थी।

शादी समारोह सम्पन्न होने के बाद वुधवार की दोपहर महादेवा नानकार से थाना क्षेत्र के गुजरौलिया टोला करहिया निवासी कृष्णा भारती (26 वर्ष) बाइक पर महादेवा नानकार निवासी अपने साले दीपक (20) पुत्र रमेश व थानाक्षेत्र ढेबरूआ ग्राम खजुरिया निवासी वीरेंद्र कुमार वीरू (19) पुत्र रमेश को बैठाकर किसी काम से नजदीक स्थित चोड़ार चौराहा पर जा रहे थे। पल्टा देवी मार्ग पर रमवापुर चौराहा के पास खड़े ई-रिक्शा से बाइक अनियंत्रित होकर जा टकराई। जोरदार टक्कर में तीनों युवक गम्भीर रूप से घायल होकर सड़क परगिर गए। टक्कर की तेज आवाज सुन आसपास के लोग दौड़ पड़े और सभी घायलों को सीएचसी शोहरतगढ़ पहुंचाया। बाइक चला रहे कृष्णा के सिर मे गम्भीर चोट लगने से खून बह गया और उसकी मृत्यु हो गई।

दुर्घटना की खबर महदेवा नानकार व करहिया गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया। शादी विवाह कई खुशियां मातम में बदल गयी। परिजन भागकर सीएचसी पहुंचे। कृष्णा का शव देख उसकी पत्नी पिंकी दहाड़ मारकर रोते-रोते बेहोश हो जा रही थी। अस्पताल परिसर में चीख पुकार सुन लोगों का कलेजा दहल गया। कृष्णा के दो वर्षीय पुत्र के सिर से बाप का साया उठ गया। कृष्णा के माता-पिता बेटे का शव देख रोते बिलखते रहे। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना में तीन युवक रमवापुर नानकार के पास घायल हो गये थे। बाइक चला रहे एक युवक की मृत्यु हो गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## विधायक गौरा ने मुख्य सेविकाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को स्मार्ट फोन वितरण किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा:** बाल विकास परियोजना कार्यालय, छपिया, जनपद गोण्डा में मुख्यसेविकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट मोबाइल फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रभात कुमार वर्मा जी सम्मिलित हुए।विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण एवं डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्मार्ट फोन वितरण से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विभागीय कार्यों के संचालन, पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने में सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सकेगा।इस अवसर प विधायक द्वारा मुख्यसेविकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मौजूद रहे खण्ड विकास अधिकारी छपिया अभय कुमार सिंह, सीडीपीओ वंदना श्रीवास्तव, इंद्रावती वर्मा सुपरवाइजर, रंजना सिंह अनुपम मिश्रा, मीनाक्षी देवी एवं भारी संख्या में आंगनवाड़ी के कर्मचारी मौजूद रही।

## संक्षिप्त खबरें

### ईद पर कुर्बानी के लिए लाया गया ऊंट सीसीबरगांव पुलिस ने किया जब्द

**इलाके में मची हलचल**



**असम धेमाजी।** 28 मार्च को इस्लाम धर्म के लोगों के ईद-उल-फितर के पवित्र त्योहार है । ईद पर कुर्बानी के विषय पर राज्य विभिन्न चर्चा बिज सीसीबर गांव तहसील के अंतर्गत गेलुवा में पुलिस ने एक ऊंट जब्द करने की खबर ने इलाके में हलचल मच गई। द अर्थ फॉर एवरीवन और आश्रय केयर एंड वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने सिलापथार पुलिस के साथ मिलकर ऊंट को गेलुवा के हन्नान खान के घर से जब्द कर सीसीबरगांव थाने में ले गया। ख़बर अनुसार ऊंट को ईद में कुर्बानी देने के लिए खारुपेटिया से खरीद कर लाया गया था।

### शिवसेना के विभिन्न पदों पर संजीत देवनाथ पुनर्नियुक्त




**श्रीभूमिः हैलाकांडी-** हिंदू हृदयसम्राट श्रद्धेय बालासाहेब ठाकरे द्वारा स्थापित तथा महाराष्ट्र के वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में हैलाकांडी के संजीत देवनाथ को बराक घाटी प्रमुख एवं शिवसेना प्रभावक संघ के राष्ट्रीय सचिव पद पर पुनर्नियुक्त किया गया है। शिवसेना की राष्ट्रीय समिति के उपनेता तथा शिवसेना प्रभावक संघ के संस्थापक अध्यक्ष श्री अनिल पाडवाल ने संजीत देवनाथ को पुनर्नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा, संजीत देवनाथ द्वारा संचालित 'छत्रपति शिवाजी सांस्कृतिक मंच' के कार्यों की भी शिवसेना के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सराहना की है। उल्लेखनीय है कि शिवसेना के संस्थापक हिंदू हृदयसम्राट श्रद्धेय बालासाहेब ठाकरे के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर संजीत देवनाथ 1 अक्टूबर 2010 से एक शिवसैनिक के रूप में कार्य करते आ रहे हैं।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा धूमधाम से मनाई गई बाबू बालेश्वर लाल की 39 वीं पुण्यतिथि



**जसराना-** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील जसराना की इकाई ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जनक और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थावीपक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी की 39वीं पुण्य तिथि पर एक बैठक सम्पन्न की जिसमें उनके जीवन के विचारों को याद किया गया और सभी पत्रकार साथियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये जिसकी अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष शशवीर सिंह चक द्वार की गई और इसमे उपस्थित पत्रकार साथी सुरेश गिरि कोषाध्यक्ष हरदेश कुमार, तहसील महासचिव सुनील कुमार वकील साहब, मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र यादव, सदस्य तेजवीर सिंह सदस्य नरेंद्र कुमार सदस्य सचिन्द्र जैन उपाध्याय सागर गुप्ता सदस्य आदी लोग उपस्थित रहे।

### जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में हजारीबाग पुलिस का औचक निरीक्षण

**हजारीबाग, झारखंडः-** बीते रात्रि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अमन कुमार के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) के नेतृत्व में हजारीबाग पुलिस द्वारा जिले के दंडाधिकारी की उपस्थिति में जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार, हजारीबाग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर के विभिन्न संदिग्ध वार्डों की गहन जांच की गई तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। औचक निरीक्षण के दौरान जेल के अंदर मौजूद सभी पुलिसकर्मियों एवं जेल कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने जेल के भीतर और बाहर सतर्कता बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही हजारीबाग पुलिस से प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों को भी सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। निरीक्षण का उद्देश्य जेल की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकना बताया गया। हजारीबाग पुलिस द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के औचक निरीक्षण किए जाते हैं ताकि जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त बनी रहे। मौके पर पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मध्य प्रदेश में 25-25 हजार में दुल्हन लेने आये थे 42 दूल्हे,: हो गये शादी घोटाले के शिकार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य प्रदेश में शादी के बहाने की गई एक संगठित धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार मध्य प्रदेश के 42 दूल्हे अपनी शादी के दिन तैयार होकर पहुंचे—कुछ चमकीली शेरवानी, गेंदे के फूलों की माला और मिठाइयों से भरे स्टील के डिब्बे लिए हुए। लेकिन दुल्हनें कभी नहीं आईं, और बाद में इन आदमियों को एहसास हुआ कि वे एक नकली शादी के घोटाले का शिकार हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, रविवार को देवास में जो कुछ हुआ, वह सिर्फ़ एक वित्तीय धोखाधड़ी का मामला नहीं था, बल्कि उन दर्जनों आदमियों के लिए एक सार्वजनिक अपमान था, जो देवास और आस-पास के ज़िलों के गांवों और छोटे कस्बों से यह मानकर आए थे कि उनकी शादी होने वाली है। शाम तक, जश्न का मैदान गुस्से और अविश्वास के माहौल में बदल गया, जब परिवारों को एहसास हुआ कि वे शायद एक बड़े घोटाले में फंस गए हैं—जिसमें कथित तौर पर इंदौर के एक अनाथ आश्रम से दुल्हनें दिलाने का वादा करके लाखों रुपये ठगे गए थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह मामला शादी के बहाने की गई एक संगठित धोखाधड़ी का है। बैंक नोट प्रेस पुलिस स्टेशन की इंचार्ज प्रीति कटारे ने कहा, 'हमें कई युवकों से शिकायतें मिली हैं। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।' उन्होंने आगे कहा, 'आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी तलाश जारी है। हम उस अनाथ आश्रम से जुड़े दावों की भी पुष्टि कर रहे हैं, जिसके नाम का कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया था। ' हर दूल्हे ने बिचौलियों को 15,000 से 25,000 रुपये के बीच दिए थे, जिन्होंने देवास में एक 'सामूहिक विवाह समारोह' आयोजित करने का वादा किया था। कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें हफ़्तों पहले मोबाइल फ़ोन पर होने वाली दुल्हनों की तस्वीरें दिखाई गई थीं। दूसरों ने दावा किया कि उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि ये महिलाएँ गरीब या अनाथ परिवारों से हैं और तुरंत शादी करने को तैयार हैं। राहुल, जो हरनियाकलां गाँव से आए थे, ने कहा, 'हममें से हर किसी से रजिस्ट्रेशन फ़ीस के तौर पर 25,000 रुपये देने को कहा गया था। हमें बताया गया था कि दुल्हनें इंदौर के मातृ छाया आश्रम से हैं। जब हमने तस्वीरें माँगीं, तो आयोजकों ने हमें सोशल मीडिया से डाउनलोड की गई मॉडल्स की तस्वीरें भेज दीं। उन्होंने हमसे समारोह से एक दिन पहले देवास पहुँचने को कहा और भरोसा दिलाया कि सामूहिक विवाह अगले दिन सुबह होगा। उन्होंने दहेज का सामान देने का भी वादा किया था। लेकिन जब हम कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे, तो वहाँ कोई नहीं था, और बाद में सभी फ़ोन बंद हो गए,' मीना ने कहा। दूल्हों में से एक, अशोक ने कहा कि उन्हें 'सादे कपड़ों में आने का निर्देश दिया गया था क्योंकि दूल्हे के कपड़े और शादी की सभी रस्में वहीं आयोजित की जाएँगी '। उन्होंने कहा, 'उन्होंने हमसे खास तौर पर कहा था कि पहुँचने से पहले हल्दी या मेहंदी न लगाएँ क्योंकि सभी रस्में कार्यक्रम स्थल पर ही होंगी। ' ओम प्रकाश, जो अपने परिवार के साथ भोपाल से आए थे, ने कहा कि उन्होंने 'उन तस्वीरों में से दुल्हनें चुनीं जो हमें मोबाइल फ़ोन पर भेजी गई थीं '। 'हमने अपने भाई की शादी के लिए ऑनलाइन दस्तावेज़ जमा किए थे। हमारे पहुँचने के बाद, आयोजक हमसे लगातार कहते रहे कि मैडम दुल्हनों के साथ रास्ते में हैं, लेकिन आधी रात तक कोई नहीं आया,' उन पुरुषों में से एक की बहन राजकुमारी ने कहा। 'कई दूल्हों ने यहाँ आने के लिए गाड़ियाँ किराए पर ली थीं, और कई परिवारों ने शादी के लिए रिश्तेदारों और मेहमानों को बुलाया था। सभी को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। ' एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना 24 मई को सामने आई, और धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज किया गया। 'मुख्य आरोपी मुकेश और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हम उनके काम करने के तरीके (modus operandi) के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। चूँकि आरोपी विदिशा ज़िले के रहने वाले हैं, इसलिए आगे की जानकारी इकट्ठा करने के लिए वहाँ भी एक टीम भेजी गई है,' अधिकारी ने कहा।

## सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी: 100 करोड़ की ज़मीन 10 करोड़ में बेच दी

**● नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड केस में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक से इनकार**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** एनईएसईएल (नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड) घोटाले से जुड़ी हरियाणा की एक ज़मीन की नीलामी पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर सवाल उठाते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि करीब 100 करोड़ की ज़मीन को 'संदिग्ध प्रक्रिया' के जरिए केवल 10 करोड़ में बेचा गया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच क्विकर रियल्टी नामक वैल्यूअर कंपनी की याचिका सुन रही थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कंपनी को 5 साल के लिए ब्लैकलिस्ट करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने टिप्पणी कीः '100 करोड़ की संपत्ति को 10 करोड़ में बेच दिया गया और खरीदार उसी इलाके का निजी बिल्डर था। ऐसे में आप यहां किस आधार पर आए हैं? ' मामला हरियाणा की 35 एकड़ ज़मीन से जुड़ा है, जिसकी शुरुआती कीमत 74 करोड़ से अधिक आंकी गई थी। बाद में नई वैल्यूएशन रिपोर्ट में इसे कृषि भूमि मानते हुए कीमत घटाकर करीब 10 करोड़ कर दी गई और उसी रकम में नीलामी कर दी गई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि ज़मीन को गलत तरीके से कृषि भूमि घोषित किया गया, जबकि वह रिहायशी क्षेत्र में स्थित थी। कोर्ट ने इसे 'घोटाले के भीतर घोटाला' बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी वैल्यूएशन प्रक्रिया पर गंभीर चिंता जताई। जस्टिस बागची ने सवाल किया कि सिर्फ निर्माण लाइसेंस खत्म होने से रिहायशी ज़मीन कृषि भूमि कैसे बन सकती है। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड से प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताएं सामने आती हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने MPID कोर्ट्स के कामकाज पर भी नाराज़गी जताई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि एक मामले में सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर के बावजूद बिक्री विलेख जारी किए गए थे। उन्होंने इसे गंभीर भ्रष्टाचार बताया। आखिर में क्विकर रियल्टी ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी ताकि वह हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश पर रोक देने से साफ इनकार कर दिया।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन महानगर इकाई द्वारा बालेश्वर लाल जी की 39 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**फिरोजाबाद -** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बालेश्वर लाल की 39 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन रामनगर स्थित शिव मांटेसरी पब्लिक स्कूल रामनगर फिरोजाबाद पर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के आगरा मंडल अध्यक्ष अखलेश सक्सेना द्वारा बालेश्वर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बारी बारी बाबू बालेश्वर लाल जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर अपनी अपनी श्रद्धांजलि दी। मंडल अध्यक्ष अखिलेश सक्सेना द्वारा बाबू बालेश्वर लाल के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से एक छोटे से कस्बे से प्रारंभ हुई दीपक की ज्योति आज पूरे भारतवर्ष में सूर्य के सामान प्रकाशित हो रही है। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जब बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की स्थापना की थी तो उन्होंने उसको पत्रकारों के हित के लिए बनाया था। बाबूजी का सपना था कि देश के प्रत्येक पत्रकार को न्याय मिले तथा जो सुविधाएं एक पत्रकार को मिलनी चाहिए वह मिले। उन्होंने बताया कि बाबूजी द्वारा लगाया गया एक छोटा सा पौधा एक वट वृक्ष के समान पूरे देश में फैल चुका है। जिला महासचिव अनिल कुमार झा ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन भारतवर्ष का सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन है जो कि पत्रकारों के हित के लिए दिन-रात कार्यरत रहता है और एक आम पत्रकार के बाद को मुख्य पटल पर रखने का कार्य करता है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन एक परिवार की तरह कार्य करता है जो अपने प्रत्येक पत्रकार साथी का ध्यान रखना है। आज के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, फिरोजाबाद जिला अध्यक्ष डी के सिंह, जिला महासचिव अनिल कुमार झा, महानगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष दुर्गेश चितौड़ी, सुशील ओझा, सुनील राठौर, विजय प्रताप सिंह, संदीप सविता, ज्ञान प्रकाश सिंह, विक्रम सागर, सज्जन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## बघमरा वी पैक्स केन्द्र पर पुलिस की उपस्थित मे वितरित की गई खाद

**भारी संख्या मे सुवह से ही लाइन मे खाद लेने के लिये खडे रहे किसान**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** गोला तहसील क्षेत्र के गांव बघमरा मे सहकारी समिति वी पैक्स केन्द्र पर खाद लेने के लिये सुवह लगभग आठ बजे से किसान अपने अपने खाद लेने के कागजातो को लेकर धूप मे खडे रहे, जैसे ही सचिव मदन लाल भारती अपने स्टाफ के साथ खाद वितरित करने के लिये अपने आफिस मे घुसे वैसे ही हजारो की संख्या मे पहले हमको पहले हमको को दिये जाने को लेकर विवाद हो गया,जिसके पश्चात सचिव ने हैदराबाद पुलिस को फोन कर मौके पर बुलाया,इसके पश्चात सचिव के अनुसार लगभग सौ किसानो को टोकेन दे कर खाद का वितरण काराया, वही प्रति किसान को ऐक ऐकड के हिसाब से तीन खाद का वितरण किया जा रहा है। मदन लाल भारती, सचिव सहकारी समित बी पैक्स केन्द्र बघमरा खीरी ने बताया कि खाद का स्टाक पर्याप्त रूप मे मौजूद है,फिगर प्रिंट मशीन मे सरबर की खराबी के चलते व्यवधान आ रहा है।

## सेमरई में 42 लाख की सनसनीखेज चोरी, 6 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**● पीड़ित परिवार ने की एस आईटी जांच की मांग**

**रात्रि गश्त पर उठे सवाल, दहशत में पूरा गांव; कोटेदार बोले- 'पाई-पाई जोड़कर बनाई पूंजी लुट गई, कानून से भरोसा उठ रहा '**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी/** थाना हैदराबाद क्षेत्र की ढकवा पुलिस चौकी अंतर्गत सेमरई गांव में 21 मई की रात हुई करीब 42 लाख रुपये की बड़ी चोरी का पुलिस 6 दिन बाद भी खुलासा नहीं कर सकी है। वारदात के बाद से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है और गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठाते हुए एस आईटी जांच की मांग की है। 21 मई बृहस्पतिवार की रात अज्ञात चोरों ने सेमरई गांव के कोटेदार चंद्र प्रकाश मिश्रा के घर को निशाना बनाया। चोर मकान के पीछे खिड़की की ग्रिल तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने सो रहे परिवार के सदस्यों के कमरों के दरवाजे बाहर से कपड़े व रस्सी से बांध दिए। चोरों ने दो कमरों की अलमारी और बक्से तोड़कर क़रीब 40 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, 2 लाख रुपये नकद और लाइसेंसी बंदूक तक उठा ली। हालांकि चोर अज्ञात कारणों से बंदूक को घर के बाहर ही फेंक गए, लेकिन बाकी सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक और सीओ गोला रमेश कुमार तिवारी ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया था। पुलिस ने आस-पास के गांवों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और विशेष टीम गठित कर जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई के नाम पर केवल सड़कों पर टहलती दिख रही है। कोटेदार चंद्र प्रकाश मिश्रा ने बताया, 'मेरे दोनों बेटों और बहुओं ने अध्यापक की नौकरी से, और मैंने दिन-रात पसीना बहाकर पाई-पाई जोड़कर परिवार के लिए संपत्ति जमा की थी। जब वही पूंजी कुछ पलों में शातिर अपराधियों द्वारा लूट ली जाए और प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई न दिखे, तो कानून व्यवस्था से आम लोगों का भरोसा उठने लगता है। ' गांव वालों का कहना है कि अगर पुलिस रात में नियमित गश्त करती तो शायद इतनी बड़ी वारदात न होती। गांव के बाहरी छोर पर बने घर पहले से ही असुरक्षित हैं। घटना के बाद से ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि जब एक कोटेदार का घर सुरक्षित नहीं, तो आम आदमी का क्या होगा?

**पीड़ित परिवार की प्रमुख मांगें**

SIT गठित होः मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच के लिए विशेष जांच टीम बनाई जाएरात्रि गश्त बढ़ेः ग्रामीण इलाकों में पुलिस की रात्रि गश्त तत्काल बढ़ाई जाए उच्च स्तरीय निगरानीः स्कस्तर के अधिकारी खुद इस मामले की मॉनिटरिंग करें इस संबंध में ढकवा चौकी इंचार्ज जय नारायण यादव ने बताया, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ संदिग्ध नंबरों पर काम किया जा रहा है। अभी तक घर के सामने से कोई गाड़ी जाती नहीं मिली है। हम लोग लगे हुए हैं, कहीं से कुछ तो मिल जाए। रिस्पांस अभी शून्य है। तीन टीमें गठित की गई हैं। जल्द खुलासा किया जाएगा। ' इस बड़ी चोरी के बाद से न सिर्फ पीड़ित परिवार, बल्कि पूरा गांव सदमे और दहशत में है। 6 दिन बाद भी पुलिस की तरफ से कोई ठोस प्रगति सामने न आना उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। ग्रामीण पूछ रहे हैं कि सीसीटीवी फुटेज और गठित टीमों ने अब तक क्या किया? क्या पुलिस सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित है?

## अंतरिक्ष में नई उड़ानः आसमान में उड़ा भारत का पहला स्वदेशी सुपर-प्रेशर बैलून

**● 1रेड बैलून एयरोस्पेस ने विजयवाड़ा से भारत का पहला स्वदेशी सुपर-प्रेशर बैलून (एसपीबी) लॉन्च किया, जो लगभग 25 किमी की ऊंचाई तक पहुंचा।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** रेड बैलून एयरोस्पेस ने बुधवार को देश का पहला स्वदेशी सुपर-प्रेशर बैलून (एसपीबी) लांच किया, जिसमें सात राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के व्यावसायिक पेलोड ले जाए गए। एसपीबी हाई एल्टीट्यूड वाले गुब्बारे होते हैं। विजयवाड़ा के इंदिरा गांधी स्टेडियम से लांच किया गया एसपीबी (विस्टा) लगभग 25 किमी की ऊंचाई तक पहुंचा।

**पहला स्वदेशी सुपर-प्रेशर बैलून लॉन्च**

रेड बैलून एयरोस्पेस के सह-संस्थापक और सीईओ सीवीएस किरण ने कहा, 'यह मिशन सुपर-प्रेशर बैलून की क्षमता को साबित करने के लिए लांच किया गया, जो भारत में पहले कभी नहीं किया गया।' हालांकि, बुधवार को लांच गुब्बारा 24 घंटे तक आकाश में रहने की उम्मीद है, लेकिन कंपनी का लक्ष्य महीनों तक हवा में रहने में सक्षम एसपीबी विकसित करना है। यह मिशन महत्वपूर्ण है, क्योंकि एसपीबी सेटेलाइट की तुलना में कई फायदे प्रदान करते हैं। उदाहरण के लिए, एसपीबी बहुत सस्ते होते हैं और सेटेलाइट द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों को करने में सक्षम होते हैं।

**एयरोस्पेस ने विजयवाड़ा से प्रक्षेपण**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन



नायडू ने भारत के पहले सुपर प्रेशर बैलून के लांच में भाग लिया और इसे अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी में भारत की तीव्र प्रगति के बीच देश और आंध्र प्रदेश दोनों के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया।

उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के कारण आज हम अंतरिक्ष क्षेत्र में आठ अरब डालर का उद्योग हैं। अगले दशक में ही हमारा लक्ष्य 40 अरब डालर का अंतरिक्ष उद्योग बनना है।'

## रणवीर की 'सीक्रेट डील' पर फरहान अख्तर ने फेरा पानी, डॉन 3 विवाद में नई पहेली?

**● फिल्म डॉन 3 का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस मामले में एक अहम जानकारी सामने आ रही है, जो आपको चौंका देगी।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**दिल्ली।** फिल्म डॉन 3 को लेकर सुर्खियों का बाजार काफी गर्म है। जिसकी वजह अभिनेता रणवीर सिंह का इस मूवी को छोड़ना है। बाद में इस मामले को लेकर डॉन 3 के निर्माता फरहान अख्तर ने अपनी नाराजगी व्यक्त की और मामले को फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (FWICE) तक लेकर गए। FWICE की हाई लेवल की मीटिंग के बाद रणवीर सिंह पर बैन लगाने का एलान किया गया। अब खबर आ रही है कि डॉन 3 को छोड़ने के बदले में रणवीर ने फरहान को सीक्रेट डील ऑफर की थी, जिसे खुन्नस में आकर उन्होंने रिजेक्ट कर दिया था।

**क्या थी रणवीर सिंह की सीक्रेट डील?**

साल 2023 में मेकर्स की तरफ से डॉन 3 का आधिकारिक एलान किया गया था, जिसमें रणवीर सिंह डॉन के किरदार में मौजूद रहे। फिर अचानक से रणवीर ने फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के एक्सेल एंटरटेनमेंट बैनर तले बनने वाली डॉन 3 को छोड़ दिया, जिसकी वजह से मेकर्स को बड़ा झटका लगा। फरहान ने एफडब्यूआईसीई में रणवीर सिंह की शिकायत की और नाराजगी व्यक्त की। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के अनुसार रणवीर सिंह की टीम ने फरहान अख्तर और अन्य के साथ इस मामले को सुझलाने की भरपूर कोशिश की। रिपोर्ट के आधार पर रणवीर की तरफ से एक्सेल एंटरटेनमेंट को 35 करोड़ का एक बड़ा ऑफर दिया गया। जिसमें डील ये थी कि रणवीर सिंह फरहान और अन्य को 10 करोड़ की धनराशि वापस करेंगे, इसके अलावा वह एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले भविष्य में उनके साथ बनने वाली किसी भी मूवी में 25 करोड़ का डिस्कॉउंट भी रखेंगे। लेकिन फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने रणवीर सिंह की इस डील को ठुकरा दिया। हालांकि, जागरण इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं करता है। फरहान और रितेश के दावे के आधार पर डॉन 3 से रणवीर के अचानक से बाहर होने की वजह से उन्हें न सिर्फ पैसे और बल्कि प्रोफेशनल तौर पर भी काफी नुकसान हुआ है।

**नहीं करेंगे रणवीर सिंह के साथ काम**

एक्सेल एंटरटेनमेंट के मालिक फरहान अख्तर और रितेश सिधावानी ने फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (FWICE) से अपनी शिकायत में ये साफ किया है कि वह भविष्य में कभी भी रणवीर सिंह के साथ कोई भी नहीं बनाएंगे।

## बकरीद से पहले 85 लाख खर्च कर जैन समाज ने 650 बकरों को खरीदा

**● कुर्बानी से बचाने का चला रहे अभियान**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** ईद-उल-अजहा पर कुर्बानी के लिए मुस्लिम इलाकों में बकरों की खरीद जोरों पर है। इस बीच 'अहिंसा परमो धमः' के परम वाक्य को आत्मसात करते हुए जैन समाज की एक टोली कुर्बानी के लिए बिक्री को आ रहे बकरों को जीवनदान देने की मुहिम चला रखी है। ऐसे ही एक अभियान में जैन समाज की एक टोली जीव दया संस्थान के माध्यम से दिल्ली व उप्र से तीन-चार दिनों में ही बकरीद के लिए लगी मंडी से 650 से अधिक बकरों की खरीदारी कर ली है। बुधवार को भी यह अभियान जारी रहा। टोली के एक सदस्य के अनुसार, यह क्रम बकरीद के दिन भी जारी रहेगा। कोशिश होगी कि इस बकरीद पर एक हजार बकरों की खरीदारी हो जाए। इस टोली ने 650 बकरों की खरीद पर अब तक करीब 85 लाख रुपये खर्च किए हैं। जो खुद से तथा समाज से जुटाए हैं। यह टोली मुख्य रूप से एक हफ्ते से सक्रिय है और सीलमपुर, जामा मस्जिद समेत दिल्ली के कई अन्य मुस्लिम क्षेत्रों के साथ ही



उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर स्थित गुलावठी बकरा मंडी, बागपत, रामपुर, मथुरा समेत अन्य जिलों के बकरा मंडी से ये बकरे खरीदे हैं। इन बकरों को पूरी कीमत चुकाकर उन्हें खरीदा जा रहा है। विशेष बात कि जैन समाज की इस मुहिम में दो मुस्लिम युवक भी साथ दे रहे हैं। वह मंडियों से बकरों की खरीद में और उनके स्वास्थ्य की पहचान में मदद कर रहे हैं। जैन समाज न सिर्फ बकरों को जीवनदान दे रहा है, बल्कि उन्हें आजीवन बच्चों की तरह पालने का संकल्प लिया है। दिल्ली व उत्तर प्रदेश के बकरा मंडियों से यह बकरे खरीदकर उत्तर प्रदेश के बागपत के अलीनगर सराय में बने बकराशाला में रखा जा रहा है। जहां उनके लिए पर्याप्त स्थान है। वैसे, जीव दया संस्थान पिछले करीब 10 वर्ष से इस अभियान में लगी है तथा अब तक करीब 8,000 बकरों को कुर्बानी से बचा लिया है। जीव दया संस्थान के अध्यक्ष मनोज जैन के अनुसार, यह अभियान किसी धर्म की मान्यताओं के खिलाफ नहीं है, बल्कि, भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो' संदेश के प्रति समर्पण है। जिसके तहत न सिर्फ बकरे, बल्कि, मछली व अन्य पशु-पक्षी को बचाने की कोशिश अनवरत चल रही है।

## दिल्ली में पानी की किल्लत बरकरार, लक्ष्य से 100 एमजीडी कम मिल रहा पेयजल



**दिल्ली।** वजीराबाद जलाशय का जलस्तर गिरने से राजधानी के कई क्षेत्रों में पानी की समस्या बनी हुई है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि हरियाणा द्वारा पहले की तुलना में अधिक पानी छोड़ने के बावजूद समस्या बनी हुई है। समर एक्शन प्लान जारी करते समय दिल्ली सरकार ने 1002 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा था। इसकी तुलना में दिल्ली में सभी जल शोधन संयंत्रों और ट्यूबवेल से लगभग 902 एमजीडी पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इस तरह से निर्धारित लक्ष्य से दिल्लीवासियों को लगभग 100 एमजीडी कम पानी मिल रहा है। वजीराबाद जलाशय का सामान्य जलस्तर 674.5 फीट होना चाहिए। इसकी तुलना में यह 669 फीट के आसपास है। इससे 134 एमजीडी क्षमता वाले वजीराबाद और 98 एमजीडी क्षमता वाले चंद्रावल डब्ल्यूटीपी से लगभग 30 प्रतिशत कम पेयजल मिल रहा है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हरियाणा सरकार से बात की है। उसके बाद हरियाणा से कैरियर लाइन नहर (सीएलसी) और दिल्ली उप-शाखा (डीएसबी) के माध्यम से 979.5 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पहले लगभग 900 क्यूसेक पानी आ रहा था। अधिक पानी छोड़े जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है क्योंकि दोनों संयंत्रों तक पानी पहुंचने में अभी दो दिन लगेंगे। वजीराबाद जलाशय का जलस्तर बढ़ाने के लिए यमुना में अधिक पानी आना चाहिए। दो प्रमुख डब्ल्यूटीपी के क्षमता के अनुसार नहीं चलने से उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और दक्षिणी दिल्ली के कई क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति है। कहीं पानी नहीं आ रहा है तो कहीं कम। सिविल लाइंस, माडल टाउन, हिंदू राव अस्पताल क्षेत्र, कमला नगर, शक्ति नगर, करोलबाग, पहाड़गंज और एनडीएमसी क्षेत्र तथा दिल्ली छावनी और आसपास के कुछ क्षेत्र सहित कई स्थानों पर लोग पानी के लिए परेशान हैं।